नेट वर्थ पर प्रतिलाभ : शुद्ध लाभ/नेटवर्थ (पूनर्मूल्यांकन प्रारक्षित राशि एवं अर्मूत आस्तियों को छोड़कर)
आस्तियों पर प्रतिफल : शुद्ध लाभ/कुल आस्तियां
औसत आस्तियों पर प्रतिलाभ : शुद्ध लाभ/एडब्ल्यूएफ
अग्रिमों से आय : अग्रिमों पर अर्जित ब्याज/औसत अग्रिम
जमाराशियों की लागत : जमाराशियों पर प्रदत्त ब्याज को औसत जमाराशियों से भाग दें
लाभांश भुगतान अनुपात : कार्पोरेट लाभांश कर सहित लाभांश/शुद्ध लाभ (कार्पोरेट लाभांश कर सहित)
ऋण जमा अनुपात : कुल अग्रिम/ग्राहकों की जमाराशियां (यथा कुल जमाराशियां - अंतर बैंक जमाराशियां)
ऋण + गैर सांविधिक तरलता अनुपात निवेश
(अनुषंगी इकाइयों में निवेश को छोड़कर)
जमाराशि अनुपात : कुल अग्रिम+गैर एस एल आर निवेश - अनुषंगी इकाइयों में निवेश/ग्राहकों की जमा राशियां
प्रति कर्मचारी कारोबार : औसत जमाराशियां (बैंक जमाराशियों को छोड़कर) + औसत अग्रिम/कर्मचारियों की कुल संख्या
प्रति कर्मचारी सकल लाभ : कर्मचारियों की कुल संख्या से सकल लाभ को भाग दें
प्रति कर्मचारी शुद्ध लाभ : शुद्ध लाभ/कर्मचारियों की कुल संख्या
प्रति शाखा कारोबार : औसत जमाराशियां (बैंक जमाराशियों को छोड़कर)+औसत अग्रिम को शाखाओं की संख्या से भाग दें
प्रति शाखा सकल लाभ : सकल लाभ/शाखाओं की संख्या
प्रति शाखा शुद्ध लाभ : शुद्ध लाभ/शाखाओं की संख्या
प्रति शेयर आय : शुद्ध लाभ को इक्विटी से विभाजित कर दस से गुणा करें
प्रति शेयर बही मूल्य : नेटवर्थ (पुनर्मूल्यांकन प्रारक्षित राशि एवं अमूर्त आस्तियों को छोड़कर)/को इक्विटी से विभाजित कर दस से गुणा करें

सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के शेयरधारकों की 8 वीं वार्षिक साधारण सभा शुक्रवार, 2 जुलाई, 2010 को शाम 4.00 बजे रामा वाटुमल ऑडिटोरियम, के सी कालेज, दिनशा वाच्छा रोड, चर्चगेट, मुंबई - 400 020 में निम्नलिखित कार्यों के लिए आयोजित की जाएगी.

मद क्र. 1

दिनांक 31 मार्च 2010 के तुलन पत्र तथा उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए लाभ व हानि लेखा, लेखों में कवर की गयी अवधि के लिए बैंक की गतिविधियों तथा कार्यकलापों पर निदेशक बोर्ड की रिपोर्ट तथा तुलन पत्र और लेखों पर लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट पर चर्चा.

मद क्र.2

वित्तीय वर्ष 2009-2010 के लिए इक्विटी शेयरों पर लाभांश की घोषणा करना.

निदेशक बोर्ड के आदेश से

(एम. वी.नायर)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थान : मुंबई.
दिनांक : 18 मई, 2010

नोट :

(i) **परोक्षी की नियुक्ति**

बैठक में भाग लेने तथा वोट देने के हकदार शेयरधारक अपने स्थान पर भाग लेने तथा वोट देने हेतु एक परोक्षी नियुक्त कर सकते हैं और आवश्यक नहीं कि ऐसा परोक्षी बैंक का शेयरधारक हो. परोक्षी फार्म को प्रभावी बनाने के लिए वह बैंक के प्रधान कार्यालय में वार्षिक साधारण सभा की तिथि से कम से कम चार दिन पूर्व अर्थात् शनिवार, 26 जून, 2010 की कार्य-समाप्ति अर्थात् दोपहर 2.00 बजे तक या उससे पूर्व अवश्य प्राप्त होना चाहिए.

(ii) **प्राधिकृत प्रतिनिधि की नियुक्ति**

किसी कंपनी या किसी निकाय, निगम जो बैंक के शेयरधारक हैं, के विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कोई व्यक्ति बैठक में उपस्थित रहने या वोट देने के लिए तब तक पात्र नहीं हो सकता, जब तक उसे विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त करने के संकल्प की प्रति उस बैठक, जिसमें वह संकल्प पारित किया गया है, के अध्यक्ष द्वारा प्रमाणित सत्य प्रति को बैंक के प्रधान कार्यालय में वार्षिक सामान्य बैठक की तिथि से कम से कम चार दिन पूर्व अर्थात् शनिवार, 26 जून, 2010 की कार्य-समाप्ति अर्थात् दोपहर 2.00 बजे तक या उससे पूर्व जमा न करा दिया गया हो.

(iii) **उपस्थिति पर्ची-सह-प्रवेश पत्र**

शेयरधारकों की सुविधा के लिए उपस्थिति पर्ची-सह-प्रवेश पत्र इस सूचना के साथ संलग्न है, शेयरधारकों / परोक्षियों/ प्राधिकृत प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे उपस्थिति पर्ची-सह-प्रवेश पत्र में निर्धारित स्थान पर अपने हस्ताक्षर करें तथा उसे बैठक के स्थान पर सौंप दें. शेयरधारक के परोक्षी/ प्रतिनिधि द्वारा उपस्थिति पर्ची पर 'परोक्षी' या 'प्राधिकृत प्रतिनिधि' जैसी भी स्थिति हो, का उल्लेख किया जाना चाहिए.

(iv) **बुक क्लोजर**

वार्षिक साधारण बैठक के उद्देश्य एवं लाभांश की पात्रता का पता लगाने के लिए बैंक के शेयरधारकों का रजिस्टर तथा शेयर अंतरण रजिस्टर शनिवार दिनांक 26 जून, 2010 से शुक्रवार दिनांक 2 जुलाई, 2010 (दोनों दिन को मिलाकर) तक बंद रहेगा.

(v) **लाभांश का भुगतान**

बैंक के निदेशक मंडल द्वारा यथा प्रस्तावित शेयरधारकों के लिए लाभांश का भुगतान भौतिकरूप में रखने वाले उन शेयरधारकों को किया जाएगा जिनके नाम बैंक के सदस्यों के रजिस्टर में दि. 02 जुलाई 2010 को दर्ज है तथा डीमैट शेयरों के मामलों में, दिनांक 25 जून , 2010 को कारोबार समाप्ति पर डिपॉजिटरी द्वारा प्रदत्त सूचना के अनुसार हिताधिकारी स्वामित्व के आधार पर ही प्रस्तावित लाभांश का भुगतान किया जाएगा तथा लाभांश वारंट वार्षिक साधारण बैठक की तारीख से 30 दिनों के भीतर प्रेषित/जमा किया जाएगा.

(vi) **अंतरण**

अतंरण विलेख के साथ शेयर प्रमाणपत्र रजिस्ट्रार तथा शेयर अंतरण एजेंट को अंतरण हेतु भेजा जाना चाहिए.

(vii) **राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक समाशोधन सेवा (एनईसीएस)/ यूनियन बैंक खाते में सीधे जमा के माध्यम से लाभांश के भुगतान के लिए बैंक मैन्डेट**

ए) शेयरधारकों को अपना बैंक खाता क्रमांक, एम आई सी आर चेक पर अंकित 9 अंकों का एमआईसीआर कोड, बैंक तथा शाखा का नाम प्रस्तुत करना होगा, जहां वे अपना लाभांश वारंट नकदीकरण के लिए जमा करना चाहते हों. यदि लाभांश की राशि सीधे शेयाधारकों के खाते में जमा न की जा रही हो, तो लाभांश वारंट के चेक के हिस्से पर शेयरधारक के नाम के अलावा खाता संख्या भी मुद्रित की जाएगी ताकि लाभांशों का कपटपूर्ण नकदीकरण टाला जा सके. भौतिक रुप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों को उक्त जानकारी प्रथम / एकल शेयरधारक द्वारा उनका फोलियो क्रमांक दर्शाते हुए रजिस्ट्रार तथा अंतरण एजेंट को सीधे एवं डीमैट फार्म में शेयर रखने वाले शेयरधारकों को संबंधित डिपॉज़िटरी सहभागी को प्रस्तुत की जानी चाहिए.

बी) बैंक लाभांश भुगतान के लिए ये सुविधाएं भी प्रदान करता है :

i) राष्ट्रीय इलेक्ट्रानिक समाशोधन सेवा

ii) यूनियन बैंक खाताधारकों के खातों में सीधे जमा

यह सुविधा शेयरधारक द्वारा लाभांश के जमा को प्राप्त करने के लिए बैंक आदेश प्रणाली के स्थान पर प्रयोग की जा सकती है. विकल्प फॉर्म इस रिपोर्ट के साथ भी संलग्न है और बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in पर भी उपलब्ध है.

(viii) अदावाकृत लाभांश, यदि कोई है.

ऐसे शेयरधारक, जिन्होंने पिछली अवधियों के अपने लाभांश वारंट, यदि कोई हैं, का नकदीकरण नहीं कराया है या लाभांश प्राप्त नहीं किया है, उनसे अनुरोध है कि वे डुप्लीकेट लाभांश वारंट जारी करने के लिए बैंक शेयर अंतरण एजेंट से संपर्क करें. संबंधित क्षतिपूर्ति बांड बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in पर भी उपलब्ध है.

बैंक कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970 में नयी शामिल की गई धारा 10बी के अनुसार 7 वर्ष की अवधि के अप्रदत्त या अदावाकृत रहने वाली लाभांश की राशि कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 205सी के अधीन केंद्र सरकार द्वारा स्थापित निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि (आईईपीएफ) को अंतरित की जानी अपेक्षित है तथा उसके उपरांत लाभांश के भुगतान के संबंध में बैंक या आईईपीएफ को किसी भी प्रकार का दावा नहीं किया जाएगा.

(ix) पते / बैंक ब्यौरों / बैंक खाता मैन्डेट में परिवर्तन की सूचना :

(क) जिनके पास भौतिक रुप में शेयर उपलब्ध हैं :

जिन शेयरधारकों के पास भौतिक रुप में शेयर मौजूद हैं, उनसे अनुरोध है कि उनके पंजीकृत पते और / या बैंक खाते में यदि कोई परिवर्तन हो तो वे इसकी सूचना बैंक के रजिस्ट्रार तथा शेयर अंतरण एजेंट को निम्न पते पर दें :

डाटामैटिक्स फायनांशियल सर्विसेज लि.,
यूनिट : यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
प्लॉट क्र. ए-16 एवं 17, पार्ट बी, क्रॉस लेन, एमआईडीसी,
अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400 093.

(ख) जिनके पास डीमैट रुप में शेयर उपलब्ध हैं :

डीमैट रुप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि उनके पंजीकृत पते तथा बैंक मैनडेट / ब्यौरे में कोई परिवर्तन होने की स्थिति में उसकी सूचना केवल अपने डिपॉजिटरी सहभागी(गियों) को दें.

(x) निवासी स्थिति में परिवर्तन

अनिवासी भारतीय शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित के बारे में बैंक के शेयर अंतरण एजेंट डाटामैटिक्स फायनांशियल सर्विसेज लि. को तत्काल सूचित करें.

ए. स्थायी निवास हेतु भारत वापसी पर निवासी स्थिति में परिवर्तन.

बी. भारत में संचालित बैंक खाते का पूर्ण विवरण यथा पूरा नाम, शाखा, खाते का स्वरुप, खाता संख्या तथा बैंक का पता, पिन कोड आदि यदि पहले नहीं दिया गया हो.

(xi) फोलियो का समेकन

एक से अधिक खाते में एक जैसे नाम से या नामों से उसी क्रम में संयुक्त नाम से भौतिक रुप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे उन सभी शेयरों का एक ही खाते में समेकन करने हेतु अपने शेयर प्रमाणपत्र बैंक के शेयर अंतरण एजेंट डाटामैटिक्स फायनांशियल सर्विसेज लि.को प्रेषित करें.

(xii) शेयरधारक / परोक्षीधारक / प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वार्षिक साधारण सभा में आते समय वे वार्षिक रिपोर्ट तथा नोटिस की प्रतियां अपने साथ लाएं.

(xiii) शेयरधारक अपने लेखों पर किसी भी प्रकार की जानकारी चाहते हों तो उनसे अनुरोध है कि वे बैंक को लिखें, जो वार्षिक साधारण बैठक की तारीख से कम से कम एक सप्ताह पहले प्राप्त हो जाना चाहिए ताकि प्रबंधन वह सूचना तैयार रख सके. उत्तर केवल वार्षिक साधारण सभा में ही दिये जाएंगे.

निदेशक बोर्ड के आदेश से

(एम. वी.नायर)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थान : मुंबई.
दिनांक : 18 मई, 2010

निदेशकों की रिपोर्ट

प्रिय शेयरधारक,

हमें लेखापरीक्षित तुलनपत्र, लाभ एवं हानि लेखा, नकद प्रवाह विवरण और 31 मार्च, 2010 को समाप्त वर्ष के कारोबार एवं परिचालन पर रिपोर्ट सहित 91वीं वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त हुआ है. कार्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट भी वार्षिक रिपोर्ट का एक भाग है.

विशिष्ट वित्तीय कार्यनिष्पादन

तालिका 1ः बैंक के संक्षिप्त वित्तीय आंकड़े (रु. करोड़ में)

	वि. व.2009	वि. व.2010	% वर्षानुवर्ष
कुल कारोबार	236968	291289	22.9
जमाराशियां	138703	170040	22.6
अग्रिम	98265	121249	23.4
कुल आय	13372	15277	14.2
ब्याज आय	11889	13302	11.9
अन्य आय	1483	1975	33.2
कुल व्यय	10290	11618	12.9
ब्याज व्यय	8076	9110	12.8
परिचालन व्यय	2214	2508	13.3
परिचालन लाभ	3082	3659	18.7
प्रावधान	1355	1584	16.9
शुद्ध लाभ	1727	2075	20.2
लाभांश	50%	55%	500आधार बिंदु
प्रति शेयर आय (रु.)	34.18	41.08	20.2
आय लागत अनुपात	41.81	40.66	-115आधार बिंदु

1. 31 मार्च, 2010 को बैंक का कुल कारोबार 31 मार्च, 2009 के रु.2.37 लाख करोड़ में 22.9% की वृद्धि के साथ रु.2.91 लाख करोड़ रहा. कारोबार वृद्धि में आस्तियों और देयताओं दोनों में खुदरा एवं कार्पोरेट ग्राहकों का व्यापक अंशदान था.

2. 31 मार्च, 2010 को समाप्त वित्तीय वर्ष में बैंक की कुल आय रु.15,277 करोड़ और शुद्ध लाभ रु.2075 करोड़ रहा जो पिछले वर्ष क्रमशः रु.13372 करोड़ और रु.1727 करोड़ थे. प्रति शेयर आय (ईपीएस) अनुपात पिछले वर्ष के रु.34.18 से सुधरकर रु.41.08 हो गयी जबकि आय लागत अनुपात पिछले वर्ष के 41.81 से कम होकर 40.66 रह गया.

लाभांश

1. आपके बैंक की लाभांश नीति भावी वृद्धि में मदद के साथ स्वस्थ पूंजी पर्याप्तता अनुपात को बनाए रखने के लिए लाभ के अंश को संयोजित करके शेयरधारकों को उचित रूप से पुरस्कृत करना है. तदनुसार, आपके बैंक के निदेशक पिछले वर्ष के 50% लाभांश की तुलना में 31 मार्च, 2010 को समाप्त वर्ष के लिए 55% लाभांश की सहर्ष सिफारिश करते हैं. लाभांश कर के साथ लाभांश की कुल रकम रु.325 करोड़ है.

पुरस्कार एवं प्रशस्तियां

समीक्षाधीन अवधि के दौरान आपके बैंक ने अग्रणी संगठनों से लगातार पुरस्कार एवं प्रशंसाएं प्राप्त की हैं. कुछ निम्नानुसार हैं :

i. एशियन बैंकर ने यूनियन बैंक को वर्ष 2009 में एशिया-पेसिफिक क्षेत्र में 7वें सबसे मजबूत बैंक का दर्जा दिया है. भारतीय बैंकों में आपके बैंक को नं.3 पर रखा गया है.

ii. आपका बैंक विपणन एवं ब्रांड सम्प्रेषण 2010 के लिए एसोसिएशन ऑफ बिजनेस कम्युनिकेशन ऑफ इंडिया (एबीसीआई) का स्वर्ण अवार्ड विजेता है. यह अवार्ड बैंक द्वारा की गई रूपांतरण प्रक्रिया के सम्मान में दिया गया है.

iii. बैंक को वित्तीय समावेशन पहलों के एक भाग के रूप में ''ग्राम ज्ञान केन्द्र'' की नवोन्मेषी विचारधारा के माध्यम से क्षमता निर्माण में उत्कृष्टता के लिए ''स्कोह चैलेंजर अवार्ड 2009'' प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया गया है.

iv. आपके बैंक को वर्ष 2008-08 के दौरान सूक्ष्म उद्यमों को ऋण प्रदान करने में उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया है.

v. बैंक को सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी कई पुरस्कार एवं प्रशस्तियां प्राप्त हुई हैं, जिनमें से कुछ इसप्रकार हैं :

   क. आईबीए टीएफसीआई'एस बैंकिंग टेक्नॉलाजी अवार्ड 2009 : बैंक ने आईबीए-टीएफसीआई द्वारा आयोजित बैंकिंग टेक्नॉलाजी अवार्ड 2009 में भाग लिया जिसमें बेस्ट यूज़र बिजनेस इंटेलीजेंस अवार्ड प्राप्त हुआ.

   ख. बैंक ने प्रमुख आईटी संवीक्षा कार्यान्वयन को पूरा किया और अपने डाटा सेंटर के लिए आईएसओ 27001 प्रमाणपत्र प्राप्त किया. यूनियन बैंक देश के उन कुछ बैंकों में से एक है जिसके पास यह प्रमाणपत्र है जो आईटी संवीक्षा प्रक्रिया की एक छाप है.

vi. आपका बैंक कैलेंडर वर्ष 2009 के लिए 275वां अत्यधिक मूल्यवान वैश्विक बैंकिंग ब्रांड बना. वर्ष 2008 में यह 351वें स्थान पर था.यह रेंकिंग ब्रांड फायनांस पीएलसी, एक स्वतंत्र अमूर्त आस्ति मूल्यांकन और ब्रांड कौशल वैश्विक फर्म द्वारा की गई है. यूनियन बैंक के लिए ब्रांड वैल्यू रेटिंग पिछले वर्ष बीबी (बीबी अर्थात् औसत) की तुलना में ए+ (ए अर्थात् मजबूत) है. कैलेंडर वर्ष 2009 में यूनियन बैंक की ब्रांड वैल्यू 148% बढ़ी है.

वित्तीय कार्यनिष्पादन

ए. कारोबार

1. आपके बैंक की रूपांतरण प्रक्रिया का पहला चरण - नव निर्माण - वर्ष 2006-07 में शुरु हुआ था. बैंक ने ग्राहक सेवा में वृद्धि, सक्षम प्रक्रियाओं के विकास, नेटवर्क के विस्तार और नये उत्पादों की ओर ध्यान केन्द्रित किया, जिससे कारोबार और लाभ के सुदृढ़ परिणाम मिले.

चार्ट 1 : जमाराशियां एवं अग्रिम



2. वित्तीय वर्ष 2006-07 से 2009-10 के दौरान बैंक के कारोबार की चक्रवर्धित वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) 25.1% रही, जमाराशियां 26.0% सीएजीआर और अग्रिम 23.9% सीएजीआर बढ़े. इसप्रकार, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के कारोबार में बैंक का बाजार का हिस्सा मार्च 2007 के अंतिम शुक्रवार (3.20%) और मार्च 2010 के अंतिम शुक्रवार (3.45%) के बीच 25 आधार अंक (बीपीएस) तक बढ़ा.

3. देयता साइड में कम लागत की चालू एवं बचत बैंक जमाराशियां (कासा) 29.4% बढ़ीं और कुल जमाराशियां 22.6% बढ़कर 31 मार्च, 2010 को 170040 करोड़ हो गईं. जिसके परिणामस्वरूप कासा का अनुपात 30.07% से बढ़कर 31.73% हो गया.

4. बैंक के ऋण 23.4% बढ़कर 31 मार्च, 2010 को 1,21,249 करोड़ हो गए. इसी प्रकार, बैंक का ऋण जमा अनुपात पिछले वर्ष के 73.22% से 49 आधार अंक (बीपीएस) बढ़कर 31 मार्च, 2010 को 73.71% हो गया.

5. बैंक की विदेशी शाखा (हांगकांग) ने रु.369.78 करोड़ की जमाराशियां जुटाईं और 31 मार्च 2010 को उसके ऋण रु.2976.61 करोड़ हो गए.

बी. लाभप्रदता

1. बैंक की कुल आय पिछले वर्ष के रु.13372 करोड़ से 14.25% बढ़कर 31 मार्च, 2010 को रु.15277 करोड़ हो गई. कुल व्यय पिछले वर्ष के रु.10290 करोड़ से 12.91% की कम दर से बढ़कर 31 मार्च, 2010 को रु.11618 करोड़ हो गए.

2. वर्ष के दौरान, सिस्टम में ऋण की निम्नतर मांग और उच्चतर तरलता ने निवेश के प्रतिलाभ के साथ-साथ अग्रिमों के प्रतिफल पर भी असर डाला. अग्रिमों पर प्रतिलाभ पिछले वर्ष के 11.06% के सामने 9.94% रहा. इसके फलस्वरूप, पिछले वर्ष के रु.11889 करोड़ के सामने ब्याज आय में 11.88% की अल्प वृद्धि के साथ यह 31 मार्च 2010 को रु.13302 करोड़ रही. अग्रिमों पर ब्याज पिछले वर्ष के दौरान रिपोर्ट किए गए रु.8893 करोड़ की तुलना में 9.03% बढ़कर रु.9696 रहा. निवेश पर ब्याज 6.32% की आय के साथ 23.0% बढ़कर रु.3482 करोड़ रहा.

3. बैंक ने लेनदेन लागतों को कम करने के लिए प्रौद्योगिकी के विकास और भावी आय के लिए क्षमता निर्माण में निवेश किया. बैंक के कुल व्यय पिछले वर्ष रु.10290 करोड़ की तुलना में 12.91% बढ़कर रु.11618 करोड़ रहे. कम-लागत की जमाराशियों पर ध्यान केन्द्रित करने के कारण जमाराशियों की लागत में 56 आधार अंक (बीपीएस) तक कमी आई. इस वर्ष ब्याज व्यय पिछले वर्ष के 26.96% की तुलना में 12.8% बढ़ा.

4. शुद्ध ब्याज आय 9.94% की वृद्धि के साथ पिछले वर्ष के रु.3813 करोड़ की तुलना में रु.4192 करोड़ रही.

5. बैंक के नवनिर्माण रूपांतरण ने शुल्क-आधारित आय को बढ़ाने में भी सहायता की. गैर-ब्याज आय 33.18% की वृद्धि के साथ रु.1975 करोड़ रही, जो पिछले वर्ष के दौरान रु.1483 करोड़ थी. कोर शुल्क-आधारित आय (ट्रेज़री, फोरेक्स और बट्टे खातों में वसूली से हुई आय को निकालकर) 32.74% की वृद्धि के साथ रु.896 करोड़ रही, जो पिछले वर्ष के दौरान रु.675 करोड़ थी. ट्रेज़री आय भी पिछले वर्ष के रु.321.4 करोड़ की तुलना में 78.18% बढ़कर रु.572.78 करोड़ रही.

तालिका 2: गैर ब्याज आय (रु. करोड़ में)

	वि.व.07	वि.व.08	वि.व.09	वि.व.10	% सीएजीआर
कोर शुल्क आधारित आय	279	505	675	896	46.80
ट्रेज़री आय	199	510	517	730	53.56
फोरेक्स लेनदेन से आय	108	128	143	166	15.92
बट्टे खातों में वसूली	101	177	148	183	21.01
कुल गैर-ब्याज आय	687	1320	1483	1975	42.19

6. परिचालन व्यय पिछले वर्ष के रु.2214 करोड़ की तुलना में रु.2508 करोड़ रहे. इनमें पिछले वर्ष 38.98% वृद्धि की तुलना में 13.28% निम्न वृद्धि हुई.

7. बैंक का परिचालन लाभ पिछले वर्ष के रु.3082 करोड़ से 18.72% की वृद्धि के साथ रु.3659 करोड़ रहा.

8. प्रावधान एवं आकस्मिकताओं के लिए आबंटन पिछले वर्ष के रु.1355 करोड़ की तुलना में 2009-10 के दौरान रु.1584 करोड़ थे. गैर-निष्पादक आस्तियों के लिए प्रावधान पिछले वर्ष के रु.546 करोड़ से रु.699 करोड़ तक बढ़ा, जिसमें तुलनपत्र को मजबूत करने के लिए रु.158 करोड़ का अस्थायी प्रावधान भी शामिल है.

9. भारतीय रिज़र्व बैंक के संशोधित मानदंड के अनुसार प्रावधान कवरेज अनुपात 74.02% रहा. भारतीय रिज़र्व बैंक ने यह अनिवार्य किया है कि बैंक सितंबर, 2010 से 70% का प्रावधान कवरेज अनुपात बनाए रखें. वर्ष के दौरान मानक आस्तियों के लिए प्रावधान रु.21 करोड़ (असुरक्षित निजी ऋणों के लिए नियामक अपेक्षाओं से रु.13 करोड़ ऊपर) रहा और कर के लिए प्रावधान रु.758 करोड़ रहा.

चार्ट 2 :परिचालन लाभ एवं शुद्ध लाभ



9. कर के बाद लाभ/शुद्ध लाभ पिछले वर्ष के दौरान हुए रु.1727 करोड़ की तुलना में बढ़कर रु.2075 करोड़ हुआ. गैर-ब्याज आय में हुई स्वस्थ वृद्धि की सहायता से स्थायी(कोर) कारोबारी परिचालनों में उत्साह ने शुद्ध लाभ में 20.15% वृद्धि प्राप्त करने में मदद की. वित्तीय वर्ष 2006-07 से 2009-10 के दौरान बैंक के परिचालन लाभ एवं शुद्ध लाभ की चक्रवर्धित वार्षिक विकास दर क्रमशः 22.3% और 34.9% है.

स्प्रैड विश्लेषण

1. अर्थव्यवस्था में सुधार की धीमी गति, ऋण की कम मांग और तरलता की अधिकता के रहते बैंक ने अपने बेंचमार्क मूल उधार दर (बीपीएलआर) को वर्ष के दौरान दो बार कम किया. 75 आधार अंकों की कुल कमी करने के कारण अग्रिमों पर एवं निधियों पर प्रतिलाभ कम हुआ. इसके अतिरिक्त, फरवरी 2010 के दौरान नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में 50 आधार अंक की बढ़ोत्तरी ने आय पर दबाव बनाया. निधियों से आय पिछले वित्त वर्ष में 8.78% से 8.04% पर आ गई.

2. आपके बैंक की औसत कार्यशील निधियां रु.1,35,452 करोड़ से बढ़कर रु.1,65,519 करोड़ हो गईं.बैंक के कम लागत की जमाराशियों पर ध्यान केन्द्रित करने ने जमाराशियों की लागत और निधि की लागत कम करने में मदद की.वर्ष के दौरान निधि की लागत 31 मार्च, 2009 के 5.96% से 31 मार्च, 2010 को 45 आधार अंक (बीपीएस)कम होकर 5.51% रह गई.

3. इसके कारण नेट ब्याज मार्जिन (एनआईएम) पिछले वित्त वर्ष के 3.24% से 53 आधार अंक की कमी के साथ वित्तीय वर्ष 2009-10 में 2.71 रहा. नेट ब्याज मार्जिन (एनआईएम) में कमी वर्ष के दौरान ऋण वृद्धि में कमी की प्रवृत्ति की परिचायक है जो पहली दो तिमाहियों के दौरान बनी रही. समग्र ऋण वृद्धि पिछले वर्ष से कम थी. तथापि, विवेकपूर्ण निधि प्रबंधन के कारण आपके बैंक नेट ब्याज मार्जिन (एनआईएम) में क्रमानुक्रम आधार पर निरंतर सुधार हुआ है : पहली तिमाही में 2.32%,दूसरी तिमाही में 2.42%, तीसरी तिमाही में 2.77% और चौथी तिमाही में 3.39%.

रेटिंग और पूंजी निर्माण

1. आपके बैंक ने टियर 1- स्थायी बांड, अपर टियर II बांड, लोअर टियर II बांड के लिए अच्छी रेटिंग प्राप्त की है. क्रिसिल ने अपनी 'एएए/स्टेबल' की रेटिंग की है. इन रेटिंग्स से लगातार यूनियन बैंक की बाजार में स्वस्थ स्थिति, सुविधाजनक संसाधन प्रोफाइल, पर्याप्त आय प्रोफाइल और संकट की घड़ी में अपने बहुसंख्यक शेयरधारकों एवं भारत सरकार से प्राप्त होने वाले समर्थन को प्रतिबिम्बित करता है. बैंक ने स्टैंडर्ड एंड पुअर'स (एस एंड पी) द्वारा की गई काउंटर पार्टी क्रेडिट रेटिंग के लिए स्टेबल आउटलुक 'बीबीबी-/ए-3' भी प्राप्त किया है.

2. इक्रा ने बैंक के लोअर टियर II बांड्स की रेटिंग एलएए+ से एलएएए विद स्टेबल आउटलुक अपग्रेड कर दी है. इक्रा ने बैंक के हाइब्रिड टियर बांड्स प्रोग्राम के लिए दी गई रेटिंग भी एलएए से एलएए+विद स्टेबल आउटलुक अपग्रेड कर दी है.

3. बैंक ने वित्तीय वर्ष 2009-10 के दौरान टियर I एवं टियर II के माध्यम से रु.1200 करोड़ की पूंजी जुटाई है.

पूंजी पर्याप्तता अनुपात

बासल II की रूपरेखा के अनुसार संगणित बैंक का कुल पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) 12.51% रहा, जो 9% के विनियामक बेंचमार्क से कहीं (काफी) ऊपर है. बैंक का टियर I सीएआर 7.91% है.

तालिका 3 : पूंजी पर्याप्तता अनुपात (रु. करोड़ में)

	वि.व.09	वि.व.10
कुल जोखिम भारित आस्तियां	95245	122598
पूंजी निधि	12639	15336
टियर I पूंजी	7794	9697
सीएआर - बासल II	13.27%	12.51%
टियर 1 (%)	8.19%	7.91%
टियर 2 (%)	5.08%	4.60%

शेयरधारकों को प्रतिलाभ

आपके बैंक की शुद्ध सम्पत्ति पिछले वर्ष रिपोर्ट की गई रु.6964 करोड़ से 25.76% बढ़कर रु.8758 हो गई है. प्रति शेयर बही मूल्य रु.137.87 से बढ़कर 173.38 हो गया है. इक्विटी पर प्रतिलाभ 23.69% रहा है और प्रतिशेयर आय पिछले वर्ष रिपोर्ट किए गए रु.34.18 से बढ़कर रु.41.08 हो गयी है. प्रतिशेयर आय की चक्रवर्धित वार्षिक विकास दर वित्तीय वर्ष 07 से वित्तीय वर्ष 10 के दौरान 34.9% बढ़ी है.

चार्ट 3 : शेयर धारकों को प्रति लाभ



कार्यक्षमता एवं लाभप्रदता अनुपात

1. आस्तियों के प्रभावी उपयोग की झलक, औसत आस्तियों पर उद्योग के औसत से अधिक तथा स्थायी प्रतिलाभ और लागत आय अनुपातों में कमी से मिलती है. 31 मार्च, 2010 को औसत आस्तियों पर प्रतिलाभ 1.25% की अच्छी दर पर बनाये रखा गया. लागत आय अनुपात 115 आधार बिंदु कम होकर 40.66% हो गया, जो पिछले वर्ष 41.81% था, फिर भी बैंक ने भावी प्राप्तियों हेतु डिलीवरी चैनलों एवं मानव संसाधन में निवेश सहित क्षमता निर्माण में निवेश करना जारी रखा. औसत कार्यशील फंड के सापेक्ष्य परिचालन व्यय भी पिछले साल के 1.63% से कम होकर 1.52% हुआ.

चार्ट 4 कार्यक्षमता एवं लाभप्रदता अनुपात



2. निम्नांकित औसत प्रति कर्मचारी एवं शाखा उत्पादकता को प्रतिबिंबित करते हैं, प्रत्येक औसत तीन साल की अवधि में हुए महत्वपूर्ण सुधार को दर्शाता है.

तालिका 4 : उत्पादकता अनुपात (रु.लाख में)

	वि.व. 07	वि.व. 08	वि.व. 09	वि.व. 10	% सीएजीआर
औसत कारोबार प्रति कर्मचारी	509	620	694	853	18.8
सकल लाभ प्रति कर्मचारी	7.7	10.3	11.2	13.18	19.6
औसत कारोबार प्रति शाखा	5994	6752	7461	8449	12.1
सकल लाभ प्रति शाखा	91	109	120	130	12.6

टिप्पणी : औसत कारोबार में औसत बैंक जमाराशियां शामिल नहीं हैं.

विस्तार

1. आपके बैंक ने वर्ष के दौरान 247 नयी शाखाएं तथा 536 एटीएम खोले हैं, जिससे 31 मार्च , 2010 को कुल शाखाएं 2805 तथा एटीएम 2327 हो गये हैं. विस्तार पटलों एवं सेवा शाखाओं सहित कुल संख्या 2910 है.

2. अपनी वैश्विक विस्तार पहलों के भाग स्वरुप, बैंक ने 2009-10 में प्रतिनिधि कार्यालय सिडनी (आस्ट्रेलिया) तथा बीजिंग (चीन) में खोले हैं. लंदन में 01 अप्रैल, 2010 को प्रतिनिधि कार्यालय खोला गया है. शंघाई (चीन) तथा अबूधाबी (यूएई) में बैंक के प्रतिनिधि कार्यालय पहले से ही हैं. बैंक को शंघाई (चीन) एवं एंटवर्प (बेल्जियम) में शाखाएं तथा तथा जोहांसबर्ग (दक्षिण अफ्रिका) एवं टोरंटो (कनाडा) में प्रतिनिधि कार्यालय खोलने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक की अनुमति प्राप्त हो गयी है.

निदेशक

वर्ष के दौरान, निदेशक मंडल में निम्नलिखित परिवर्तन हुए :

1. शेयरधारक निदेशकों के रिक्त तीन स्थानों को भरने के लिए 22 जून, 2009 को शेयरधारकों की असाधारण सभा में प्रो.एम.एस.श्रीराम तीन वर्ष की अवधि के लिए पुनः चुने गये. श्री आर.आर.नायर एवं प्रो.एन. एल.नंदा के स्थान पर श्री अरुण कुमार नंदा एवं श्री एस.रवि तीन वर्ष की अवधि के लिए चुने गये.

2. भारत सरकार द्वारा श्री एस.सी.कालिया को श्री टी.वाय.प्रभू के स्थान पर कार्यपालक निदेशक नियुक्त किया गया है तथा 21 नवंबर, 2009 को उन्होंने बैंक में कार्यभार ग्रहण किया है.

3. चार्टर्ड एकाउंटेंट संवर्ग में अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक श्री के.एस. श्रीनिवासन ने 10 अक्तूबर, 2009 को अपना कार्यकाल पूरा कर लिया है. सरकार ने बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम 2970/1980 के खंड 9 के उपखंड 3 (जी) के तहत श्री बी. एस.शर्मा को उनके स्थान पर 16 अप्रैल, 2010 से चार्टर्ड एकाउंटेंट निदेशक नामित किया है.

4. आलोच्य वर्ष के दौरान निम्नलिखित निदेशकों का कार्यकाल पूरा हो गया है तथा रिक्त हुए स्थानों पर सरकार द्वारा नियुक्तियों का इंतजार है.

   1) श्री देबाशिष घोष, अधिकारी कर्मचारी निदेशक ने 25 सितंबर, 2009 को अपना कार्यकाल पूरा कर लिया है.

   2) श्रीमती रानी सतीश, अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक ने 01 जनवरी, 2010 को अपना कार्यकाल पूरा कर लिया है.

   निदेशक मंडल, सभी नये निदेशकों का स्वागत करने के साथ ही, श्री आर.आर.नायर, प्रो.एन.एल.सारडा, श्री टी.वाय.प्रभू, श्री के.एस. श्रीनिवासन, श्री देवाशिष घोष एवं श्रीमती रानी सतीश द्वारा प्रदान की गयी मूल्यवान सेवाओं को भी रिकार्ड में लेता है.

निदेशकों के उत्तरदायित्व का विवरण

निदेशक गण पुष्टि करते हैं कि 31 मार्च, 2010 को समाप्त हुए वर्ष के लिए वार्षिक लेखे तैयार करते समयः

1. लागू होने वाले लेखा मानकों का पालन किया गया है और निर्धारित लेखा मानकों से कोई सारवान विचलन नहीं हुआ है.

2. भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार बनायी गयी लेखा नीतियों को निरंतर लागू किया गया है.

3. उचित एवं विवेकपूर्ण निर्णय और अनुमान किये गये हैं ताकि वित्त वर्ष की समाप्ति को बैंक के कार्यकलापों तथा 31 मार्च, 2010 को समाप्त वर्ष के लिए बैंक के लाभ की सच्ची और सही तस्वीर प्रस्तुत की जा सके.

4. भारत में बैंकों के लिए लागू नियंत्रक कानूनों के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखांकन रिकार्ड रखने के लिए पर्याप्त एवं उचित सावधानी बरती गयी.

5. लेखे लाभ अर्जित करनेवाले संस्थान के लेखों के सिद्धांत के आधार पर तैयार किए गए हैं.

कारपोरेट गवर्नेंस

बैंक का निदेशक मंडल श्रेष्ठ कारपोरेट गर्वनेंस पद्धतियों को पूरी तरह लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है. कारपोरेट गवर्नेंस पर एक विस्तृत रिपोर्ट इस वार्षिक रिपोर्ट के अलग खंड में दी गयी है. इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरी ऑफ इंडिया द्वारा कारपोरेट गवर्नेंस में श्रेष्ठता के राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु चयनित टॉप 25 कारपोरेट में बैंक शामिल था. वर्ष 2009-10 की कारपोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट पर लेखा परीक्षा की कोई अभ्युक्ति शेष नहीं है.

कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व

1. आपका बैंक समाज को अंशदान देकर कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व निभाता है. इस दिशा में, बैंक ने अपने लाभ का 1% सामाजिक कार्यों के लिए रखा है, जिससे उस समाज एवं परिवेश में दृश्यमान परिवर्तन संभव हो सके, जहां बैंक कारोबाररत है.

2. कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन में बैंक सामाजिक-आर्थिक वंचितों के जीवन में गुणवत्ता लाने के उद्देश्य से नये गांवों का अभिनिर्धारण करके, उन गावों में बैंकिंग सेवाएं देकर सक्रिय प्रयास कर रहा है. आपके बैंक ने पूरे देश में 26 जिलों के अंदर 2727 स्थानों पर

24.2 लाख ग्रामीण /शहरी लाभार्थियों को बायोमेट्रिक स्मार्टकार्ड तकनीक प्रदान करके अपने शाखा रहित बैंकिंग परिचालनों का विस्तार किया है, जिसमें महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत रोजगार चाहने वाले, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के अंतर्गत पेंशनर्स, एनडीडीबी के अंतर्गत दुग्ध उत्पादक तथा हाकर्स शामिल हैं. आपका बैंक समस्त मूलभूत बैंकिंग सेवाएं-बचत बैंक खाता, माइक्रो ऋण, माइक्रो बीमा एवं धन प्रेषण उपलब्ध करा रहा है.

3. 103 गांवों में लागू की गयी बैंक की यूनियन आदर्श ग्राम (यूएजी) योजना ने, एकीकृत दृश्यमान विकास लाकर और श्रेष्ठ जीवनयापन करने हेतु ग्रामीण जनता को सशक्त बनाकर उन्हें आदर्श गांवों में परिवर्तित करके, परिणाम दर्शाये हैं.

4. ग्रामीण जनता में उद्यम क्षमताएं पैदा करने के लिए वित्तीय साक्षरता मूलभूत आवश्यकता है. हमने सूचना प्रौद्योगिक का उपयोग करते हुए ज्ञानप्रदान करने हेतु 201 ग्रामीण ज्ञान केंद्र (वीकेसी) 13 ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आर-सेटी), 90 यूनियन मित्र केंद्र और एक वित्तीय साक्षरता एवं ऋण परामर्श केंद्र (एफएलसीसी) खोले हैं. इनमें मोटे तौर पर प्रत्येक को वित्तीय शिक्षा, ऋण परामर्श एवं ऋण प्रबंधन के अलावा आय प्रदायक गतिविधियों का व्यावसायिक प्रशिक्षण भी दिया जाता है.

5. बैंक ने अपनी सामाजिक उत्तरदायित्व के कार्यों को चलाने के लिए यूनियन बैंक सोशल फाउंडेशन ट्रस्ट की स्थापना की है. इस फाउंडेशन के माध्यम से बैंक ने प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में प्रोफेसर-पीठ स्थापित कर मानवता की भलाई के लिए शोध करने के साधन उपलब्ध कराये हैं.

6. बैंक ने कोचीन चाइल्ड फाउंडेशन को - गरीब बच्चों की सहायता के लिए रु.6 लाख, रामकृष्ण मिशन, नागपुर को - विवेकानंद विद्यार्थी भवन बनाने के लिए रु.11 लाख, भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, जयपुर को - शारीरिक रूप से विकलांग 3000 लोगों को कृत्रिम अंग प्रदान करने के लिए रु. 20 लाख का अनुदान दिया है.

7. बैंक ने कर्नाटक और आंध्र प्रदेश, प्रत्येक राज्य को रु.50 लाख, इन दोनों राज्यों के बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए प्रदान किए.

8. बैंक ने अपने अग्रणी जिलों में 50 स्कूलों का अंगीकरण, उनके बच्चों की शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, अनुमोदित किया है तथा इस उद्देश्य से कुल रु.1.5 करोड़ की रकम आवंटित की है.

9. यूनियन बैंक सोशल फाउंडेशन ट्रस्ट ने अपने यूनियन आदर्श ग्रामों को, ग्रामीण जनों की जीवन शैली में सुधार लाने हेतु विभिन्न संरचनात्मक विकास गतिविधियों के लिए, रु.67.77 लाख वितरित किए हैं.

आभार

निदेशक मंडल भारत सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड, बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण तथा केंद्रीय सतर्कता आयोग से प्राप्त उनके बहुमूल्य मार्गदर्शन और समर्थन के लिये आभार व्यक्त करता है. निदेशक मंडल वित्तीय संस्थाओं, संपर्की बैंकों के प्रति भी उनके सहयोग और समर्थन के लिये आभारी है. बोर्ड अपने ग्राहकों, शेयरधारकों एवं अन्य स्टेकधारकों के निरंतर सहयोग के लिये आभार व्यक्त करता है. निदेशक मंडल बैंक के समग्र कार्यनिष्पादन के लिये स्टाफ-सदस्यों की समर्पित सेवा और उनके योगदान की सराहना करता है.

निदेशक मंडल के लिये तथा उनकी ओर से,

स्थान : मुंबई
दिनांक : 31 मई, 2010

(एम. वी. नायर)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

प्रबंधकीय परिचर्चा एवं विश्लेषण

परिदृश्य : व्यापक आर्थिक परिदृश्य, वित्तीय बाजार एवं बैंकिंग उद्योग

व्यापक आर्थिक परिदृश्य

ए. वैश्विक व्यापक आर्थिक परिदृश्य

1. कैलेंडर वर्ष 2009 के प्रारम्भ में, वैश्विक अर्थव्यवस्था भारी वित्तीय संकट एवं विश्वास की अत्यंत कमी के कारण संकुचन के दौर से गुजर रही थी. इस दौरान, वैश्विक उत्पादन की मात्रा काफी प्रभावित हुई, जिससे वर्ष 2009 में वैश्विक उत्पादन में 0.5 प्रतिशत की कमी परिलक्षित हुई. वैश्विक उत्पादन में वृद्धि समग्र मांग में बढ़ोत्तरी के साथ-साथ वित्तीय क्षेत्र में सुधार के लिए अपेक्षित नीतिगत उपायों पर आश्रित रही.

2. उत्पादन में संकुचन की गति 2009 की द्वितीय तिमाही में कम हुई किन्तु इसमें सुधार तृतीय तिमाही में परिलक्षित हुआ तथा 2009 की चतुर्थ तिमाही में इसमें तेजी आई. मांग में वृद्धि एवं अनिश्चितता में कमी लाने वाली व्यापक लोक हस्तक्षेप नीतियों के परिणाम स्वरुप, वैश्विक स्थिति में अनुमान से बेहतर सुधार हुआ, जो विभिन्न गतिविधियों में अलग-अलग रहा अर्थात् अनेक उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में सामान्य; लेकिन उभरती एवं विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में उल्लेखनीय प्रगति हुई. वर्ष 2010 में विश्व के आर्थिक उत्पादन में 4.25% वृद्धि होने का अनुमान है.

3. विकसित अर्थव्यवस्थाओं में बड़े सार्वजनिक ऋणों के कारण समग्र जोखिम में बढ़ोत्तरी हुई. कई बड़ी आर्थिक घटनाएं विशेषकर दुबई वैश्विक ऋण संकट तथा ग्रीक एवं अन्य पूर्व यूरोपीय देशों में तेजी से फैलते हुए राजकीय ऋण संकटों की श्रंखला वित्तीय स्थिरता के समक्ष गम्भीर चुनौती बनी. विकसित देशों में आनुपातिक रुप से कम विकास को देखते हुए उभरती अर्थव्यवस्थाओं के समक्ष यह चुनौती है कि पूंजी के बढ़ते प्रवाह को समाहित करें एवं घरेलू मांग में सुधार लायें.

बी. भारत का व्यापक आर्थिक परिदृश्य

1. सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) : भारत, विकास दर में अनुमान से बेहतर उपलब्धि दर्ज करने वाली तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है. केंद्रीय सांख्यिकीय संगठन (सीएसओ) के संशोधित अनुमानों के अनुसार 2004-05 के मूल्यों के आधार पर वित्त वर्ष 2009-10 में विकास दर 7.4% रिकार्ड की गई, जो इसके पूर्व वर्ष में 6.7% थी.

2. संशोधित अनुमानों के अनुसार कृषि एवं सहायक गतिविधियों में विकास की दर वर्ष 2009-10 में 0.2% हुई, जो गत वर्ष 1.6% थी. इस स्थिति का कारण कमजोर मानसून से कृषि उत्पादन प्रभावित होना है. औद्योगिक क्षेत्र में विकास की दर वर्ष 2009-10 में लगभग 9.3% रही है, जो विगत वर्ष में 3.9% थी. चालू राजस्व वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद की विकास दर में सुधार का मुख्य कारक औद्योगिक क्षेत्र का उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन रहा है. वर्ष 2009-10 में औद्योगिक उत्पादन का सूचकांक 10.4% रहा, जो विगत वर्ष में 2.8% था. संशोधित अनुमानों के अनुसार वर्ष 2009-10 में सेवा क्षेत्र में 8.5% की विकास दर रिकार्ड की गई, जो विगत वर्ष में 9.8% थी.

सी मूल्य

1. जून 2008 में पेट्रोलियम उत्पादों के प्रशासित मूल्यों में भारी वृद्धि के कारण हुई तेज मुद्रा स्फीति के बाद जून से अगस्त 2009 की 3 माह की अवधि के दौरान मुद्रा स्फीति की दर अपेक्षाकृत कम रही, जिसके फलस्वरुप थोक मूल्य सूचकांक(डब्ल्यूपीआई)पर आधारित मुद्रा स्फीति भी धीमी गति से बढ़ी. वर्ष की दूसरी छमाही में मुद्रा स्फीति का दबाव बना रहा तथा वर्ष के अन्तिम 3 माहों में मुद्रा स्फीति की दर भारतीय रिज़र्व बैंक के मार्च, 2010 के 8.5% के अनुमान से अधिक रही.

2. खाद्य पदार्थों के मूल्यों में वृद्धि का विस्तार बाद में अन्य क्षेत्रों में भी होने के कारण थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रा स्फीति बढ़ने लगी. नवम्बर, 2009 से ही मुद्रा स्फीति के सभी क्षेत्रों को प्रभावित करने के संकेत मिलने लगे थे. खाद्य उत्पादों के मूल्यों में वृद्धि के कारण वर्ष 2009-10 के दौरान थोक मूल्य सूचकांक में अकेले खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 47% हो गई.

3. कोयले के प्रशासित मूल्यों में वृद्धि तथा पेट्रोल एवं डीजल पर उत्पाद एवं सीमा शुल्क की वापसी का भी वर्ष की अन्तिम तिमाही में थोक मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति की वृद्धि में आंशिक योगदान रहा.

4. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रा स्फीति वर्ष की अधिकांश अवधि में दो अंकों के उच्च स्तर पर बनी रही.

डी बाह्य क्षेत्र:

1. विकसित अर्थव्यवस्थाओं में धीमे सुधार के कारण वित्त वर्ष 2009-10 में बाह्य क्षेत्र का कार्य निष्पादन सामान्य रहा.

2. वित्त वर्ष 2009-10 के दौरान देश का निर्यात 176.6 बिलियन अमरीकी डालर रहा, जो विगत राजस्व वर्ष के 185.3 बिलियन अमरीकी डालर की तुलना में वर्ष दर वर्ष आधार पर 4.7% कम रहा. इसी प्रकार वर्ष 2009-10 के दौरान आयात 278.7 बिलियन अमरीकी डालर रहा, जो विगत वर्ष के 303.7 बिलियन अमरीकी डालर की तुलना में वर्ष दर वर्ष आधार पर 8.2% कम रहा.

3. तदनुसार वर्ष 2009-10 में व्यापार घाटा कम होकर 102 बिलियन अमरीकी डालर रह गया, जो विगत वर्ष में 118 बिलियन अमरीकी डालर था.

वित्तीय बाजार

ए तरलता परिदृश्य

1. वृहत् आर्थिक एवं वित्तीय बाजार के वातावरण के अनुरुप भारतीय रिज़र्व बैंक की सुविचारित नीति में तरलता की स्थिति परिलक्षित होती है.

2. मुद्रा बाजार दरों तथा रिवर्स रेपो परिचालनों से स्पष्ट है कि वर्ष 2009-10 के दौरान तरलता की स्थिति सामान्यतः अनुकूल रही; तथापि अन्तिम तिमाही के दौरान मौद्रिक उपायों तथा कंपनियों द्वारा अग्रिम कर भुगतान के कारण तरलता में कमी आई.

3. प्रथम अर्द्धवर्ष के दौरान एमएसएस अधिशेषों के जारी होने तथा खुले बाजार परिचालनों (OMO) के कारण घरेलू बाजार में तरलता की

स्थिति में आंशिक वृद्धि हुई. वर्ष 2009-10 के दौरान बाजार स्थिरीकरण योजनाओं (एमएसएस) तथा नीलामी आधारित खुले बाजार परिचालनगत क्रयों के कारण रु.1,42,827 करोड़ रकम बाजार में जारी हुई.

4. निरंतर तरलता आधिक्य ने पूरे वर्ष के दौरान मुद्रा बाजार ब्याज दरों को एलएफए कोरिडोर (तरलता समायोजन सुविधा) के निचले स्तर पर बनाये रखा.

बी इक्विटी बाजार

1. वित्त वर्ष 2009-10 के दौरान भारतीय इक्विटी बाजार का कार्य निष्पादन अनेक उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बाजारों से बेहतर रहा. वैश्विक सुधार के सशक्त संकेतों, ईएमई के प्रति जोखिम अवधारणा में कमी तथा विकसित अर्थव्यवस्थाओं में ब्याज की दर कम बनी रहने जैसे महत्वपूर्ण घटकों के कारण भारत में पूंजी के प्रवाह में पुनः वृद्धि हुई.

2. वर्ष की प्रथम छमाही में शेयर मूल्यों में निरन्तर वृद्धि का रुख रहा. दुबई वर्ल्ड संकट एवं ग्रीक राजकीय ऋण संकट जैसी घटनाओं के कारण अन्तिम दो तिमाहियों में शेयर मूल्यों में कुछ अवसरों पर गिरावट का रुख रहा. केन्द्रीय बजट प्रस्तावों के कारण शेयर मूल्यों में भी कुछ वृद्धि हुई.

3. वित्त वर्ष 2009-10 के दौरान बीएससी सेंसेक्स एवं एनएसई निफ्टी में विगत वर्ष की तुलना में क्रमशः 81% एवं 74% की वृद्धि हुई.

4. विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने वर्ष 2009-10 के दौरान भारतीय इक्विटी बाजार में 23.7 बिलियन अमरीकी डालर की शुद्ध खरीददारी की; जबकि विगत वर्ष में 10.4 बिलियन अमरीकी डालर की शुद्ध बिक्री उनके द्वारा की गई थी. यद्यपि वर्ष 2009-10 के दौरान म्यूचुअल फंडों ने रु.10512 करोड़ की शुद्ध बिक्री की, जबकि विगत वर्ष इनके द्वारा रु.6985 करोड़ की शुद्ध खरीददारी की गई थी.

सी ऋण बाजारः

1. अनुकूल तरलता स्थिति, बड़े सरकारी ऋण कार्यक्रम, एमएसएस निर्गमन, मुद्रा बाजार में मांग दरें नीची एवं एलएएफ कोरिडोर के निचले स्तर पर बनी रहने तथा मध्यम एवं दीर्घावधि शासकीय बांड आयों पर निरंतन बढ़ता दबाव आदि वर्ष 2009-10 के दौरान ऋण बाजार की मुख्य विशेषतायें रहीं.

2. वित्त वर्ष 2009-10 के दौरान केंद्रीय सरकार की सकल उधारी भारांकित औसत परिपक्वता अवधि 11.2 वर्ष एवं भारांकित औसत प्राप्ति 7.23% के साथ कुल रु.451000/- करोड़ रही.

3. 10 वर्षीय सरकारी प्रतिभूतियों पर औसत मासिक आय अप्रैल 2009 में 6.55% से मार्च, 2010 में 7.94% हो गई. ऋण की मांग में कमी, प्रणाली में पर्याप्त तरलता और मार्केट स्थिरीकरण स्कीम के अनवाइंड किए जाने से वर्ष 2009-10 में बड़ा सरकारी उधार कार्यक्रम आसानी से पूरा हो गया.

4. वर्ष 2009-10 के दौरान तरलता आधिक्य के चलते जमा प्रमाणपत्र (सीडी) का निर्गमन विगत वर्ष की तुलना में अधिक रहा तथा सीडी पर ब्याज की दर अन्तिम तिमाही में कुछ वृद्धि के साथ सामान्यतः स्थिर ही रही. कम्पनियों द्वारा सीपी पर बढ़ती निर्भरता के कारण वाणिज्यिक पत्र (सीपी) बाजार में भी तेजी आई.

(डी) विदेशी मुद्रा बाजार

1. अर्थव्यवस्था में सशक्त पूंजी अन्तर्प्रवाह एवं सकारात्मक दृष्टिकोण के कारण अमरीकी डॉलर की तुलना में भारतीय रूपए में मजबूती की प्रवृत्ति रही. यद्यपि समय-समय पर रुपए पर दबाव भी बना रहा. फारवर्ड प्रीमिया में भी वर्ष 2009-10 के दौरान स्पोरेडिक कठोरता के साथ गिरावट की प्रवृत्ति रही.

2. यूएस डॉलर की तुलना में भारतीय रुपए के मूल्य में वर्ष 2009-10 में 11.4% की वृद्धि हुई जबकि विगत वर्ष में 27.5% का ह्रास हुआ था..

बैंकिंग उद्योग परिदृश्य

1. भारतीय रिज़र्व बैंक की प्रथम वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट में भारत में वाणिज्यिक बैंकों की स्थिति का उल्लेख किया गया है. रिपोर्ट के अनुसार भारतीय बैंकिंग व्यवस्था स्वस्थ, विधिवत् पूंजीकृत तथा सुसमृद्ध है. साख की गुणवत्ता सशक्त बनी हुई है तथा कुल जमाराशियों में चालू एवं बचत बैंक जमाराशियों का भाग अधिक है. आगे इसमें यह भी उल्लेख है कि यदि सभी पुनर्गठित खाते गैर निष्पादक (एनपीए) हो जाएं, तो भी बहुत अधिक दबाव नहीं पड़ेगा.

2. वित्त वर्ष 2009-10 की शुरुआत मुद्रा विस्तार की नीति जारी रखने के साथ हुई. अप्रैल 2009 में घोषित वर्ष 2009-10 की अपनी वार्षिक नीति में भारतीय रिज़र्व बैंक ने रेपो एवं रिवर्स रेपो दरों में 25 आधार अंकों की कमी कर दी; तथापि आर्थिक स्थिति में सुधार के साथ रिज़र्व बैंक ने दूसरी तिमाही की समीक्षा में एसएलआर को 100 आधार अंक से बढ़ाकर 25% करने के साथ गैर परम्परागत सुधारात्मक उपाय बंद करने आरंभ कर दिए. तीसरी तिमाही की समीक्षा में सीआरआर में 75 आधार अंकों की वृद्धि के साथ प्रत्यक्ष उपायों को बंद कर दिया गया.

3. वित्त वर्ष 2009-10 के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार को अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) की सकल जमाराशियां रु. 44,86,574 करोड़ रहीं, जो वर्ष दर वर्ष आधार पर 17% की वृद्धि के साथ रु. 6,52,464 करोड़ अधिक रहीं. एससीबी के बैंक ऋण रु. 32,40,399 करोड़ रहे, जो वर्ष दर वर्ष आधार पर 16.7% की वृद्धि के साथ रु. 4,64,849 करोड़ अधिक रहे.

4. वित्त वर्ष 2009-10 के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार को एससीबी द्वारा एसएलआर प्रतिभूतियों में निवेश रु.13,82,684 करोड़ रहा. इस प्रकार पिछले वर्ष की तुलना में 17.5% वृद्धि के साथ रु. 2,16,273 करोड़ की बढ़ोत्तरी हुई.

5. वित्त वर्ष 2009-10 के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार को एससीबी का ऋण जमा अनुपात 72.2% रहा. पर्याप्त तरलता एवं न्यून नीतिगत दरों के कारण बैंकों ने मार्च से दिसंबर 2009 के बीच जमा दरों में कमी रखी, लेकिन वर्ष 2009-10 की अंतिम तिमाही में 25-50 आधार अंकों की बढ़ोतरी की.

विजन एवं नवनिर्माण पहलः

1. आपके बैंक ने वर्ष 2006-07 के दौरान रूपांतरण की प्रक्रिया प्रारंभ की. इस पहल को 'नवनिर्माण' का नाम दिया गया. नव निर्माण पहल के तहत इस रूपांतरण प्रक्रिया ने हमारे कारोबार करने के तरीके में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं. बिक्री एवं सेवा अवधारणा, ऋण के क्षेत्र में रिटेल आस्ति

सृजन के लिए यूनियन लोन पॉइंट के माध्यम से केन्द्रीकरण, त्वरित ऋण प्रोसेसिंग हेतु समर्पित सरल केन्द्र तथा अन्य क्षेत्रों में सेवाओं के केन्द्रीकरण जैसी अवधारणाओं ने शाखाओं के कारोबार के तरीके में नए बदलाव किए हैं. बिजनेस वर्टिकल्स ने प्रमुख कारोबार क्षेत्रों पर विशेष जोर दिया है. इस रुपांतरण का प्रथम चरण वित्त वर्ष 2009-10 में पूरा हुआ.

2. नवनिर्माण के प्रथम चरण में सृजित क्षमताओं के आधार पर बैंक ने ग्राहक अनुभूति के संबंध में नया विज़न बनाया है, जो है- 'अपने पसंदीदा क्षेत्रो में हम बनें, लोगों की पसंद का पहला बैंक, ग्राहकों के साथ चिरकालीन रिश्तों के साथ कार्यप्रणाली में करते हुए अनवरत सुधार'. इसे ध्यान में रखते हुए बैंक ने अपनी पहल के अगले चरण हेतु प्रमुख क्षेत्र निर्धारित किये हैं, जो बैंक के साथ ग्राहक की अनुभूति में जबरदस्त परिवर्तन लायेंगे. बैंक की इन प्रमुख प्राथमिकताओं का उद्देश्य है- अपने बैंक को ग्राहक संकेन्द्रित संस्थान बनाना, जो ग्राहकों को उत्पादों की व्यापक श्रृंखला प्रस्तुत करे, शेयरधारकों की सम्पदा में सर्वाधिक वृद्धि करे, विश्वसनीय ब्रांड बने तथा वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में अग्रणी रहे.

3. वर्तमान वर्ष मे रुपांतरण श्रृंखला का नया चरण नवनिर्माण II प्रारंभ होगा. इस कड़ी में बैंक उन प्राथमिकताओं पर जोर देगा, जिनमें अन्य पहलों के साथ ग्राहक सेवा में उत्कृष्टता एवं मानव संसाधन रुपांतरण पर प्रमुख जोर दिया गया हो.

   ए. ग्राहक सेवा उत्कृष्टता - इसमें सभी डिलीवरी चैनलों / ग्राहक सम्पर्क केन्द्रों पर अनुभूति में बेहतरी एवं रिलेशनशिप बैंकिंग के सशक्तीकरण पर ध्यान दिया जायेगा.

   बी. मानव संसाधन रुपांतरण- मानव संसाधन एक प्रमुख घटक है. आपका बैंक मानव संसाधन नीति एवं व्यवहारों का पुनरावलोकन करेगा, संगठनात्मक एवं भूमिका विशिष्ट योग्यताओं में उत्तरोत्तर नियोजन एवं मानव संसाधन प्रशिक्षण आडिट के लिये फ्रेमवर्क तैयार करेगा.

   सी. त्वरित शाखा विस्तार - बैंक ने अगले 5 वर्षों तक प्रतिवर्ष 500 शाखाएं खोलने का निर्णय लिया है. माडल में सुधार हेतु सुझाव देने के लिए सेवा प्रदाता संगठन के साथ समझौता भी किया है.

   डी. वित्तीय समावेशन - यह केन्द्र सरकार के प्रमुख लक्ष्य बिन्दु अधिकतम कल्याण को समर्पित है. समग्र विकास एक सुअवसर है और यदि सही ढंग से निवेश किया जाय तो दीर्घावधि में इसके लाभ बहुत अधिक होंगे. आपका बैंक उन प्रमुख बैंकों में एक है, जो वित्तीय समावेशन के लिए सक्रियता से कार्यान्वित कर रहे हैं. बैंक अब तक 9000 गांवों में 100% बैंकिंग आदत विकसित कर चुका है तथा चालू वर्ष में 2500 अतिरिक्त गांवों को इसमें जोड़ने की योजना है.

   ई. जोखिम प्रबंधन - बैंक का उद्देश्य है सशक्त जोखिम प्रबंधन संरचना के साथ अनवरत विकास करना. अतः आवश्यक है कि सर्वोत्तम जोखिम प्रबंधन प्रणालियों को अपनाकर जोखिम प्रबंधन को निरन्तर मजबूत किया जाए.

   एफ. सम्पदा प्रबंधन - सर्वोत्तम संपदा प्रबंधन उत्पादों एवं सेवाओं को सुलभ कराने हेतु आपका बैंक एक प्रतिष्ठित अन्तर्राष्ट्रीय संगठन से टाई-अप व्यवस्था कर रहा है.

कारोबार की अद्यतन स्थिति

संसाधनः

1. संसाधनों के संग्रहण की दृष्टि से आपके बैंक ने अपना ग्राहक आधार बढ़ाते हुए कासा एवं रिटेल मियादी जमाओं पर जोर दिया है. समीक्षा वर्ष के दौरान बैंक ने कुल जमाराशियों के अंतर्गत 22.59% की वृद्धि दर्ज की. 31 मार्च 2010 को बैंक की कुल जमाराशियां रु.1,70,040 करोड़ रही, जो 31 मार्च 2009 को रु.1,38,703 करोड़ थी. इस प्रकार रु. 31,337 करोड़ की वृद्धि हुई.

2. **टर्मिनल जमाराशियां :**

   बैंक की चालू एवं बचत जमाराशियां (कासा) 31 मार्च 2010 को रु. 53,957 करोड़ रही, जो 31 मार्च 2009 के रु. 41711 करोड़ से 29.36% अधिक है. कुल जमाराशियों में कासा का भाग 31.73% रहा, जो 166 आधार अंक (बीपीएस) अधिक है. बैंक की चालू जमाराशियां 23..26% की दर से बढ़कर रु.16,229 करोड़ हो गयी हैं. बचत बैंक जमाराशियों की वृद्धि विशेष उल्लेखनीय है, जो 32.17% की दर से बढ़कर रु. 37,728 करोड़ हो गयी हैं. इस प्रकार रु. 9,183 करोड़ की वृद्धि हुई है. बैंक की कोर/रिटेल जमाराशियां विगत वर्ष के रु. 1,24,103 करोड़ से बढ़कर रु. 1,59,817 करोड़ हो गयी, जो 28.78% अधिक है.

तालिका 5ः टर्मिनल जमा संवर्ग (करोड़ रु. में)

	वि.व. 09	वि.व. 10	% वर्ष दर वर्ष	शेयर-वि.व.09	शेयर-वि.व.10	% वृद्धि
बचत जमाराशियां	28545	37728	32.17	20.58%	22.19%	161bps
चालू जमाराशियां	13166	16229	23.26	9.49%	9.54%	5bps
कासा जमाराशि	41711	53957	29.36	30.07%	31.73%	166bps
मियादी जमाराशियां	96992	116083	19.68	69.93%	68.27%	-166bps

नोट : % वृद्धि कुल जमा राशियों में हिस्से को प्रदर्शित करती है.

3. **औसत जमाराशियां**

   बैंक की औसत जमाराशियां पिछले वर्ष के रु.1,13,736 करोड़ से बढ़कर रु.1,43,637 करोड़ हो गयी. इस प्रकार औसत जमाराशियों की वृद्धि दर 26.29% रही. कासा एवं रिटेल जमाराशियों पर विशेष जोर देने के बैंक के प्रयास का परिणाम यह रहा कि जमाराशियों की लागत पिछले वर्ष के 6.50% से 56 आधार अंक घटकर 5.94% रह गयी.

4. बैंक के पास ग्राहक संपर्क प्रबंधकों, संसाधन विपणन अधिकारियों एवं संपर्क अधिकारियों की एक टीम है, जो ग्राहक संबंधों के सृजन एवं उसे बढ़ाने पर ध्यान केन्द्रित करती है. इसके परिणामस्वरूप बैंक 33 लाख नए बचत खाते एवं 86,000 नए चालू खाते खोलने एवं इन नए कासा खातों के माध्यम से वर्ष के दौरान रु. 8,500 करोड़ से अधिक की जमाराशि जुटाने में सफल रहा. सुरक्षा, संरक्षा एवं तरलता की परम्परागत अवधारणा के कारण बैंक की जमाराशियों में घरेलू क्षेत्र का प्रमुख योगदान रहा है. बैंक ने स्वयं को बाजार की संभावनाओं के प्रति सदैव जागरुक रखा तथा रिटेल जमाराशियों पर जोर देते हुए अधिकाधिक मियादी घरेलू जमाराशियों का संग्रहण किया. मियादी जमाराशियों में रिटेल जमाराशियों का भाग 50% से बढ़कर 54% हो

गया है. इस प्रकार 4% की वृद्धि हुई है. बैंक ने वर्ष के दौरान '555 दिवस' नामक विशेष मियादी जमा योजना प्रारंभ की. इस प्रकार कासा एवं रिटेल जमाराशियों पर निरंतर एवं विशेष ध्यान देकर लागत प्रभावी ढंग से उत्कृष्ट विकास दर प्राप्त करने में सफलता हासिल की है.

ऋण प्रबंधन

1. वित्त वर्ष 2009-10 की प्रथम छमाही में ऋण की प्रगति दर धीमी रही तथा दूसरी छमाही में इसमें तेजी आयी. बैंक का अग्रिम संविभाग विगत वर्ष के रु.98,265 करोड़ से 23.4% की दर से बढ़कर रु.1,21,249 करोड़ हो गया. खाद्य ऋण रु. 2,047 करोड़ रहा तथा गैर खाद्य ऋण 31 मार्च 2009 की तुलना में 23.8% की दर से बढ़कर रु.1,19,202 करोड़ हो गया.

2. सरकार की अपेक्षाओं का अनुपालन करते हुए आपके बैंक ने अर्थव्यवस्था के उत्पादक क्षेत्रों एवं अन्य जरूरतमंद क्षेत्रों में ऋण वितरण पर जोर दिया है. इसके लिए बैंक ने विवेकपूर्ण ऋण मूल्यांकन एवं वितरण नीति लागू की है. ऋण संविभाग का विधिवत विविधीकरण कर इसे एक लघु, मध्यम एवं बृहद् उपक्रमों, कृषि एवं रिटेल क्षेत्रों में बांटा गया है. मार्च 2009 एवं 2010 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए बैंक का ऋण संविभाग निम्न तालिका में दिया गया है.

तालिका 6ः अग्रिम संविभाग (रुपये करोड़ में)

	वि.व. 09	वि.व.10	% वृद्धि वर्ष दर वर्ष
लार्ज कार्पोरेट अग्रिम	35,336	40,618	14.95
एमएसएमई अग्रिम	16149	22685	40.47
कृषि अग्रिम	13519	18464	36.58
रिटेल अग्रिम	10092	13506	33.83

नोटः भारतीय रिज़र्व बैंक के नये दिशानिर्देशों के अनुसार वित्त वर्ष 10 के एमएसएमई ऋणों में रिटेल व्यापार ऋण शामिल हैं.

रिटेल बैंकिंग

1. आपके बैंक के रिटेल ऋण संविभाग ने वर्ष 2009-10 के दौरान 33.83% की वृद्धि दर्ज की. बैंक का रिटेल ऋण संविभाग 31 मार्च, 2009 के रु. 10,092 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च 2010 को रु.13,506 करोड़ हो गया. 31मार्च 2010 को बैंक के कुल अग्रिमों में रिटेल अग्रिमों का भाग 11.62% रहा.

तालिका 7ः रिटेल बैंकिंग अग्रिम संविभाग (रुपये करोड़ में)

	वि.व.09	वि.व.10	% वर्ष दर वर्ष	% हिस्सा
रिटेल अग्रिम	10092	13506	33.8%	-
आवास ऋण	6621	8115	22.6%	60.1
वाहन ऋण	1011	1189	17.6%	8.8
शिक्षा ऋण	982	1301	32.5%	9.6
अन्य रिटेल ऋण	1478	2901	96.3%	21.5

नोट : % हिस्सा वित्त वर्ष 2010 में बैंक के कुल रिटेल ऋण संविभाग में स्थिति को दर्शाता है.

2. 40 यूनियन लोन पॉइंट (यूएलपी) - निर्धारित समय सीमा(टीएटी) के अंदर रिटेल ऋण सुविधाएं प्रदान करने हेतु बैंक का यह उत्कृष्टतम केन्द्र सराहनीय कार्य कर रहा है. वर्ष 2009-10 के दौरान यूएलपी द्वारा 71.29% की उत्कृष्ट वृद्धि दर्ज की गयी. आने वाले वर्षों में और अधिक यूएलपी की स्थापना कर बैंक इस सफलता की कहानी को आगे भी जारी रखने हेतु प्रयासरत है.

3. रिटेल ऋण संवर्ग के अंतर्गत उल्लेखनीय प्रगति दर्ज करने हेतु अनेक उत्पाद संवर्धन प्रयास एवं विपणन रणनीतियां अपनायी गयी हैं. इसमें ग्राहक अनुकूल मात्रात्मक पात्रता मानदंड की शुरुआत एवं संवर्धित चुकौती अवधि मानदंड के माध्यम से आवास ऋण उत्पाद (यूनियन होम) में किया गया संशोधन शामिल है. वर्तमान में हमारे बैंक के आवास ऋण प्रस्ताव बाजार में सर्वश्रेष्ठ है.

4. आईआईटी, आईआईएम, आईएसबी आदि जैसे प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के छात्रों के लिए विशेष शिक्षा ऋण योजना प्रारंभ की गयी तथा इसे व्यापक प्रसारित किया गया. पिछले 3 वर्षों में शिक्षा ऋण के क्षेत्र में 41% चक्रवृद्धि वार्षिक विकास दर की उल्लेखनीय स्थिति रही.

5. यूनियन माइल्स (वाहन ऋण) के अंतर्गत बैंक के वर्तमान आवास ऋणियों के लिए विशेष कार ऋण योजना तैयार की गयी है. बैंक ने प्रतिष्ठित कार निर्माताओं यथा मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड, टाटा मोटर्स इंडिया लिमिटेड, हुंडई मोटर्स इंडिया लिमिटेड के साथ समझौता किया है.

6. वर्ष के दौरान बैंक द्वारा प्रतिष्ठित संगठनों के कर्मचारियों के लिए विशेष वैयक्तिक ऋण (यूनियन कम्फर्ट), शहरी विकास प्राधिकरणों द्वारा प्लॉटों के आबंटन के लिए अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट हेतु विशेष योजना तथा आवधिक पे-आउट्स सहित एकमुश्त पे-आउट विकल्प की यूनियन रिवर्स मार्गेज योजना आदि अन्य शुरुआतें की गयीं.

लार्ज कॉरपोरेट

1. बैंक ने एक परम्परागत बैंकिंग संगठन से विक्रय उन्मुख वित्तीय सेवा संगठन के रूप में अपने को रुपान्तरित किया है. कॉरपोरेट बैंकिंग को विकास के मुख्य घटक के रूप में चिन्हित किया गया है और बैंक ने इसके लिए एक अलग वर्टिकल की स्थापना की है, जिसने जून 2008 से अपना कार्य आरंभ कर दिया है.

2. वर्तमान वित्त वर्ष 2009 में इस वर्टिकल ने एक अलग विशेषीकृत वर्टिकल के रूप में पहली बार पूरे वर्ष तक काम किया है. बैंक ने कार्पोरेट ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए 9 औद्योगिक वित्त शाखाएं एवं 2 ओवरसीज़ शाखाओं की स्थापना की है. बैंक ने एक अलग सिंडिकेशन एवं सलाहकारी सेवा कक्ष की स्थापना की है, जो ऋण सिंडिकेशन, एम एंड ए तथा ऋण पुनर्गठन का कार्य करता है. लार्ज कार्पोरेट वर्टिकल का कार्यनिष्पादन निम्नानुसार हैः

तालिका 8ः कार्पोरेट बैंकिंग आय स्रोत (रुपये करोड़ में)

	वि.व.09	वि.व.10	% वृद्धि वर्ष दर वर्ष
कुल अग्रिम	35,336	40,618	14.95
गैर ब्याज आय	151	226	49.66
सिंडिकेशन शुल्क	9.75	35.9%	268
आय	10.1%	9.1%	

3. वर्ष के दौरान बैंकिंग उद्योग में सामान्य रूप से एवं कॉरपोरेट क्षेत्र में विशेष रूप से ऋण की मांग कम रही, जिसका कारण अर्थव्यवस्था में सुधार की धीमी गति तथा तरलता की अधिक उपलब्धता रही. तथापि बैंक ने औसत टर्न अराउंड समय (ऋण प्रस्तावों हेतु) में कमी लाने पर जोर दिया और यह घटकर 19 दिन तक आ गया है. इस वर्टिकल से प्राप्त आय रू.151 करोड़ से बढ़कर रू.226 करोड़ हो गयी अर्थात् लगभग 50% की वृद्धि हुई.

4. बैंक ने वर्ष के दौरान दो नए औद्योगिक डेस्कों की स्थापना की, जिससे इनकी संख्या बढ़कर 11 हो गयी है. विशेषीकृत औद्योगिक रिसर्च डेस्क द्वारा औद्योगिक क्षेत्र एवं संभावित कॉरपोरेट ग्राहकों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जाती है. कॉरपोरेट ग्राहकों की सभी जरुरतों पर ध्यान देने के लिए शाखाओं में 27 ग्राहक संपर्क प्रबंधक नियुक्त किए गए हैं. गैर-निधि आधारित लिमिट में वृद्धि पर मुख्य जोर दिया गया है; ताकि बैंक की गैर-ब्याज आय में पर्याप्त वृद्धि हो सके. बैंक द्वारा सी आर एम अवधारणा (ग्राहक संपर्क प्रबंधन) पर और अधिक जोर दिया जाएगा; ताकि वास्तविक अर्थों में संबंधों का विकास हो सके .

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई)

1. आपके बैंक के एमएसएमई संविभाग ने पिछले वर्ष के रु. 16,149 करोड़ की तुलना में 40.47 % की वृद्धि के साथ रू. 22,685 करोड़ की उपलब्धि दर्ज की. एमएसएमई ऋण में भारी वृद्धि परिभाषागत परिवर्तन के कारण भी हुई है. भारतीय रिजर्व बैंक के नए दिशानिर्देशों के अनुसार अब रिटेल ऋण, एमएसएमई में शामिल हैं. कुल ऋणों में एमएसएमई ऋणों का योगदान 18.71% है, जो विगत वर्ष में 16.60% था.

2. एमएसएमई ऋणों में वृद्धि, सुनिश्चित टर्न अराउंड समय (टीएटी), अनुकूल मूल्यों पर ऋण की उपलब्धता, कस्टमाइज्ड उत्पादों तथा एमएसएमई ग्राहकों का आधार बढ़ाकर की गयी है.

3. बैंक ने एमएसएमई ऋणों के त्वरित मूल्यांकन एवं स्वीकृति हेतु 250 समर्पित कारोबार बैंकिंग शाखाओं(बीबीबी) तथा 16 एसएमई सरल (सेंट्रल प्रोसेसिंग सेंटर्स) की स्थापना की है.

ग्रामीण एवं कृषि कारोबारः

ए. प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र

बैंक अपनी ग्रामीण एवं अर्धशहरी शाखाओं के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से ग्रामीण विकास एवं ग्रामीण जनसंख्या के सशक्तीकरण हेतु राष्ट्रीय योजनाओं के कार्यान्वयन में संलग्न है. 31 मार्च 2010 को बैंक का प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम 23.81% की वृद्धि के साथ रु. 44,993 करोड़ रहा, जो समायोजित शुद्ध बैंक क्रेडिट (एएनबीसी) का 46.40% है. यह भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित 40% के लक्ष्य से अधिक है.

बी. कृषि

बैंक की ऋण नीति में कृषि को काफी महत्वपूर्ण क्षेत्र माना गया है. बैंक का कुल कृषि अग्रिम रु.13,519 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च 2010 को रु.18464 करोड़ हो गया. इस प्रकार रु.4945 करोड़ (36.58%) की वृद्धि हुई. 31 मार्च 2010 को बैंक के समायोजित शुद्ध बैंक ऋणों में कृषि ऋणों का भाग 16.01% रहा. प्रत्यक्ष कृषि अग्रिम रु. 2207 करोड़ की बढ़ोतरी के साथ रु.11,162 करोड़ हो गए. विशेष कृषि ऋण योजना (एसएसीपी) के अंतर्गत रु. 6000 करोड़ के ऋण वितरण लक्ष्य के सापेक्ष कुल संवितरण रु. 6491 करोड़ रहा, जो 108.18%की उपलब्धि दर्शाता है. वर्ष के दौरान रु.700 करोड़ से अधिक की ऋण सुविधा के 1,15,071 अतिरिक्त किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए गए.

सी. सूक्ष्म एवं लघु उद्यम

31 मार्च 2010 को सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को कुल रु.15,790 करोड़ का ऋण वितरण किया गया, जो विगत वर्ष में रु.9,434 करोड़ था. इस प्रकार 67.37% की वृद्धि हुई. यह भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा किए गए परिभाषागत परिवर्तन का परिणाम है, जिसके अनुसार रिटेल व्यापार क्षेत्र को दिए गए ऋण को सूक्ष्म एवं लघु उद्यम का एक भाग माना गया है.

डी. तृतीयक क्षेत्र

31 मार्च 2010 को तृतीयक क्षेत्र के अंतर्गत कुल ऋण संवितरण रु. 10,739 करोड़ रहा, जो 31 मार्च 2009 को रु. 13,388 करोड़ था. इस कमी का कारण यह रहा कि रु.3,000 करोड़ के रिटेल ट्रेड ऋणों को तृतीयक क्षेत्र से हटाकर लघु उद्यम क्षेत्र में शामिल किया गया है.

ई. विशेष ऋण वितरण

1. महिलाओं में उद्यमिता का विकास करने एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए बैंक द्वारा महिला उद्यमियों को ऋण सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं. बैंक द्वारा महिला लाभार्थियों को संवितरित ऋण की राशि रु. 4,035 करोड़ से बढ़कर रु.5,066 करोड़ हो गयी, जो भारत सरकार/ भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित एनबीसी के 5% बेंचमार्क से अधिक है.

2. कमजोर वर्ग को ऋण वितरण की राशि रु.6,428 करोड़ से बढ़कर रु.9,449 करोड़ हो गयी, जो 47% वृद्धि को दर्शाती है. 31 मार्च 2010 को अनुसूचित जाति/ जनजाति को दिए गए अग्रिमों की स्थिति रु.1,427 करोड़ (253096 लाभार्थी) रही, जो 31 मार्च 2009 में रु.1,220 करोड़ (268668 लाभार्थी) थी.

एफ. अल्पसंख्यक समुदाय को ऋण

अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याण हेतु भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुक्रम में बैंक द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय के 297431 लाभार्थियों को रु. 4624.64 करोड़ का ऋण दिया गया, जो पिछले वर्ष रु.3216.20 करोड़ था. 31 मार्च 2010 को कुल प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिमों में इन अग्रिमों का भाग 10.35% था.

जी. स्वयं सहायता समूह (एसएचजी)

1. स्वयं सहायता समूहों के गठन तथा इनकी ऋण संबद्धता (लिंकेज) के माध्यम से सूक्ष्म ऋण वितरण बैंकिंग व्यवस्था को गरीब जनता तक ले जाने का सुलभ माध्यम है. इससे नए कारोबार की संभावनाएं भी बढ़ती हैं. वर्ष के दौरान 15653 समूहों का गठन किया गया तथा 14837 समूहों को रु.175.63 करोड़ की वित्तीय सहायता प्रदान की गयी.

2. स्वयं सहायता समूहों के गठन में हुई प्रगति को नीचे दर्शाया गया है :-

तालिका 9: स्वयं सहायता समूह परिदृश्य

31 मार्च को समाप्त वर्ष	2009	2010	वर्ष दर वर्ष वृद्धि	% वृद्धि
गठित समूह (संख्या)	122507	138160	15653	12.8
वित्त पोषित समूह (संख्या)	86525	101362	14837	17.1
वित्तपोषित राशि (रु.करोड़ में)	830.74	1006.37	175.63	21.1
जिसमें महिला एसएचजी (संख्या)	75719	87828	12109	16.0
राशि (रु.करोड़ में)	742.27	886.91	144.64	19.5

3. स्वयं सहायता समूह कार्यक्रम को अधिक आकर्षक बनाने की दृष्टि से बैंक ने महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम की ओर से 'जनश्री बीमा योजना' आरंभ की है, जिसके अंतर्गत रु. 200/- के नाममात्र के प्रीमियम भुगतान, जिसका वहन भारत सरकार एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा समान रूप से किया जायेगा, से रु.50,000 मात्र का बीमा कवर प्रदान किया जाता है.

4. बैंक ने स्वयं सहायता समूहों के लिए बॉयो मैट्रिक कार्ड जारी किए हैं, जो उनके द्वार पर बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराता है.

एच. अग्रणी बैंक योजना

4 राज्यों के 14 जिलों अर्थात् उत्तरप्रदेश में आजमगढ़, जौनपुर, वाराणसी, गाजीपुर, मऊ, भदोही एवं चंदौली; मध्यप्रदेश में रीवा, सीधी एवं सिंगरौली; केरल में एर्नाकुलम एवं इडुक्की तथा बिहार में खगड़िया एवं समस्तीपुर में अग्रणी बैंक की भूमिका निभा रहा है. इन जिलों में बैंक की 413 शाखाएं कार्यरत हैं. 31 मार्च 2010 को समाप्त वर्ष में इन जिलों में बैंक की जमाराशियां एवं अग्रिम क्रमशः रु.16,461 करोड़ एवं रु.4,937 करोड़ रहे, जो 31 मार्च 2009 को क्रमशः रु.14,128 करोड़ एवं रु.4,137 करोड़ था.

आई. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक

1. बैंक ने 2 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक प्रायोजित किए हैं जिसमें एक है उत्तरप्रदेश में 'काशी गोमती संयुत ग्रामीण बैंक' (केजीएसजीबी), वाराणसी तथा दूसरा है मध्यप्रदेश में 'रीवा सीधी ग्रामीण बैंक' (आरएसजीबी). दोनों क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक लाभ अर्जक स्थिति में हैं.

2. बैंक अपनी सभी शाखाओं में कोर बैंकिंग सॉल्यूशन कार्यान्वित करने में अग्रणी रहा है. प्रौद्योगिकी के प्रयोग द्वारा वित्तीय समावेशन के कार्यान्वयन तथा बेहतर ग्राहक सेवा उपलब्ध कराने की दृष्टि से बैंक ने दोनों क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की सभी शाखाओं को शत प्रतिशत सीबीएस के तहत ला दिया है.

जे. अन्य प्रयास

1. आपका बैंक प्रथम बैंक है जिसने स्वयं द्वारा प्रायोजित दोनों क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों अर्थात् काशी गोमती संयुत क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक,वाराणसी (उत्तरप्रदेश) एवं रीवा सीधी ग्रामीण बैंक (मध्य प्रदेश) की सभी शाखाओं में कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (सीबीएस) के कार्यान्वयन का इतिहास बनाया है. इससे प्रौद्योगिकी के प्रयोग द्वारा वित्तीय समावेशन के कार्यान्वयन तथा बेहतर ग्राहक सेवा उपलब्ध कराने में सुविधा होगी. इस प्रकार इन ग्रामीण बैंकों के सभी ग्राहक वाणिज्यिक बैंकों के ग्राहकों को उपलब्ध सभी सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे. यह बैंक के उस मिशन का एक अंग है, जिसके अंतर्गत महानगरीय एवं शहरी केन्द्रों के ग्राहकों के समान ही ग्रामीण क्षेत्र के ग्राहकों को टेक्नोसैवी बैंकिंग उत्पादों एवं सुविधाओं को उपलब्ध कराना बैंक का लक्ष्य है.

2. बैंकिंग सुविधा से वंचित ग्राहकों को व्यवस्थित कवरेज प्रदान करने के लिए बैंक द्वारा एक तीन वर्षीय रोड मैप/वित्तीय समावेशन योजना 2010-13 तैयार की गयी हैं. बैंक का सेवा से वंचित एवं अल्प सुविधा प्राप्त आबादी को शाखाओं में यूज़र फ्रैन्डली तकनीक मॉडल के जरिए तथा शाखा रहित स्थानों पर आउटसोर्सिंग एजेंसियों के जरिए समुचित रूप में सभी बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने का लक्ष्य है.

3. ऋण की व्यवहार्यता बढ़ाने हेतु वित्तीय एवं जीविकोपार्जक सलाह महत्वपूर्ण है. निःशुल्क वित्तीय साक्षरता/ शिक्षा एवं ऋण सलाह सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु बैंक द्वारा वाराणसी में एफएलसीसी की स्थापना की गयी है. शेष 9 अग्रणी जिलों में भी बैंक द्वारा चरणबद्ध ढंग से वित्तीय साक्षरता एवं ऋण सलाहकारी केन्द्र (एफएलसीसी) खोले जाएंगे.

वित्तीय समावेशन- बैंकिंग का एक अनिवार्य अंग

1. वित्तीय समावेशन बैंकिंग गतिविधियों का प्रमुख अंग रहेगा. वित्तीय सुविधाओं से वंचित गरीब तबके को उनके द्वार पर बॉयो मैट्रिक स्मार्ट कार्ड आधारित बैंकिंग सेवा उपलब्ध कराने हेतु बैंक द्वारा प्रौद्योगिकी का प्रयोग बढ़ाया जाएगा. वर्ष के अंत तक बैंक द्वारा आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, तमिलनाडु, केरल एवं पश्चिम बंगाल में नो फ्रिल सेविंग खातों के माध्यम से 2.42 मिलियन ग्रामीण/ शहरी गरीबों को इस सुविधा के तहत लाया गया. उनमें बचत की आदत पैदा करने तथा आर्थिक गतिविधियों के विकास हेतु बैंक द्वारा सूक्ष्म ऋण एवं सूक्ष्म बीमा उत्पाद उपलब्ध कराए गए हैं. बैंक द्वारा मुंबई एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ चयनित कॉरिडोर में बॉयो मैट्रिक कार्ड आधारित विप्रेषण सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है.

2. वित्तीय समावेशन के विस्तार हेतु बैंक द्वारा निम्नलिखित प्रयास किए गए हैं :-

   i. बैंक ने आंध्र प्रदेश, मध्यप्रदेश एवं केरल राज्यों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत मजदूरी के भुगतान एवं सामाजिक सुरक्षा के तहत पेंशन के भुगतान का दायित्व स्वीकार किया है. वर्ष के अंत तक बैंक द्वारा पूरे देश में 20,33,597 लाभार्थियों को पंजीकृत किया गया है.

   ii. वर्ष के दौरान 15,86,942 नो फ्रिल खाते (शाखा रहित बैंकिंग सहित) खोले गए. (गत वर्ष 2827475 खाते खुले.) इस प्रकार खुले नो फ्रिल खातों की कुल संख्या मार्च 2010 को 44,14,417 हो गयी.

   iii. ग्रामीण गतिविधियों के विकास एवं किसानों को खेती से बेहतर उपज एवं अधिक आय की प्राप्ति हेतु खेती के ढंग/ प्रौद्योगिकी के प्रयोग, उर्वरकों, कीटनाशकों के समुचित प्रयोग आदि में हुई नयी प्रगति की जानकारी उपलब्ध कराने हेतु पूरे देश में कोर केन्द्रों के रूप में 201 ग्राम ज्ञान केन्द्रों (वीकेसी) की स्थापना की गयी है.

iv. वित्तीय जागरुकता पैदा करने की बैंक की सामाजिक जिम्मेदारी के निर्वहन के तहत 90 यूनियन मित्र केन्द्रों की स्थापना की गई है. यूनियन मित्र केन्द्रों द्वारा समाज के सभी वर्गों विशेषकर ग्रामीण जनसंख्या को वित्तीय शिक्षा सेवा एवं ऋण सलाहकारी सेवाएं प्रदान की जाती हैं.

v. गावों में प्रत्येक घर को बैंकिंग सेवा उपलब्ध कराने की दृष्टि से बैंक ने अधिक से अधिक गांवों को 100% बैंकिंग आदत वाले गांवों के रूप में अपने कमांड क्षेत्र में लाने का प्रयास किया है. वर्ष के दौरान 8,955 गावों को 100% बैंकिंग आदत वाले गांवों के रूप में विकसित किया गया. मार्च 2010 को चार अग्रणी जिलों यथा एर्णाकुलम, इडुक्की, आजमगढ़ एवं जौनपुर में बैंक ने 100% वित्तीय समावेशन के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया.

vi. बैंक ने अपने 13 अग्रणी जिलों यथा एर्णाकुलम, इडुक्की, वाराणसी, मऊ, आजमगढ़, गाजीपुर, जौनपुर, भदोही, चंदौली, समस्तीपुर, खगड़िया, रीवा एवं सीधी जिलों में 13 आर-सेटी की स्थापना की है. इन संस्थाओं का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं अर्द्धशहरी इलाकों में युवाओं को स्व-रोजगार हेतु प्रशिक्षण प्रदान करना, विभिन्न व्यावसायिक एवं मानव संसाधन विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना एवं सलाहकारी सेवाएं प्रदान करना है.

ऋण अनुश्रवणः

ऋण अनुश्रवण हेतु बैंक के पास एक समर्पित विभाग है. अनुश्रवण व्यवस्था के अंतर्गत ईएएस/ एसएमए खातों (शीघ्र चेतावनी व्यवस्था/ विशेष चिह्नित खातों) की ट्रैकिंग तथा तुरंत सुधारात्मक कदम उठाना शामिल है. वर्तमान में इस विभाग द्वारा पुनर्गठित खातों का गहन अनुश्रवण किया जा रहा है, जिसका विवरण निम्नानुसार हैः

तालिका 10ः पुनर्गठित खाता संविभाग

अग्रिम की प्रकृति (रु. करोड़ में)	मार्च 2009 तक		वि.व.10 के दौरान		कुल	
	खातों की संख्या	राशि	खातों की संख्या	राशि	खातों की संख्या	राशि
एमएसएमई	28272	647.42	1736	186.54	30008	833.96
जिसमें सूक्ष्म उद्यम	20620	249.18	590	18.22	21210	267.4
जिसमें लघु उद्यम	7571	242.91	1132	128.1	8703	371.01
जिसमें मध्यम उपक्रम	81	155.33	14	40.22	95	195.55
लार्ज कार्पोरेट	39	680.25	35	1172.19	74	1852.44
कृषि	15987	113.71	10	17.64	15997	131.35
रिटेल ऋण	38162	721.25	836	47.73	38998	768.98
अन्य	30808	796.71	3357	571.8	34165	1368.51
कुल	**113268**	**2959.34**	**5974**	**1995.9**	**119242**	**4955.24**

आस्ति गुणवत्ता प्रबंधन :

1. विश्व व्यापी मंदी का प्रभाव भारतीय अर्थव्यवस्था पर भी पड़ा तथा इसके विकास की गति धीमी हुई. परिणामस्वरूप विगत वर्ष में कई खातों का पुनर्गठन करना पड़ा. यद्यपि कि भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार का रुझान शुरू हो गया है; लेकिन तीव्र विकास में अभी कुछ और समय लगेगा. बाजार में मंदी की स्थिति के कारण अनेक पुनर्गठित खातों में पुनर्गठन संबंधी मानदंडों का अनुपालन नहीं हो सका तथा ये खाते गैर-निष्पादक (एनपीए) हो गये. उपर्युक्त परिदृश्य का प्रभाव बैंक की आस्तियों की गुणवत्ता पर पड़ा है तथा बैंक का सकल एनपीए 31 मार्च 2010 को बढ़कर रु. 2671 करोड़ हो गया, जो 31 मार्च 2009 को रु.1923 करोड़ था. प्रतिशत की दृष्टि से सकल एनपीए 31 मार्च 2009 के 1.96% से बढ़कर 31 मार्च 2010 को 2.20% हो गया. शुद्ध एनपीए भी 31 मार्च 2010 को बढ़कर रु.965 करोड़ हो गया, जो 31 मार्च 2009 को रु.326 करोड़ था. प्रतिशत की दृष्टि से यह पिछले वर्ष के 0.34% से बढ़कर 0.81% हो गया है.

तालिका 11ः गैर निष्पादक खातों का संचलन (रुपये करोड़ में)

	वि व 09	वि व 10
प्रारम्भिक सकल एनपीए	1657	1923
नये स्लीपेज	1177	1785
घटायाः		
अपग्रेडेशन	138	123
वसूली	406	401
अपलिखित	366	513
सकल एनपीए (अन्तिम)	1923	2671
शुद्ध एनपीए		
प्रारम्भिक	126	326
अंतिम	326	965

2. वर्ष के दौरान नकद वसूली एवं अपग्रेडेशन रु.524 करोड़ रहा जो पिछले वर्ष रु.545 करोड़ था. प्रारंभिक एनपीए स्तर के सापेक्ष वसूली/ अपग्रेडेशन का अनुपात 27.24% रहा, जिसमें विगत वर्ष की ही भांति कृषि ऋण राहत एवं ऋण छूट योजना (ADRDWS) की राशि शामिल नहीं है. अपलिखित खातों में रु.183 करोड़ की वसूली किसी एक वर्ष में अब तक की गई सर्वाधिक वसूली है.

3. बैंक ने सरफेसिया (SARFAESIA) के अंतर्गत 3690 चूककर्ता खातेदारों के बीच रु.800 करोड़ की बकाया राशि के लिए नोटिस जारी की है. एकमुश्त समझौते (OTS) के अंतर्गत रु.127 करोड़ के 726 मामलों को अनुमोदित किया गया. इसके अतिरिक्त, बैंक 1007 मामलों में रु.263 करोड़ की आस्तियों को कब्जे में लेकर इनसे रु.87 करोड़ वसूल करने में सफल रहा है. ओटीएस योजना के अंतर्गत बैंक ने 58800 से अधिक मामलों में रु.348 करोड़ का समझौता किया, जिसमें से रु.185 करोड़ की वसूली हो चुकी है.

4. उच्च मूल्य के एनपीए खातों में वसूली करने हेतु बैंक ने देश भर में 10 आस्ति वसूली शाखाओं की स्थापना की है. उनके द्वारा वसूली प्रयासों पर काफी जोर दिया गया है. वर्ष के दौरान इन शाखाओं द्वारा रु.113 करोड़ की वसूली की गई, जिसमें से रु.55 करोड़ अपलिखित खातों में वसूल हुए.

5. बैंक ने रु.1.00 लाख से कम बकाया मूल्य के एनपीए खातों में समझौते हेतु एक विशेष योजना तैयार की है. इस वर्ष बैंक ने रु.75 करोड़ की समाधान राशि के 52650 मामलों का निपटान किया. बैंक ने देश भर में 2728 वसूली कैंप लगाये, जिनमें 39,178 मामलों का समाधान कर रु.121 करोड़ की वसूली की गयी. वसूली के प्रभावी उपाय के रूप में लोक अदालत मंच का भी उपयोग किया गया. वर्ष के दौरान बैंक ने रु.19 करोड़ के 4261 मामलों का निपटान किया.

6. एनपीए श्रेणी के बड़ी राशि के उधार खातों की समीक्षा नियमित अंतराल पर नियंत्रक कार्यालयों में विभिन्न स्तरों पर की जाती है. बैंक की एनपीए की स्थिति की समीक्षा तिमाही अंतराल पर निदेशक मंडल की प्रबंधन समिति द्वारा की जाती है. इस वर्ष बैंक ने दो (2) प्रूडेंशियल अपलिखित खातों की बिक्री रु.26.79 करोड़ में की है.

ट्रेजरी :

1. विकसित देशों में वित्तीय उथल-पुथल और वैश्विक मंदी के दबावों के कारण भारतीय रिजर्व बैंक ने सभी क्षेत्रों के लिये निधियों के सरल प्रवाह हेतु तरलता सुनिश्चित करने के लिये अनेक उपाय किये. प्रचुर तरलता और प्राप्तियों में कमी के कारण ट्रेजरी को अतिरिक्त निधियों के लाभप्रद विनियोजन में कठिनाई का सामना करना पड़ा. अर्थव्यवस्था में सुधार और विदेशी संस्थागत निवेशकों और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के कारण सभी प्रमुख मुद्राओं की तुलना में रुपया मजबूत बना रहा.

ए. निवेशः

1. बैंक का कुल निवेश संविभाग 31 मार्च 2009 के रु. 43,194 करोड़ की तुलना में 31 मार्च 2010 को रु.54,483 करोड़ रहा. इसमें सरकारी प्रतिभूतियों, राज्य विकास ऋणों और सांविधिक तरलता अनुपात बनाये रखने के लिये अनुमोदित प्रतिभूतियों तथा इक्विटी शेयर, कारपोरेट डिबेंचरों, पीएसयू बांडों, वाणिज्यिक प्रपत्रों (सीपी), जमा प्रमाण पत्रों (सीडी), सहायक कंपनियों और संयुक्त उद्यमों में किया गया निवेश शामिल है. 31 मार्च 2010 को निवेश पर प्राप्ति की दर पिछले वर्ष की 7.24% की तुलना में 6.32% रही. निवेश पर ब्याज आय, निवेश के विक्रय पर लाभ तथा शुद्ध प्रतिशोधन सहित निवेश संविभाग पर प्रतिलाभ पिछले वर्ष के 8.07% की तुलना में 7.36% रहा.

2. ट्रेजरी का हमेशा प्रयास रहा है कि तरलता बनाये रखने के साथ अतिरिक्त निधियों के विनियोजन से अधिकतम लाभ प्राप्त किया जाए. ट्रेज़री द्वारा सांविधिक अपेक्षाओं के पालन के साथ सरकारी प्रतिभूतियों, बांडों, डिबेंचरों व इक्विटी की खरीद की जाती है और विदेशी मुद्रा बाजार में निधियां विनियोजित की जाती हैं. इस वर्ष घरेलू और विदेशी मुद्राबाजार के परिचालनों से ट्रेजरी का कुल लाभ रु.729.90 करोड़ रहा, जो पिछले वर्ष रु.517.48 करोड़ था.

3. बैंक डेरिवेटिव में स्वयं की ट्रेडिंग के साथ-साथ ग्राहकों को भी डेरिवेटिव संव्यवहारों के माध्यम से हेजिंग की सुविधा प्रदान करता है. ये संव्यवहार भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार किये जाते हैं. ट्रेजरी ने एनएसई में संव्यवहार प्रारंभ होने के दिन से ही ब्याज दर फ्यूचर में संव्यवहार करना प्रारम्भ कर दिया था तथा अब यह एक्सचेंज के माध्यम से होने वाले करेंसी आप्शन जैसे संव्यवहारों के लिये पूरी तरह तैयार है.

4. अपना बैंक, एनएसई और एमसीएक्स-एसएक्स दोनों ही एक्सचेंज प्लेटफार्मों के करेंसी फ्यूचर मार्केट में लेनदेन करने वाले सक्रिय बैंकों में से एक है. स्वयं की ट्रेडिंग के अलावा यह ग्राहकों के लिये भी उत्पाद उपलब्ध कराता है. .

अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग

1. वैश्विक मंदी ने विश्व व्यापार को बहुत बुरी तरह प्रभावित किया है. वर्ष 2009 की प्रथम छमाही का विश्व व्यापार वर्ष 2008 की समान अवधि के 8.2 ट्रिलियन अमरीकी डालर से कम होकर 5.8 ट्रिलियन अमरीकी डालर हो गया. वैश्विक आर्थिक संकट का सफलतापूर्वक मुकाबला करते हुए भारत का निर्यात 2009-10 की समाप्ति पर पिछले वर्ष से मात्र 4.7% कम होकर 176.5 बिलियन अमेरिकी डालर रहा. बैंक का विदेशी व्यापार टर्नओवर 17.13% की दर से बढ़कर 31 मार्च, 2010 को रु.86,657 करोड़ हो गया, जो पिछले वर्ष रु.73,984 करोड़ था.

2. बैंक का सभी प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय केन्द्रों पर 320 अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय बैंकों के साथ संपर्की संबंध है. 31 मार्च, 2010 को बैंक की 22 अंतर्राष्ट्रीय बैंकों और 20 विनिमय .गृहों के साथ रुपया आहरण व्यवस्था थी. ग्राहक के खाते में तत्काल जमा के ऑन-लाइन प्रेषण उत्पाद को व्यापक सफलता मिली है.

3. बैंक के निर्यात ऋण में 7.01% की कमी आयी है. निर्यात ऋण की मात्रा 31 मार्च, 2009 के रु.6746 करोड़ से कम होकर 31 मार्च, 2010 को रु. 6273 करोड़ रह गयी. यह कमी, निर्यात में कमी के कारण बैंकिंग उद्योग में आयी कमी के अनुरुप है.

ए. विदेशी परिचालन

1. अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बैंक बनने के अपने विजन के अनुसार बैंक ने चरणबद्ध तरीके से विदेशी शाखाएं खोलने की योजना बनाई है. बैंक की एक पूर्णस्तरीय शाखा मई 2007 से हांगकांग में कार्य कर रही है.

यह शाखा जमाराशि स्वीकार करने, व्यापार वित्त पोषण, बाहरी वाणिज्यिक उधारी और सिंडीकेटेड ऋण जैसे सामान्य बैंकिंग कार्य करती है. शाखा की जमाराशि 31 मार्च, 2010 को 82 मिलियन अमेरिकी डालर हो गई, जो 31 मार्च 2009 के 56.05 मिलियन अमेरिकी डालर के स्तर से 46.30% अधिक है. शाखा के अग्रिम 31 मार्च, 2009 के 257.35 मिलियन अमेरिकी डालर के स्तर से 158% बढ़कर 31 मार्च, 2010 को 664 मिलियन अमेरिकी डालर हो गये. परिचालन लाभ, 31 मार्च, 2009 के 3 मिलियन अमेरिकी डालर से 330% बढ़कर 31 मार्च, 2010 को 12.92 मिलियन अमेरिकी डालर के स्तर तक पहुंच गया.

2. वर्ष 2009-10 के दौरान बैंक ने सिडनी (ऑस्ट्रेलिया) और बीजिंग (चीन) में प्रतिनिधि कार्यालय खोले. 01 अप्रैल, 2010 को लंदन (यूके) में प्रतिनिधि कार्यालय खोला गया. इसके अतिरिक्त शंघाई(चीन) और आबूधाबी (यूएई) में बैंक के प्रतिनिधि कार्यालय हैं.

3. बैंक को भारतीय रिज़र्व बैंक से शंघाई (चीन) और एंटवर्प (बेल्जियम) में अपनी शाखाएं खोलने तथा जोहांसबर्ग (दक्षिण अफ्रीका) एवं टोरंटो (कनाडा) में प्रतिनिधि कार्यालय खोलने के लिए अनुमोदन प्राप्त हो गया है.

संव्यवहार बैंकिंगः

1. बैंक ने भुगतान और निपटान प्रणाली में सुधार पर ध्यान केंद्रित किया है. इसके लिए तकनीकी उत्पादों में निवेश किया गया है और ग्राहकों को सर्विस चैनल के विकल्प उपलब्ध कराये गये हैं. इलेक्ट्रानिक माध्यमों से संव्यवहार का प्रतिशत 2007-08 के 6% से बढ़कर मार्च 2010 में 35% हो गया.

ए. वैकल्पिक डिलीवरी चैनलः

वित्त वर्ष 2009-10 के दौरान बैंक अपने ग्राहकों को चैनलों के कई विकल्प उपलब्ध कराने तथा उन्हें और बेहतर सुविधाएं प्रदान करने हेतु प्रयासरत रहा. इस प्रयासों को सफल बनाने के लिए बैंक ने अलग-अलग क्षेत्रों में निम्न कदम उठाये.

1. डेबिट कार्ड

बैंक ने वर्ष के दौरान 2 मिलियन डेबिट कार्ड जारी किये. बैंक ने 4 विभिन्न प्रकार के डेबिट कार्ड जारी करने के लिए मास्टर कार्ड के साथ भी गठबंधन किया है; ताकि ग्राहक सेवा के स्तर में निरंतर सुधार लाया जा सके तथा विभिन्न प्रकार के ग्राहकों की पसंद के अनुसार उन्हें कार्ड जारी किये जा सकें.

चार्ट 5ः कार्ड आधार एवं एटीएम लेनदेन परिदृश्य



2. इंटरनेट एवं मोबाइल बैंकिंग -

i. बैंक ने अन्य इलेक्ट्रानिक सेवा चैनलों यथा मोबाइल व इंटरनेट बैंकिग का भी विस्तार किया है. इस वर्ष इन चैनलों में सुरक्षा उपायों को और सुदृढ़ करने तथा ग्राहकों की सुविधा में बढोत्तरी करने का हमारा प्रयास रहा. स्वयं पासवर्ड बनाना (सेल्फयूजर क्रियेशन) तथा तीसरे पक्ष को धन भेजने के लिए लाभग्रहीता का पंजीकरण करना इस वर्ष आंरभ किये गये प्रयास हैं. इस प्रकार की पहलों से भविष्य में अधिकाधिक ग्राहक इन सस्ते एवं सुरक्षित चैनलों के प्रयोग की ओर आकर्षित होंगे.

ii. भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक ने छोटी राशि के धन अंतरण और एम कामर्स के लिये एक सरल एसएमएस आधारित मोबाइल बैंकिंग प्लेटफार्म आरंभ किया है. इसने बैंक के ग्राहकों के मध्य मोबाइल बैंकिंग को लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है.

3 इलैक्ट्रानिक नकदी प्रेषण उत्पाद :

i. बैंक का एक उद्देश्य कागज रहित बैंकिग और इलैक्ट्रानिक लेनदेनों को बढ़ावा देना भी है और बैंक ने एनईएफटी (नेशनल इलैक्ट्रानिक फंड अंतरण) और आरटीजीएस (रीयल टाइम ग्रास सैटिलमेंट प्रणाली को लोकप्रिय बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है. जिसके परिणामस्वरूप, उच्चमूल्य के इलेक्ट्रॉनिक नकदी प्रेषणों में बैंक का मार्केट शेयर 4% तक बढ़ गया है.

ii. कुल मिलाकर वैकल्पिक चैनलों के माध्यम से बैंक के लेन-देन 31 मार्च 2009 के 21% के स्तर से बढ़कर मार्च 2010 में 35% हो गये हैं. इससे और अधिक ग्राहकों को उनकी सुविधानुसार लेनदेन के वैकल्पिक चैनल उपलब्ध हैं.

चार्ट 6 वैकल्पिक चैनल



4. एक्वायरिंग उत्पाद

i. इस साल बैंक ने एक्वायरिंग कारोबार के क्षेत्र में प्रवेश किया है और वीसा और मास्टर दोनों प्रकार के कार्ड स्वीकार करने वाली मशीन (पाइंट ऑफ सेल टर्मिनल) लगाने के लिये सारे देश में व्यापारिक प्रतिष्ठानों का नामांकन आरंभ किया है. खासकर टियर II और टियर III के शहरों के व्यापारियों के उत्साहप्रद प्रतिसाद को देखते हुए बैंक मार्च 2011 तक 50000 पीओएस टर्मिनल लगाने की उम्मीद करता है.

ii. बैंक को इस बात का गर्व है कि बैंक भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार पीओएस टर्मिनल पर नकदी उपलब्ध कराने में सर्वप्रथम बैंक रहा है. यह सेवा बैंक रहित क्षेत्र में निकट के व्यापारिक स्थान पर थोड़ी फीस का भुगतान कर छोटी राशि के धन आहरण के लिये बहुत उपयोगी

है. कार्ड के बड़े आधार से इस सेवा से भविष्य में बैंक को अच्छी मात्रा में शुल्क और कमीशन के रूप में आय मिलेगी.

बी. करेंसी चेस्ट

1. बैंक जनता को साफ और बिना स्टेपल लगे नोट देकर भारिबैं की स्वच्छ नोट नीति का पालन कर रहा है. इसके लिये बैंक ने हाई स्पीड नोट छंटाई मशीनें खरीदी हैं. भारिबैं के निदेशों के अनुपालन की निर्धारित समय सीमा के पहले ही ये मशीनें उन 250 शाखाओं को भी प्रदान की जा रही हैं, जहां औसत नकदी प्राप्ति रु.50 लाख या अधिक है.
2. बैंक अपनी क्षमताओं से नकदी प्रबंधन करने के साथ ही साथ एक ख्यातिप्राप्त एजेंसी के माध्यम से व्यावसायिक नकदी संचालन सेवाओं की चयनित आइटसोर्सिंग द्वारा दक्ष नकदी प्रबंधन सुनिश्चित करा रहा है. इससे ग्राहकों को डोरस्टेप बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराना भी संभव हुआ. करेंसी चेस्टों में एयर कंडिशनर के साथ ही साथ मास्क, एप्रन, दस्ताने, एयर प्यूरीफायर, पोर्टेबल आक्सीजन बोतलें जैसे स्वास्थ्यकर उपकरणों को उपलब्ध कराकर करेंसी चेस्ट सेवाओं को उन्नत किया गया है.
3. वर्ष के दौरान बैंक ने आजमगढ मे एक और करेन्सी चेस्ट खोला है. बैंक नकदी जमा अनुपात को बैंकिंग उद्योग के बैंच मार्क स्तर तक बनाये रखने में सफल रहा है. करेंसी चेस्ट से फीस आधारित आय पिछले वर्ष के रु.5.07 करोड़ की तुलना में आलोच्य वर्ष में रु.36.73 करोड़ तक पहुंच गई.

सी. नकदी प्रबंधन सेवाएं

1. बैंक की नकदी प्रबंधन सेवा कार्पोरेट ग्राहकों के लिखतों के संग्रहण के साथ ही साथ भुगतान का कार्य कम लागत एवं तीव्र गति से सुनिश्चित करता है. ग्राहक अब सभी चेकों को संकलित कर एक ही स्थान पर निधियां जमा कर सकते हैं. ठीक इसी प्रकार नकदी प्रबंधन सेवा ग्राहकों को उनके बल्क भुगतान एक ही स्थान से करने में सहायक होती है.
2. नकदी प्रबंधन सेवाएं बैंक का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है और बैंक ने अब तक विभिन्न केन्द्रों पर 13 शाखाएं खोली हैं एवं विशेषीकृत अधिकारियों की भर्ती भी की है. बैंक सीएमएस संग्रहण के निम्नलिखित उत्पादों का विपणन कर रहा है :-
   i. यूनियन स्पीड - स्थानीय चेक (छोटे/उच्च मूल्य के)
   ii. यूनियन स्पीड - बाह्य
   iii. यूनियन स्पीड - बाहय (स्थानीय)
   iv. केन्द्रीकृत नामे / जमा

   बैंक ने रिमोट पे ऑर्डर, डिमांड ड्राफ्ट, आहरण व्यवस्था, चेक राइटिंग एवं बल्क पेमेंट जैसे सीएमएस भुगतान उत्पादों का विपणन आरंभ कर दिया है.
3. सीएमएस अब नए वेब आधारित सोफ्टवेयर पर ऑनलाइन कार्य कर रहा है, जिसमें सभी वसूली उत्पादों का समावेश है.
4. कार्पोरेट ग्राहकों के लिए सीएमएस के लाभ हैं - लिखतों की त्वरित वसूली, बेहतर निधि प्रबंधन, निधियों का अधिकतम उपयोग, सेवाओं/लेनदेनों की निम्न लागत, मूल उद्गम स्थान पर निधियों का संग्रह, इच्छित स्थानों पर निधियों का त्वरित एवं सहज अंतरण, प्राप्य राशियों एवं भुगतानों का केन्द्रीकृत नियंत्रण, नकदी अनुमान एवं सूचीकरण तथा नकदी शेष में कमी आदि.

डी. ट्रेड एवं चैनल वित्तीयन, व्यापारी बैंकिंग

1. बैंक ने एक विशेष योजना तैयार की है और कुछ बडी आटो कंपनियों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे वे उनके वितरकों एवं खुदरा खरीददारों को वित्त प्रदान कर सकें. बैंक उन कुछ बैंकों में पहला बैंक हैं, जिसने सेबी द्वारा 1 जनवरी 2010 से आरंभ की गई. आस्बा (ब्लाक राशि द्वारा समर्थित आवेदन) फेज़ II सुविधा उपलब्ध कराई है.
2. बैंक अधिकाधिक ग्राहक संतुष्टि सुनिश्चित करने और लेनदेनों की लागत को कम करने के लिए वैकल्पिक डिलीवरी चैनलों के जरिए लेनदेन करने पर विशेष जोर दे रहा है.

ई. तृतीय पार्टी उत्पादों का वितरण :-

1. तृतीय पक्ष उत्पाद वितरण विभाग की स्थापना इस उद्देश्य के साथ की गयी थी कि वे बैंक की छवि को एक 'वित्तीय सुपर मार्केट' के रुप में बनाएं और अपने ग्राहकों को जीवन बीमा, गैर जीवन बीमा, म्युचुअल फंड, स्टाम्प वैंडिंग आदि जैसे मूल्य वर्धित उत्पाद/सेवाएं उपलब्ध कराएं.
2. बैंक ने बीमा उत्पादों (दोनों जीवन एवं गैर जीवन बीमा) के वितरण से पिछले वर्ष के रु.20.98 करोड़ की आय की तुलना में वित्तीय वर्ष 2009-10 के दौरान रु.25.58 करोड़ की कमीशन आय अर्जित की.
3. वर्ष 2009-10 के दौरान बैंक की संयुक्त उपक्रम म्युचुअल फंड कं. 'यूनियन के बी सी एसेट मैनेजमेंट कं.' को आरंभ करने का सेबी से सैद्धांतिक अनुमोदन प्राप्त हो गया है. इस कंपनी के उत्पाद वित्तीय वर्ष 2010-11 की तीसरी तिमाही के दौरान लांच होने की संभावना है.

सूचना प्रौद्योगिकी

1. प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आपके बैंक ने बहुत पहल की है. कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (सीबीएस) और ऋण आटोमेशन सोल्यूशन (लैस), लीड मैनेजमेंट सिस्टम (एलएमएस), दक्ष वैकल्पिक डिलीवरी चैनलों, एकीकृत एमआईएस, प्रबंधन रिपोर्टों और डैशबोर्ड के लिए कारोबार सूचना साधनों का प्रयोग आदि जैसे अन्य समर्पित सिस्टमों के माध्यम से प्रौद्योगिकी को अंगीकार किया जा रहा है. प्रौद्योगिकी के प्रयोग में अधिकाधिक वृद्धि ने न केवल नए उत्पाद बनाने बल्कि परिचालन लागत में कमी लाने व उच्च उत्पादकता प्रदान करने में सहायता प्रदान की है.
2. आलोच्य अवधि के दौरान अर्जित कुछ प्रमुख उपलब्धियां निम्नानुसार हैं:-
   I. बैंक ने ऋण आटोमेशन सॉल्यूशन (लैस) का कार्यान्वयन अपनी सभी शाखाओं में पूरा किया. इसका क्रियान्वयन अक्तूबर 2008 में आरंभ किया गया था और इसे सितंबर 2009 में पूरा किया गया. बैंक के 30 क्षेत्रों की समस्त शाखाओं में लैस पर कार्य करना अनिवार्य किया है और इसे 2010 में सभी क्षेत्रों में क्रियान्वित कर दिया जाएगा.
   II. लेनदेनों की संख्या में ही निरंतर वृद्धि को पूरा करने के लिए डाटा सेंटर की प्रतिदिन लेनदेन क्षमता को 30 लाख से बढ़ाकर 45 लाख लेनदेन प्रतिदिन तक कर दिया गया है. वर्तमान में प्रतिदिन लेनदेनों की संख्या 33 लाख है. डाटा सेंटर बगैर बंद हुए 24 x7x365 दिन कार्यरत है. वर्ष के दौरान डाटा सेंटर की स्टोरेज क्षमता को भी 5 टेराबाइट से बढ़ाकर 10 टेराबाइट कर दिया गया है.

III. विभिन्न डिलीवरी चैनलों के माध्यम से ग्राहक सेवा में सुधार को ध्यान में रखते हुए, बैंक ने रिटेल ग्राहकों को काल सेंटर के माध्यम से एक और सेवा चैनल प्रदान किया है. यह एक ही स्थान से ग्राहकों से प्राप्त होने वाले टेलीफोन काल के साथ ही साथ उन्हें टेलीफोन के माध्यम से बैंक के उत्पादों की जानकारी भी प्रदान करता है. रिटेल बैंकिंग से संबंधित सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से कॉल सेंटर से बैंक के कई कार्य जुड़े हुए हैं :-

काल सेंटर के द्वारा निम्नलिखित सूचनाएं प्रदान की जाती हैं

ए. बचत और चालू जमा, रिटेल आस्तियों और अन्य सभी उत्पादों की जानकारी.

बी. डेबिट कार्ड

सी. क्रेडिट कार्ड एवं इंटरनेट बैंकिंग

डी. यू मोबाइल

ई. बैंक की ओर से कॉल करना (केवायसी)

एफ. एस एम एस बैंकिंग

जी. वेब चॅट सेवा

एच. क्षेत्रीय भाषाओं में बातचीत की सुविधा

आई. काल सेंटर को प्रतिदिन 600 कॉल प्राप्त हो रहे हैं और इनकी संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं.

iv. बैंक ने वर्ष के दौरान 536 नए एटीएम खोले, इनको मिलाकर एटीएम की कुल संख्या 2327 हो गई है. इन एटीएम का प्रयोग सभी बैंकों के वीज़ा व मास्टर दोनों कार्डधारक कर सकते हैं. अन्य बैंकों के साथ द्विपक्षीय एवं बहुपक्षीय समझौता हो जाने के कारण अब बैंक के ग्राहकों की पहुंच पूरे देश में स्थापित 57000 से अधिक एटीएम तक हो गई है. इस वर्ष के दौरान स्थापित किए गए नए एटीएम में वीडियो निगरानी एवं चोरी /सेंधमारी से बचाव के लिए एलार्म की व्यवस्था भी की गई है.

v. इंटरनेट बैंकिंग के क्षेत्र में बैंक ने वर्ष के दौरान कई नए उत्पाद / अतिरिक्त सुविधाएं प्रदान की हैं :-

ए. सेल्फ यूज़र क्रिएशन

बी. ईएमआई भुगतान

सी. टीडीएस भुगतान की जानकारी प्राप्त करना

डी. ऑनलाइन आस्बा

ई. केन्द्रीय/राज्य सरकारों एवं स्थानीय निकायों के लिए कर वसूली

बैंक इंटरनेट बैंकिंग को और व्यापक आधार प्रदान करने के लिए कई प्रतिष्ठानों से टाई-अप करने हेतु प्रयासरत है. इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से निधि अंतरण को और सुरक्षापूर्वक बनाते हुए बैंक ने तीसरे पक्षकारों को निधि अंतरण के लिए हिताधिकारी को पंजीकृत कराने जैसी एक और विशिष्ट सुविधा प्रदान की है. बैंक की इंटरनेट बैंकिंग सेवा का प्रयोग 4,66,000 से अधिक यूज़र कर रहे हैं.

vi. यू मोबाइल (मोबाइल भुगतान सॉल्यूशन) एवं एसएमएस एलर्ट के प्रयोग में भी काफी वृद्धि हुई है. एसएमएस एलर्ट के अन्तर्गत 8 लाख से अधिक एवं मोबाइल भुगतान के अन्तर्गत 1 लाख से अधिक यूज़र पंजीकृत किए गए है. बैंक ´नई-नई मूल्यवर्धित सुविधाएं / विशिष्टताएं शामिल कर वैकल्पिक डिलीवरी चैनलों को और अधिक उपयोगी बनाने के लिए निरंतर प्रयत्नशील है. एसएमएस/मोबाइल बैंकिंग की कुछ विशिष्टताएं निम्नानुसार हैं :-

ए. जमाराशियों की परिपक्वता तारीख एलर्ट प्राप्त होना.

बी. ई एम आई भुगतान एलर्ट

सी. रु.1000 तक के एसएमएस आधारित मोबाइल लेनदेन

डी. प्रतिदिन रु.50000/- तक के लेनदेन मोबाइल बैंकिंग से करने की सुविधा

ई. खाते की सूचना / मिनी विवरण इत्यादि.

चार्ट 7- एटीएम पहुंच एवं वैकल्पिक डिलीवरी यूजर



vii. बैंक ने कारोबारी वर्टिकलों को सहायता पहुंचाने एवं लेनदेनों की दक्षता में सुधार लाने के लिए वर्ष के दौरान सीबीएस प्लेटफार्म पर कई उत्पाद तैयार किए.

कोर बैंकिंग प्लेटफार्म पर तैयार किए गए कुछ मूल्यवर्धित उत्पाद निम्नानुसार हैं.

ए. कोर बैंकिंग आस्बा II - उत्पाद लांच करने वाला पहला बैंक.

बी. चेक बुक आवेदन प्रणाली का आटोमेशन-अब चेक बुक जारी करने हेतु अनुरोध सीबीएस के माध्यम से शाखाओं द्वारा प्रविष्ट किया जाता है और इसकी प्रोसेसिंग केन्द्रीकृत रुप से की जाती है.

सी. ट्रेजरी शाखा के लिए डिजिटल अथारिटी चेक सुविधा का आरंभ.

डी. पिछले कार्यदिवस के अपवादात्मक लेनदेनों की मैन्डेटरी रिपोर्ट

ई. स्कूल फीस वसूली हेतु मेनू.

एफ. एटीएम खातों को संबंधित शाखाओं में शिफ्ट करना, जिससे एटीएम लेनदेनों पर समुचित नियंत्रण एवं समाधान किया जा सके.

जी. स्थानीय शाखा खातों का समापन एवं समाशोधन नियंत्रण.

एच. के. का. के सभी विभागों को सीबीएस प्लेटफार्म में शामिल करना.

आई. वार्षिक लेखाबंदी के लिए केन्द्रीकृत टीपीएम रिवर्सल सुविधा प्रदान करना.

जे. एनआरआई शाखाओं के लिए भारी मात्रा में खाता खोलने की सुविधा प्रदान करना.

के. क्षेत्रीय/अंचलीय प्रमुखों को प्रतिदिन कारोबारी आंकड़ों का एसएमएस भेजना.

प्रबंध तंत्र को रिपोर्ट एवं डैश बोर्ड के रुप में प्रमुख आंकड़े प्रदान करने के लिए निम्नलिखित प्रबंध सूचना संसाधन विकसित किए गए हैं.

ए. प्रमुख कारोबारी पैरामीटरों पर सभी शाखाओं को दैनिक रिपोर्ट भेजना.

बी. परिचालन विभागों हेतु रिपोर्ट

सी. क्षेका/फील्ड म.प्र.को कार्यनिष्पादन के प्रमुख पैरामीटरों पर रिपोर्ट

डी. अपवादात्मक लेनदेनों की रिपोर्ट

ई. उच्च प्रबंधन के लिए डैश बोर्ड

प्रयोक्ताओं को प्रदान की गई इंटरनेट सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाने हेतु वर्ष के दौरान केन्द्रीकृत पैच प्रबंधन, एंटी वायरस प्रबंधन और नेटवर्क एडमीशन कंट्रोल (नैक) प्रणालियां कार्यान्वित की गई.

जोखिम प्रबंधन

1. आपके बैंक ने जोखिम प्रबंधन के क्षेत्र में बढ़-चढ़ कर कार्य किया है. इसकी जोखिम अवधारणा में जोखिम नियंत्रण एवं विनियामक फ्रेमवर्क के अंतर्गत एक सुदृढ़ पोर्टफोलियो तैयार करना एवं उसे बनाए रखना है. जोखिम प्रबंधन फ्रेमवर्क को विशेष रुप से प्रमुख जोखिम क्षेत्रों की पहचान करने, उनके परिमाण का पता लगाने, उनका अनुश्रवण करने एवं उनका कौशलपूर्ण प्रबंधन करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है, जिससे जोखिम और प्रतिफल के बीच समुचित समन्वय रखते हुए अंशधारकों की संपत्ति में वृद्धि की जा सके. बैंक का हमेशा यह सुनिश्चित करने का प्रयास रहता है कि कारोबारी भागीदार जोखिम प्रबंधन कार्यो से लाभान्वित हों तथा उपलब्ध पूंजी का और अत्यधिक प्रभावी उपयोग हो.

2. बैंक के जोखिम प्रबंधन संरचना में स्वतंत्र जोखिम प्रबंधन संगठनात्मक ढ़ांचा (कार्पोरेट एवं फील्ड दोंनो स्तर पर), जोखिम प्रबंधन नीतियां, जोखिम के परिमाण के तरीके और जोखिम अनुश्रवण व प्रबंधन प्रणाली शामिल है. फील्ड में जोखिम प्रबंधन अधिकारियों की पदस्थी की बैंक की पहल से संपूर्ण संस्था में जोखिम के प्रति एक अनुकूल वातावरण तैयार हुआ है. विभिन्न जोखिमों क्षेत्रों हेतु बैंक एवं क्षेत्रीय कार्यालयों के जोखिम प्रोफाइलिंग का कार्य तिमाही आधार पर किया जा रहा है.

3. मुख्यतः जोखिम पैरामीटरों के निर्धारण और एक समन्वित जोखिम प्रबंधन व नियंत्रण प्रणाली की स्थापना करना बैंक के निदेशक मंडल की प्राथमिक जिम्मेदारी है. बैंक का बोर्ड जोखिम प्रबंधन नीतियों को अनुमोदित करता है और बैंक की जोखिम वहन करने की क्षमता के साथ ही साथ जोखिम प्रबंधन हेतु उपलब्ध कौशल को ध्यान में रखते हुए सीमाएं निर्धारित करता है. निदेशक मंडल की सहायता के लिए एक उपसमिति है, जिसे जोखिम प्रबंधन और एएलएम पर बोर्ड की पर्यवेक्षी समिति के नाम से जाना जाता है. इस समिति को ऋण जोखिम प्रबंधन समिति (सीआरएमसी), आस्ति देयता समिति (एल्को) और परिचालन जोखिम प्रबंधन समिति (ओआरएमसी) से सहायता मिलती है. ये समितियां अध्यक्ष एवं प्रबंधक निदेशक / कार्यपालक निदेशक की अध्यक्षता में गठित कार्यपालकों की समितियां हैं.

ए ऋण जोखिम

1. ऋण जोखिम प्रक्रिया में उन नीतियों और प्रैक्टिसों को शामिल किया गया है, जिससे खाता स्तर एवं संविभाग स्तर पर ही ऋण जोखिम का पता लगा कर उनका अनुश्रवण सुनिश्चित किया सके. ऋण जोखिम प्रबंधन प्रणाली के साथ ही साथ अचल संपत्ति ऋण नीति और संपार्श्विक प्रबंधन नीति वित्तीयन से संबंधित ऋण जोखिम का पता लगाती है. ऋण अनुमोदनकर्ता प्राधिकारी, विवेकपूर्ण ऋण सामाएं, जोखिम मापन पद्धति, जोखिम आधारित मूल्य निर्धारण, संविभाग प्रबंधन आदि ऋण जोखिम प्रबंधन की प्रमुख विधाएं हैं.

2. बैंक ने सभी ऋण प्रस्तावों में व्याप्त ऋण जोखिम को न्यूनतम करने के लिए मानकीकृत और विस्तृत पारिभाषित अनुमोदन प्रक्रिया तैयार की है. बैंक ने क्षेत्रीय कार्यालयों/फील्ड महा प्रबंधक कार्यालयों और केन्द्रीय कार्यालय में ऋण अनुमोदन ग्रिड की स्थापना की है. बैंक ने रु.2.00 लाख से अधिक की ऋण सीमा के लिए ऋण रेटिंग मॉडल और रिटेल लेंडिंग योजनाओं के लिए स्कोरिंग मॉडल विकसित किया है. बैंक का संपूर्ण ऋण सविभाग आंतरिक क्रेडिट रेटिंग के अध्यधीन होता है. इसके पास गत 8 वर्षों के क्रेडिट रेटिंग माइग्रेशन एवं चूक संभाव्य आंकड़े उपलब्ध हैं.

3. बैंक ने ऋण ऑटोमेशन सोल्युशन (लैस) कार्यान्वित किया है, जो ऋण प्रबंधन प्रक्रिया का त्रुटिरहित एकीकरण करता है. यह एक तरफ ऋण आवेदनों के निपटान के लिए विश्वसनीय टर्नअराउंड समय और दूसरी ओर मानकीकृत प्रक्रिया प्रदान करेगा. यह ऋण प्रदान करने के बाद उसका अनुश्रवण और एनपीए का प्रबंधन भी करेगा.

4. बैंक ऋणों की गुणवत्ता में सुधार और जोखिम प्रोफाइल रखने के लिए निरन्तर प्रयासरत है, जो ऋणियों, उत्पादों और उद्योगों के संवर्ग के अनुसार अलग-अलग हो.

बी. बाजार जोखिम

1. आस्ति देयता प्रबंधन नीति एवं ट्रेज़री नीति बैंकिंग और व्यापार जगत में व्याप्त बाजार जोखिम व व्यापार बही का प्रबंधन करने में सहायक हैं. बाजार जोखिम के प्रबंधन की समग्र जिम्मेदारी आस्ति देयता प्रबंधन समिति (एल्को) की है. समिति की नियमित बैठकें होती हैं और इसमें विभिन्न आस्तियों एवं देयताओं के परिमाण, संमिश्र, मूल्य एवं संरचना के बारे में निर्णय लिया जाता है. यह मुख्यतः बाजार जोखिम की पहचान, मापन, अनुश्रवण और तरलता व ब्याज दर जोखिम का प्रबंधन करती है. यह तरलता और ब्याज दर जोखिम के प्रबंधन हेतु अनुपात विश्लेषण, अंतर विश्लेषण रिपोर्ट-संरचनात्मक तरलता, डायनामिक तरलता, ब्याज दर संवेदनशीलता, जोखिम मूल्य, अवधि गैप विश्लेषण इत्यादि का उपयोग करती है. इसका मूल उद्देश्य आय परिदृश्य तथा आर्थिक मूल्य परिदृश्य दोनों दृष्टिकोणों से मूल्यवर्द्धन करना है. बैंक के पास एक स्वतंत्र मिड ऑफिस कार्यरत है, जो ट्रेज़री में स्थित है तथा जोखिम प्रबंधन को रिपोर्ट करता है. यह ऑफिस एक्सपोज़र विश्लेषण, निर्धारित ऋणसीमाओं तथा जोखिम संवेदनशील मानदंडों यथा व्याप्त जोखिम, पीवी 01 (आधार बिंदु परिवर्तित होने पर वर्तमान मूल्य), अवधि, विफलीकरण अवधि इत्यादि एवं उनका विश्लेषण से संबंधित अनुपालन सुनिश्चित करता है.

सी. परिचालनात्मक जोखिम :

1. परिचालन जोखिम के प्रबंधन के प्रारंभिक साधन के रुप में, परिपूर्ण प्रणाली और प्रक्रिया तथा आंतरिक नियंत्रण और लेखा परीक्षा का प्रयोग किया जाता है. भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक की उसके बोर्ड द्वारा अनुमोदित परिचालन जोखिम प्रबंधन नीति है. परिचालन

जोखिम की जांच और समाधान के लिए सभी नये उत्पादों को नव उत्पाद अनुमोदन प्रक्रिया से गुजरना होता है. विगत 2 वर्षों के परिचालन जोखिम के आंकड़े एकत्रित किये गये है, जिन्हें 8 कारोबार लाइनों और 7 प्रकार की हानियों में बांटा गया है बैंक की आय भी 8 कारोबार लाइनों में विभाजित है और मानकीकृत अवधारणा को अपनाने के लिए तैयार है. बैंक ने आईबीए की पहल एक्सटर्नल डाटा पूलिंग में भी शामिल होने की सहमति भी दे दी है.

2 अच्छे कारपोरेट गवर्नेंस के उपाय के रुप में अपने कामकाज में अधिक पारदर्शिता लाने के लिए बैंक ने प्रकटन नीति बनायी है तथा कारोबार निरंतरता योजना बनाकर उसे कार्यान्वित किया है. कारोबार निरंतरता योजना में उथल-पुथल की स्थिति में अपने स्टाफ, आस्तियों और ग्राहकों के हितों के संरक्षण के लिए विभिन्न उपायों का विस्तृत खाका तैयार किया है. कारोबार निरंतरता योजना में वास्तविक जीवन की घटनाओं की रोकथाम एवं उनसे बचाव के उपायों का समावेश है.

डी. बासल II का कार्यान्वयन :

1. बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित समय सीमा में नया पूंजी पर्याप्तता फ्रेमवर्क कार्यान्वित किया है. बैंक ने शुरुआत के ऋण जोखिम के लिए मानकीकृत प्रणाली, बाजार जोखिम के लिए मानकीकृत ड्यूरेशन प्रणाली और परिचालन जोखिम के लिए आरंभिक संकेतक प्रणाली को अपनाया है. इस दिशा में अब तक किये गये कार्य, बासल II समझौते में निर्धारित पूंजीमापन के अत्याधुनिक मानकों के पालन की दिशा में है.
2. बैंक ने उन्नत दृष्टिकोण को अंगीकृत करने हेतु विभिन्न उपाय किए हैं. इस दिशा में टू डायमेंशनल ऑब्लाइजर एवं सुविधा रेटिंग के साथ आस्ति संवर्ग वार क्रेडिट रेटिंग मॉडल का आरंभ, डाटा प्रबंधन फ्रेमवर्क तैयार करना एवं एकीकृत जोखिम प्रबंधन के लिए सलाहकार की नियुक्ति जैसे कुछ कदम उठाए गए हैं.
3. जोखिम प्रबंधन में कौशल में वृद्धि के लिए बैंक जोखिम प्रबंधन पर आंतरिक प्रशिक्षण प्रदान करना है. इसके अतिरिक्त प्रतिष्ठित प्रशिक्षण संस्थाओं में जोखिम प्रबंधन के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में अधिकारियों को नामित किया जाता है. बैंक प्रतिष्ठित बिजनेस स्कूलों से योग्य प्रोफेशनल की भर्ती कर रहा है, जो जोखिम प्रबंधन की परंपरा, मापन और प्रबंधन उपायों को परिष्कृत करने में सहायक होंगे.
4. बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार पिलर- 2 जोखिम की मात्रा के मापन और आंतरिक पूंजी पर्याप्तता निर्धारण प्रक्रिया (आईसीएएपी) फ्रेमवर्क तैयार किया है. बैंक अपनी व्यवसायिक इकाइयों, उत्पादों और ग्राहकों की लाभप्रदता के आकलन हेतु जोखिम आधारित कार्य-निष्पादन मापन पद्धति भी आरंभ करने हेतु प्रयासरत है.

ई. अनुपालन कार्य

1. भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरुप तथा व्यवहार प्रक्रिया की सुदृढ़ता बनाने के लिए बैंक ने अनुपालन प्रबंधन विभाग की स्थापना की है. बैंक में एक सुदृढ़ अनुपालन परंपरा आरंभ करने हेतु प्रयास किए जा रहे हैं. अनुपालन नीति तैयार की गई है और परिचालन विभागवार अनुपालन संबंधी समस्याएं चिन्हित की गई हैं. एक रिपोर्टिंग प्रणाली भी आरंभ की गई है, जिसमें
   1. स्वतः प्रमाणन एवं
   2. जोखिम प्राधिकारियों के माध्यम से यदाकदा टेस्टिंग /निगरानी कराई जा रही है. जिससे नियामक एवं सांविधिक अनुपालना संबंधी समस्याओं का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके .
2. स्टाफ सदस्यों के बीच जागरुकता पैदा करने के लिए अनुपालन पर सघन प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किए गए हैं.

केवाईसी/एएमएल

1. बैंक ने केवाईसी /एएमएल (अपने ग्राहक को जानिए - धनशोधन निवारण) अनुपालना को सुदृढ़ बनाने हेतु विभिन्न उपाय किए हैं. खाता खोलने का नया फार्म बनाया गया है जिसमें ग्राहक प्रोफाइल में अतिरिक्त सूचनाएं एवं केवाईसी जांचबिन्दुओं को शामिल किया गया. अतिरिक्त सूचनाओं को शामिल करते हुए साक्षात्कार एवं ग्राहक ड्यू डिलिजेंस फार्म को भी संशोधित किया गया है. केवाईसी/एएमएल साफ्टवेयर को भी अद्यतन किया जा रहा है, जिससे अतिरिक्त सूचनाओं एवं रिपोर्टों को इसमें शामिल किया जा सके. केवाईसी/एएमएल पर विशेष प्रशिक्षण सत्र/ कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं. इसके अलावा बैंक के सभी स्टाफ सदस्यों में गंभीरता लाने हेतु सभी आंतरिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में केवाईसी/एएमएल पर एक सत्र अनिवार्य कर दिया गया है. बैंक ने वर्तमान केवाईसी/एएमएल व्यवस्था, इसके मूल्यांकन एवं जहां भी वांछित हो, उपयुक्त सुझाव देने हेतु एक सलाहकार की नियुक्ति की है.

मानव पूंजी

ए. भर्ती

1. वर्ष के दौरान बैंक ने कैम्पस भर्ती के साथ नई भर्ती की प्रक्रिया प्रारंभ की, जिसके माध्यम से विभिन्न ग्रेडों/वेतनमानों में कुल 1063 अधिकारियों की भर्ती की गई. जिनमें विशेषीकृत खंड के 728 अधिकारी भी शामिल थे. इसके अतिरिक्त 40 लिपिकीय स्टाफ भी भर्ती हुए.
2. देश में विद्यमान सर्वोत्तम प्रतिभाओं को आकृष्ट करने की दृष्टि से बैंक द्वारा वर्ष के दौरान प्रतिष्ठित आईआईएम एवं आईआईटी सहित ख्याति प्राप्त बिजनेस स्कूलों एवं कृषि विश्वविद्यालयों से बड़े पैमाने पर कैम्पस भर्ती की प्रक्रिया प्रारंभ की गई. ऐसा बैंकिंग उद्योग में कुछ बैंकों द्वारा ही किया गया है. आईआईएम सहित विभिन्न कैम्पस भर्ती में कुल 421 अधिकारियों का चयन किया गया.

टेबल 12 - मानव पूंजी का वर्गीकरण

पैरामीटर	अधिकारी	लिपिक	अधी.स्टाफ	योग
कुल जनबल	13149	8572	7698	29419
जिसमें से अनुसूचित जाति	2561	1755	2918	7234
अनुसूचित जनजाति	766	381	607	1754
अन्य पिछड़ा वर्ग	1485	940	1406	3831
विकलांग	97	183	122	402
भूतपूर्व सैनिक	74	285	1432	1791
महिलाएं	1469	2492	899	4860

नोट : अधीनस्थ स्टाफ में 1647 अंशकालिक सफाईकर्ता शामिल हैं.

बी. पदोन्नति

पात्र कर्मचारियों को कैरियर संवृद्धि का अवसर प्रदान करने तथा

कार्मिकों को बेहतर कार्यनिष्पादन हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से बैंक द्वारा सभी संवर्गों में वित्तीय वर्ष 2009-10 के अंत तक नई पदोन्नति प्रक्रिया आरंभ कर दी गई.

सी. प्रौद्योगिकी

यूनियन परिवार पीपुलसाफ्ट पैकेज के माध्यम से उपलब्ध तकनीकी सहयोग के माध्यम से कार्मिक विभाग द्वारा कर्मचारी पारिश्रमिक, स्टाफ कल्याणकारी लाभ, सेवान्त लाभ, स्टाफ अग्रिम, प्रतिपूर्ति आदि के अंतर्गत त्वरित एवं समय से भुगतान किया गया, जिससे आन्तरिक ग्राहकों में आनंद की वृद्धि हुई है. आने वाले समय में और बेहतर स्टाफ सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु तकनीकी संवर्द्धन हेतु बैंक कटिबद्ध है.

डी. औद्योगिक संबंध

प्रमुख ट्रेड यूनियनों के साथ निरंतर वार्तालाप तथा सभी विवादास्पद मामलों के समाधान के कारण बैंक का औद्योगिक संबंध सौहार्द्रपूर्ण रहा. अनुशासनिक कार्रवाई के मामले अत्यंत न्यायपूर्ण तरीके से तथा मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए शीघ्रता से निपटाये गये.

ई. आरक्षण नीति

बैंक में कार्यरत विभिन्न अनुसूचित जाति/ अनु.जन जाति एवं ओबीसी कल्याणकारी संगठनों के साथ विभाग द्वारा नियमित वार्तालाप किया गया तथा विभिन्न आरक्षित श्रेणी के नीतिगत मामलों सहित कर्मचारियों की शिकायतों के समाधान में इस मंच की सार्थक भूमिका रही.

एफ. स्टाफ कल्याण

वर्ष 2008-09 के दौरान, अपने कर्मचारियों की आशाओं पर खरा उतरने और उनकी प्रतिभागिता एवं क्षमता को विकसित करने के लिए विभिन्न कर्मचारी हितैषी स्टाफ कल्याण योजनाओं के अंतर्गत रु.15 करोड़ की अधिकतम अनुमत रकम का उपयोग करने के भरपूर प्रयास किए गए.

जी. मानव संसाधन पहल

नवनिर्माण कार्यक्रम के दूसरे चरण में, बैंक ने मानव संसाधन रुपांतरण को प्रमुख क्षेत्र के रुप में चिन्हित किया है, जो बैंक द्वारा चलाई जाने वाली मानव संसाधन नीतियों और प्रैक्टिसों में आमूल चूल परिवर्तन लाना इस कार्यक्रम का उद्देश है.

I. बैंक ने मेसर्स हेविट एंड एसोसिएट्स (इंडिया) प्रा.लि. को मानव संसाधन सलाहकार के रुप में नियुक्त किया है, जो बैंक द्वारा चलाई जाने वाली मानव संसाधन रुपांतरण प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करेंगे.

II. सलाहकार वर्तमान मानव संसाधन प्रणाली एवं सर्वश्रेष्ठ मानव संसाधन प्रणाली में बीच के अंतर की पहचान करने के बाद उपयुक्त समाधान एवं कार्यान्वयन हेतु रणनीतियों के साथ ही साथ भर्ती, पदोन्नति, स्थानांतरण, जॉब निर्धारण, जॉब रोटेशन, प्रशिक्षण, योजना, मानव संसाधन विकास ढांचा, एचआरआईएस इत्यादि जैसे सामान्य मानव संसाधन पर समुचित सुझाव देंगे.

एच नीति संशोधन

1. बदलते कारोबारी परिदृश्य के अनुकूल और विज़न दस्तावेज में वर्णित उद्देश्यों को पूरा करने में बैंक को सुदृढ़ बनाने हेतु वर्ष के दौरान अधिकारी सवर्ग में पदोन्नति, लिपिकीय संवर्ग से अधिकारी संवर्ग में पदोन्नति और अधीनस्थ संवर्ग से लिपिकीय संवर्ग में पदोन्नति के संबंध में आवश्यक नीतिगत संशोधन किए गए.

2. बैंक द्वारा एक नई हाउस कीपर नीति तैयार की गई, जिसके अनुसार

   i. सफाईकर्ताओं का पदनाम बदलकर हाउसकीपर किया गया.

   ii. स्टाइपेंड स्केल को समाप्त किया गया और सभी स्टाइपेंड सफाईकर्ताओं को 1/3 वेतनमान प्रदान किया गया.

   iii. सभी हाउसाकीपरों को नीले रंग की पोशाक प्रदान की गई जिस पर सफेद बैकग्राउंड में बैंक का प्रतीक चिन्ह अंकित होगा.

   iv. हाउसकीपर को नकद प्रोत्साहन प्रदान करना - क्षेत्र की प्रत्येक श्रेणी की सर्वश्रेष्ठ शाखा के हाउसकीपर को रु.2000/- और सर्वश्रेष्ठ हाउस कीपर को रु.5000/- नकद प्रोत्साहन प्रदान करने की योजना.

नई योजनाएं

स्टाफ के लिए निम्नलिखित कल्याणकारी योजनाएं तैयार की गयीः

i. निर्धारित आई टी प्रमाणन कोर्स को पूरा करने पर परीक्षा फीस एवं अन्य संबंधित लागतों की प्रतिपूर्ति के साथ ही साथ एकमुश्त मानदेय प्रदान करने की एक नई योजना.

ii. झूठी शिकायतों के पेटे कार्यपालकों / अधिकारियों / अवकाश प्राप्त अधिकारियों को कानूनी एवं वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए एक नई योजना.

स्टाफ हित लाभ :

i. वर्ष के दौरान स्टाफ हाउसिंग ऋण, त्यौहार अग्रिम आदि जैसे कुछ प्रमुख स्टाफ संबंधी हितलाभों को बढ़ाया गया और इसे अधिक आकर्षक बनाया गया.

ii. अधिकारियों को प्रदान किए जाने वाने फर्नीचर की मौद्रिक सीमा को बढ़ाया गया और इसके साथ ही साथ फर्नीचरों की मदें भी बढाई गई.

राजभाषा कार्यान्वयन

1. वर्ष के दौरान बैंक ने राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की हैं.

2. परिणामस्वरुप बैंक को क एवं ख भाषायी क्षेत्र में 2008 -09 में श्रेष्ठ कार्यनिष्पादन के लिए प्रतिष्ठित 'भारतीय रिज़र्व बैंक राजभाषा शील्ड योजना' का प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ.

3. इसके अलावा, बैंक को वर्ष 2007-08 के लिए गृह मंत्रालय (भारत सरकार) का इंदिरा गांधी राजभाषा शील्ड योजना का प्रोत्साहन पुरस्कार भी प्राप्त हुआ, जिसकी घोषणा वर्ष 2009-10 के दौरान की गई.

4. इसके साथ ही साथ वर्ष के दौरान बैंक को गुजरात राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति का प्रथम पुरस्कार एवं महाराष्ट्र एवं आंध्र प्रदेश राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति के दो द्वितीय पुरस्कार भी प्राप्त हुए.

5. राजभाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन के लिए बैंक के 21 क्षेत्रीय कार्यालयों / शाखाओं को उनके संबंधित क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन कार्यालयों और / या नगर राजभाषा कार्यान्वियन समितियों से शील्ड / पुरस्कार प्राप्त हुए.

6. बैंक ने वर्ष 2009-10 के दौरान अपने कर्मचारियों के बीच राजभाषा के प्रति अधिक जागृति लाने के उद्देश्य से 'मानव संसाधन - विविध आयाम' नामक हिन्दी पुस्तक का प्रकाशन किया.

7. बैंक द्वारा कार्यपालकों और अन्य कर्मचारियों के बीच उत्पाद ज्ञान पर आधारित हिन्दी में ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन किया गया.

जे. यूनियन धारा :

1. बैंक की गृह पत्रिका 'यूनियन धारा' प्रबंधन एवं कर्मचारियों के बीच आंतरिक संप्रेषण का उत्कृष्ट माध्यम बनी रही और यह स्टाफ सदस्यों के बीच अपनत्व की भावना पैदा करने और कर्मचारियों को उनके कर्तव्यों, निष्ठा एवं सृजनशीलता के प्रति प्रेरित करने के अपने उद्देश्यों में सफल रही.

2. वर्ष के दौरान, यूनियन धारा, मध्य पृष्ठ, पिछले कवर पृष्ठ और समाचार मदों की विषयवस्तु में नवोन्मेष विचारों / अवधारणाओं के साथ प्रकाशित की गयी. इस प्रकार, यूनियन धारा कर्मचारियों के पुनः अभिमुखीकरण की दिशा में अपना पूर्ण योगदान प्रदान कर रही है.

3. इस वर्ष यूनियन धारा को विभिन्न प्रतियोगिताओं में कुल 10 पुरस्कार प्राप्त हुए, जिसमें सुविख्यात प्रतिष्ठान एसोसिएशन ऑफ बिज़नेस कम्युनिकेशन ऑफ इंडिया (एबीसीआई) से प्राप्त 6 पुरस्कार, प्रेस क्लब ऑफ त्रिवेन्द्रम, पब्लिक रिलेशन काउंसिल ऑफ इंडिया (पी आर सी आई), अखिल भारतीय राजभाषा गृह पत्रिका एवं भारिबैं, प्रत्येक से प्राप्त एक-एक पुरस्कार शामिल है.

के. सुरक्षा :

1. आलोच्य वर्ष के दौरान, बैंक ने सुरक्षा सुविधाओं में वृद्धि, प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन और शाखाओं के सुरक्षा मानकों में सुधार के द्वारा सुरक्षा स्तर को बढ़ाने के लिए सघन प्रयास किए. सुरक्षा अधिकारियों द्वारा 1426 शाखाओं में सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया.

2. इलेक्ट्रानिक निगरानी व्यवस्था को प्रमुखता से लागू करने के लिए बैंक की 630 शाखाओं एवं सभी 2327 एटीएम में सीसीटीवी सिस्टम लगाए गए.

ज्ञान - गंगा

1. पुनर्व्यवस्थापन एवं रीब्रांडिंग के एक वर्ष के बाद, यह वर्ष बैंक के प्रशिक्षण तंत्र के लिए चुनौतीपूर्ण रहा. रीब्रांडिंग अभियान के दौरान किए गए वायदों की पूर्ति सुनिश्चित करने में बैंक के मानव संसाधन को शामिल किए जाने की महती आवश्यकता थी. वर्ष के दौरान प्रशिक्षण हेतु की गयी पहल इस दिशा पर ही केन्द्रित रखी गयी और इसके साथ ही साथ संस्था के बदले स्वरूप और इसके स्टाफ सदस्यों की प्रशिक्षण संबंधी बढ़ती जरूरतों को भी प्रभावी ढ़ंग से पूरा किया गया.

2. प्रशिक्षण प्रणाली द्वारा गुणवत्ता पूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करने के प्रयासों का पूरा लाभ उठाने के लिए बैंक की प्रशिक्षण संबंधी जरूरतों का पता कर स्टाफ सदस्यों की प्रशिक्षण जरूरतों का उनसे मिलान किया गया. कार्यपालक, अधिकारी, लिपिक और अधीनस्थ स्टाफ, सभी की प्रशिक्षण आवश्यकताओं का ख्याल रखा गया. वर्ष के दौरान अनुमोदित कैलेंडर के अनुसार स्टाफ कालेज बंगलोर और 7 प्रशिक्षण केंद्रों पर कुल 426 कार्यक्रम संचालित किये गये जिनमें 8645 स्टाफ सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया. इनके अलावा 252 स्थानिक प्रशिक्षण और कार्यशालाएं आयोजित की गईं जिनमें 8212 स्टाफ सदस्यों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया. प्रशिक्षण प्रणाली द्वारा बैंक के प्रायोजित ग्रामीण बैंकों के 1173 स्टाफ सदस्यों हेतु कोर बैंकिंग सॉल्यूशन पर 52 कार्यक्रम आयोजित किए गए.

3. ब्रांड वायदों को पूरा करने के उद्देश्य से, भारतीय रिज़र्व बैंक के सहयोग से जाली / नकली नोटों की पहचान करने के लिए खजांचियों हेतु विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए. इसके अतिरिक्त, हाउसकीपिंग, आईटी सॉल्यूशनों का प्रयोग बढ़ाने, ऋण ऑटोमेशन सॉल्यूशन और केवाईसी एवं एएलएम दिशा-निर्देशों पर विभिन्न संवर्ग के स्टाफ सदस्यों के लिए कार्यशालाओं का आयोजन किया गया.

4. बैंक द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के स्टाफ सदस्यों को सी बी एस प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 52 कार्यक्रम आयोजित किए गए. कुल मिलाकर, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के 1173 स्टाफ सदस्यों को सीबीएस का प्रशिक्षण दिया गया. बैंक को सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय बैंकों में शत प्रतिशत सीबीएस कार्यान्वित करने वाला पहला बैंक होने का गौरव प्राप्त है.

5. नेतृत्व विकास : समीक्षाधीन वर्ष के दौरान मैनेजमैंट एजूकेशन प्रोग्राम (एमईपी 2008) का तीसरा बैच सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. प्रमुख एवं विख्यात प्रबंधन संस्थानों के प्रोफेसर इस एक वर्षीय कार्यक्रम से जुड़े रहे. बैंक के 24 अधिकारियों, जिनका चयन एक सुविचारित चयन प्रक्रिया के द्वारा किया गया था, को इस कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला, जो 15 दिसंबर 2008 को आरंभ होकर 15 नवंबर 2009 को संपन्न हुआ. इस कार्यक्रम की गतिविधियां शिक्षाविदों के एक समूह द्वारा निर्देशित थीं, जो एकेडमिक काउंसिल मीटिंग के माध्यम से आवधिक अंतराल पर मिलते थे. कुछ प्रमुख प्रोजेक्ट के अध्ययन एवं निष्कर्ष बैंक के उच्च प्रबंधन समूह - अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, कार्यपालक निदेशक और महा प्रबंधकों के समक्ष प्रस्तुत किए गए. प्रथम दो बैचों के प्रतिभागियों को दिनांक 8 मार्च 2010 को स्टाफ प्रशिक्षण केन्द्र, मुंबई में आयोजित एक संयुक्त सम्मेलन में कार्यक्रम पूर्णता प्रमाणपत्र दिए गए.

6. स्टाफ को आंतरिक तथा बाहरी दोनों ही प्रकार के मिश्रित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया जिससे उनके कौशल को अद्यतन रखा जा सके. इस संबंध में, बैंक के 351 कर्मचारियों को भारत में एवं 31 कर्मचारियों को विदेशों में आयोजित बाहरी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षित किया गया.

आंतरिक लेखापरीक्षा :

1. बैंक ने 1 अप्रैल 2009 से शाखाओं की लेखापरीक्षा को पूर्णतः जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा में परिवर्तित कर दिया है. बैंक में विभिन्न

लेखापरीक्षाओं के लिए निदेशक मंडल की लेखापरीक्षा समिति द्वारा अनुमोदित सुपरिभाषित लेखापरीक्षा नीति और निरीक्षण मैन्युअल उपलब्ध हैं.

2. वर्ष के दौरान 2620 शाखाओं की नियमित लेखापरीक्षा एवं आईएस लेखापरीक्षा की गयी. इसके अतिरिक्त, वर्ष 2009-10 के दौरान 82 विदेशी विनिमय डीलिंग शाखाओं, 35 सेवा शाखाओं, 60 करेंसी चेस्ट, 55 क्षेत्रीय कार्यालयों एवं 9 महा प्रबंधक कार्यालयों का प्रबंधकीय लेखापरीक्षण किया गया. निदेशक मंडल की लेखापरीक्षा समिति की वर्ष के दौरान 12 बैठकें संपन्न हुईं, जिन्होंने लेखापरीक्षा रिपोर्टों की समीक्षा की और परिचालनात्मक दक्षता एवं नियंत्रण प्रणाली में सुधार हेतु सुझाव दिए. बैंक का 68.34% कारोबार सनदी लेखाकारों की बाहरी फर्मों द्वारा समवर्ती लेखापरीक्षा के अधीन है. बैंक ने समवर्ती लेखापरीक्षा को सुदृढ़ करने के उपाय किए हैं.

सतर्कता :

1. बैंक में परिचालनों की सुरक्षा के एक साधन के रूप में कार्य करने हेतु केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुरूप एक विस्तृत एवं सुसंगत सतर्कता प्रणाली लागू है. 2007 से, बैंक यूनियन विज़िल के नाम से एक द्विभाषिक न्यूज़ लेटर प्रकाशित कर रहा है, जिसमें धोखाधड़ी ग्रस्त क्षेत्रों, धोखेबाजों द्वारा अपनायी गयी कार्य प्रणाली एवं प्रक्रियागत सुधारों का समावेश होता है, जिससे धोखाधड़ी के जोखिमों का सामना किया जा सके.

2. धोखाधड़ी के मामलों को रोकने के लिए शाखाओं / नियंत्रक कार्यालयों के निवारक सतर्कता निरीक्षण और क्षेत्र कर्मियों को कमियों के प्रति सचेत किया जाता है. वर्ष के दौरान, बैंक के विभिन्न कार्यालयों में 162 निरीक्षण किए गए. इसके तहत् जहां कहीं आवश्यक होता है, कार्यप्रणाली एवं प्रक्रियागत सुधारों हेतु सुझाव भी दिए जाते हैं.

ग्राहक सेवा और शिकायत निवारण प्रणाली :

1. आपका बैंक भारतीय बैंकिंग कोड एवं मानक बोर्ड (बीसीएसबीआई) का सदस्य है. बैंक एमएसएमई सहित बीसीएसबीआई द्वारा निर्धारित कोड का कार्यान्वियन कर रहा है. बैंक ने अपने उत्पादों एवं सेवाओं के मानक अंग्रेजी, हिन्दी एवं क्षेत्रीय भाषाओं में मुद्रित कराए हैं और सभी शाखाओं के सभी ग्राहकों को उपलब्ध कराए हैं. भारतीय बैंकिंग कोड एवं मानक बोर्ड के मानकों को स्वीकार करने से ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करना बैंक की बड़ी जिम्मेदारी है. इस दिशा में, बैंक अपने सभी उत्पादों एवं सेवाओं में पारदर्शिता बनाए रखने एवं ग्राहकों को इसकी जानकारी पहुंचाने हेतु प्रयास कर रहा है.

2. बैंक ने ग्राहक सेवा के बारे में भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक और भारतीय बैंक संघ द्वारा समय-समय पर जारी की गयी संस्तुतियों को कार्यान्वित किया है. तकनीक का लाभ उठाते हुए, बैंक ने एक ऑनलाइन शिकायत निवारण प्रणाली आरंभ की है, जिसके माध्यम से न्यूनतम समय में ग्राहकों की शिकायतों का समाधान किया जाता है. इसके अतिरिक्त, वित्त मंत्रालय, प्रशासनिक सुधार व लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) के दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक ने केन्द्रीकृत लोक शिकायत निवारण एवं अनुश्रवण प्रणाली (सीपीजीआरएएमएल) के माध्यम से वित्त मंत्रालय से प्राप्त शिकायतों पर ऑन लाइन कार्रवाई की प्रणाली भी स्थापित की है.

3. ग्राहक केन्द्रित दृष्टिकोण रखते हुए बैंक तिमाही आधार पर अपनी सभी शाखाओं में एक निर्धारित तिथि को ग्राहक बैठक का आयोजन करता है, जिसमें ग्राहकों को बैंक के कार्य निष्पादन की जानकारी के साथ ही साथ बैंक के उत्पादों और सेवाओं की प्रमुख बातें भी बताई जाती हैं और उनसे प्राप्त फीडबैक / सुझावों को ऑनलाइन रिकार्ड किया जाता है एवं उन पर समुचित कार्रवाई की जाती है.

4. ग्राहक सेवा उपायों के रूप में ई-बैंकिंग उत्पादों के अंतर्गत एस एम एस एलर्ट सुविधा को व्यापक रूप से आरंभ किया गया है, जिससे ग्राहकों को उनके खाते में होने वाले लेनदेनों की समुचित जानकारी प्राप्त होती रहे और उनके सेवा अनुरोधों को पूरा किया जा सके. इसके अतिरिक्त, बैंक ने सेल्फ यूज़र क्रिएशन सुविधा आरंभ की है, जो रिटेल एवं व्यक्तिगत ग्राहकों को इंटरनेट बैंकिंग हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने की सुविधा प्रदान करती है. अन्य बैंक खातों में निधि अंतरण, बिल भुगतान, शॉपिंग इत्यादि जैसी बहुत सी नयी सेवाएं ई-बैंकिंग उत्पाद में शामिल की गयी हैं. बैंक ने सभी ऋण आवेदनों को रजिस्टर करने का एक सिस्टम तैयार किया है, जिसमें आवेदक को रजिस्ट्रेशन नं. आबंटित किया जाता है, जिसके माध्यम से आवेदक ऋण आवेदनों की वर्तमान स्थिति का पता लगा सकता है.

5. एकल सूचना केन्द्र के रूप में, बैंक ने मुंबई के पवई स्थित डाटा सेंटर में कॉल सेंटर की स्थापना की है, जो ग्राहकों को कार्डों की हॉट लिस्टिंग, स्थायी अनुदेशों, निधि अंतरण, विभिन्न जमा एवं ऋण उत्पादों के बारे में पूछताछ इत्यादि जैसी सेवाएं 24 घंटे प्रदान करता है..

6. बैंक विशेषीकृत उत्पादों / सेवाओं का क्रियान्वयन निर्धारित समय सीमा (टीएटी) के अंदर करने के लिए वचनबद्ध है विशेषकर मल्टी सिटी चेक जारी करने, समाशोधन और काउंटर सेवा में लगने वाले समय को. इन पर निगरानी रखी जा रही है, जिससे समय सीमा में इनका कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जा सके .

7. शाखा में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं एवं प्रौद्योगिकी के समुचित प्रयोग के द्वारा ग्राहकों की लेनदेन संबंधी आवश्यकताओं को प्रभावी ढ़ंग से पूरा करने एवं आपसी संबंधों को और मजबूत बनाने की दिशा में लॉबी बैंकिंग की अवधारणा एक उपयुक्त कदम है. इसमें स्वतः पास बुक मुद्रित करने, पावती सहित चेक ड्राप बॉक्स की सुविधा और ऐसे ही कई ग्राहक अनुकूल उत्पाद उपलब्ध कराए जाते हैं. लॉबी बैंकिंग सुविधा 23 शाखाओं में क्रियान्वित की जा चुकी है. इस सुविधा को अन्य क्रन्द्रों पर भी आरंभ करने के प्रयास जारी हैं.

8. केन्द्रीय सिविल पेंशनरों के साथ ही साथ रक्षा पेंशनरों को भी पेंशन का त्वरित एवं समय से भुगतान करने हेतु केन्द्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली आरंभ की गई है.

9. बैंक ग्राहकों की शिकायतों के प्रति सतर्क एव संवेदनशील रहेगा और सभी स्तरों पर सेवा में कमी को दूर करने के एक उपाय के रूप में इसका इस्तेमाल करेगा. ग्राहकों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को और अधिक पारदर्शी बनाने के क्रम में शिकायत निवारण मशीनरी और क्षतिपूर्ति से संबंधित नीतियों की समय-समय पर समीक्षा की जाती है और उन महत्वपूर्ण तथ्यों पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जो ग्राहक सेवा को अधिक प्रभावित करते हैं. इसीलिए, ग्राहकों के फीडबैक के आधार पर

ग्राहक सेवा में व्याप्त कमियों को दूर करने की दिशा में एटीएम, मोबाइल बैंकिंग, फोन एवं इंटरनेट बैंकिंग जैसे सभी डिलीवरी चैनलों को पर्याप्त महत्व दिया जाता है. कॉल सेंटर, ऑनलाइन शिकायतें जैसे चैनल शिकायतें प्राप्त करने एवं साथ ही साथ शिकायतों का निवारण करने, दोनों पर ही ध्यान देते हैं.

विस्तार

1. तीव्र शाखा विस्तार बैंक की एक प्रमुख प्राथमिकता है. वर्ष के दौरान, बैंक ने 247 शाखाएं खोली हैं, जिससे बैंक की पंहुच अखिल भारतीय स्तर तक सुनिश्चित की जा सके. इस बात का ध्यान रखा जा रहा है कि मैट्रो, शहरी, अर्धशहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के बीच शाखाओं का वितरण लगभग समान रहे. बैंक की एक पूर्ण शाखा हांगकांग में एवं 5 प्रतिनिधि कार्यालय विदेशों में स्थित हैं.

तालिका 8 : शाखाओं का विस्तार एवं उनका कारोबार संमिश्र



तालिका 9 : शाखाओं का भौगोलिक विभाजन एवं बैंक के कारोबार में उनका योगदान



अवसर

1. रिटेल क्षेत्र : देश में युवाओं की बढ़ती जनसंख्या, उनकी खर्च करने की बढ़ती क्षमता और बैंकिंग आवश्यकताओं के प्रति उनका रवैया बैंक की सुस्थिर विकास दर का आधार बनेगा. अग्रणी एशियाई देशों की तुलना में रिटेल का कम प्रसार हमारे लिए एक अवसर है. यह नए बाजार विकसित करने या नया कारोबार या नवोन्मेष उत्पाद प्रारंभ करने का सुअवसर है.
2. ग्रामीण क्षेत्र : देश की जनसंख्या का एक बड़ा भाग अभी भी ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर निर्भर है, जो काउंटरसाइक्लिकल प्रकृति को दर्शाता है. इस क्षेत्र में भी अच्छे अवसर प्रतिबिंबित होते हैं.
3. प्रतिभा बैंक : अत्यधिक कुशल एवं विशिष्ट मानव संसाधनों की उपलब्धता से उत्पादकता में वृद्धि और गुणवत्ता में सुधार के अच्छे आसार हैं.
4. प्रौद्योगिकी : यह गुणवत्ता, दक्षता और उच्च ग्राहक संतोष का समन्वित रुप है.

चुनौतियां

1. अर्थव्यवस्था में सुधार की धीमी गति, लोक ऋण में निरंतर वृद्धि और विकसित देशों में ग्राहकों के उत्साह में कमी समग्र वित्तीय व्यवस्था के लिए नकारात्मक संकेत हैं. घरेलू अर्थव्यवस्था में भी कुछ नरमी के जोखिम हैं. वर्ष 2010-11 के दौरान सामान्य मानसून के पूर्वानुमान के कारण कृषि की विकास दर पुनः प्राप्त होने की संभावना व्यक्त की जा रही है, परंतु इसमें सदैव की भांति अनिश्चितता बनी रहेगी. दूसरे, इस समय निवेश की मांग वैश्विक संकट के पहले की वृद्धि दर से काफी कम है और निजी उपभोग की मांग में तेजी आने का अभी भी इंतजार है. कुल मिलाकर वैश्विक अर्थवयवस्था में अब तक उतना सुधार नहीं हुआ है, जिसकी वजह से भारतीय निर्यात में वृद्धि को बनाए रखने में भी असमंजस की ही स्थिति है.
2. अर्थव्यवस्था के विकास में मूल्य वृद्धि का जोखिम सदैव बना रहता है, जिसके कारण उच्च वेतन की मांग और कच्चे माल की लागत में वृद्धि से उत्पादों की लागत बढ़ने की संभावना बनी रहती है. तेल और खाद्यान्नों के मूल्य में अस्थिरता, जो थोक मूल्य सूचकांक को काफी हद तक प्रभावित करती है, से ब्याज दर में प्रतिकूल उतार-चढ़ाव हो सकता है. उच्च मूल्य वृद्धि और सख्त मौद्रिक नीति उपभोग पर रोक लगा सकती है. जहां तक मांग का प्रश्न है, निजी उपभोग मांगों में तेजी के साथ-साथ ऋण और मुद्रा की आपूर्ति में वृद्धि के स्तर में सुधार से मूल्य वृद्धि पर दबाव बढ़ सकता है.

संभावना

1. कारोबारी क्षेत्र में काफी सुधार हुआ है एवं आर्थिक गतिविधियों में और तेजी आने की प्रबल संभावना है. भारत में वृहत् राजकोषीय एवं मौद्रिक नीतियां निरंतर बढ़ रहे विकास सूचकांक और स्फीति जन्य आशंकाओं के बीच समन्वय बनाए रखने पर केन्द्रित है. वर्ष 2010-11 के यूनियन बजट के प्रस्ताव विकासोन्मुख हैं और साथ ही साथ राजकोषीय घाटे को कम करने हेतु भी स्पष्ट दिशानिर्देश दिए गए हैं. भारिबैं. की नीति भी इसका समर्थन करती है, जिसमें कहा गया है कि ऋणों पर ब्याज दर को व्यवहार्य रखते हुए ऋणों की गुणवत्ता को बनाए रखा जाए, जो अर्थव्यवस्था को उच्च वृद्धि दर हासिल करने का मार्ग प्रशस्त कर सके. आरंभिक अनुमानों के अनुसार वर्ष 2010-11 में मानसून के सामान्य और उद्योग एवं सेवा क्षेत्र में सामान्य वृद्धि दर बने रहने की संभावना व्यक्त की गई है. वर्ष 2010-11 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 8% या उससे अधिक रहने का अनुमान है. मैक्रोइकोनामिक बुनियादी क्षेत्र में सुदृढ़ता के साथ ही साथ घरेलू मांग मजबूत बनी रहने के कारण भारत विदेशी निवेशकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना रहेगा. भारत के विकास में बैंकिंग क्षेत्र प्रमुख मददगार तो होगा ही साथ ही, इन सबका सर्वाधिक लाभ भी इस क्षेत्र को ही मिलेगा.
2. आपका बैंक संसाधन जुटाने और उनका लाभप्रद विनियोजन कर विकास की गति के साथ चलने को तैयार है. नव निर्माण पहलों से यह अपेक्षित है कि मूल्य वर्धित सर्वश्रेष्ठ उत्पादों और सेवाओं, निर्धारित समय सीमा के अनुपालन, डिलीवरी चैनलों के विभिन्न विकल्प और पारदर्शिता के माध्यम से ग्राहकों को सुखद अनुभूति होगी.

कार्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट

1. कार्पोरेट गवर्नेंस के बारे में बैंक की मान्यता

1.1 यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में श्रेष्ठ कार्पोरेट गवर्नेंस की परिपाटी रही है. शेयरधारकों की संपदा वृद्धि और हितधारकों के हितों के संरक्षण के लिए बैंक ने अपने सभी स्तर के कार्यों में औचित्य, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व के सिद्धांत को अत्यधिक महत्व प्रदान किया है.

1.2 बैंक स्वयं को अपने शेयरधारकों का ट्रस्टी मानता है और उनके लिए संपदा सृजन करने और उसकी रक्षा करने की जिम्मेवारी स्वीकार करता है. आलोच्य वर्ष के दौरान बैंक कार्पोरेट कार्यनीति लागू करने और उसका अनुश्रवण करने, सुविचारित कारोबार योजना बनाने, बैंक के कारोबार की प्रमुख जोखिमों का अनुश्रवण करने तथा कानूनी एवं नैतिक जिम्मेदारियों के निर्वाह के लिए नीतियों और कार्यपद्धतियों के पालन के माध्यम से उक्त उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए प्रयत्नशील रहा है.

भारतीय कंपनी सेक्रेटरी संस्थान और कंपनी कार्य मंत्रालय ने मिलकर वर्ष के दौरान, श्रेष्ठ गवर्नेंस पालन करने वाली सर्वश्रेष्ठ 25 कंपनियों में बैंक को शामिल किया है. इस पुरस्कार के चयन मानदंडों में बोर्ड की सर्वश्रेष्ठ प्रणाली और प्रक्रिया, बोर्ड की गवर्नेंस, पारदर्शिता एवं प्रकटन, स्टेकधारकों की मूल्यवृद्धि, कार्पोरेट सामाजिक दायित्व, शीर्ष प्रबंधन की सृजनात्मक व सहयोगात्मक क्षमताएं, भावी योजनाओं और अच्छे कार्पोरेट गवर्नेंस संबंधी पहल शामिल हैं.

2. निदेशक मंडल

2.1 निदेशक मंडल का संघटन, बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण),1970 और राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंध और विविध प्रावधान) योजना, 1970 के प्रावधानों द्वारा नियंत्रित है. 31.03.2010 की स्थिति के अनुसार निदेशक मंडल में भारत सरकार द्वारा नियुक्त 3 पूर्णकालिक निदेशक यथा अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और दो कार्यपालक निदेशकों के अतिरिक्त आठ अंशकालिक गैर-कार्यपालक निदेशक भी हैं, जो समाज के विभिन्न वर्गों से चुने गए श्रेष्ठ व्यक्तित्व वाले महत्वपूर्ण व्यक्ति हैं. विभिन्न क्षेत्रों में उनके बहुमूल्य एवं वृहद् अनुभव बैंक की प्रगति एवं उपलब्धियों में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं.

2.2 निदेशक मंडल के उत्तरदायित्व में नीति निर्माण, नई पहल, कार्यनिष्पादन समीक्षा और बैंक के विभिन्न क्षेत्र कर्मियों को प्रदत्त शक्तियों से अधिक के मामलों में मंजूरी प्रदान करना और नियंत्रण करना सम्मिलित है. निदेशक मंडल ने विभिन्न समितियां बनाई हैं और विभिन्न कार्यक्षेत्रों में अधिकारों का प्रत्यायोजन किया है. निदेशक मंडल और समितियों की बैठक आवधिक अंतराल पर होती है.

3. बोर्ड / समिति की बैठकें और कार्यवाहियां

3.1 कार्यसूची मदों का निर्धारण और क्रमांकन

बोर्ड / समिति के सभी सदस्यों को बैठकों की सूचना पहले ही दे दी जाती है. बैठकें पूर्व निर्धारित कार्यसूची के अनुसार संपन्न होती है. बैठक से पहले कार्यसूची और व्याख्यात्मक नोट उपलब्ध करा दिये जाते हैं.

3.2 सदस्यों को जानकारी उपलब्ध कराना

कार्यसूची की सभी मदें विस्तृत जानकारी से परिपूर्ण होती हैं, जिससे सदस्य व्यापक समीक्षा कर उचित निर्णय ले सकें.

3.3 कार्यवाही के कार्यवृत्त रिकार्ड करना

बोर्ड / समिति की प्रत्येक बैठक की कार्यवाहियों के कार्यवृत्त रिकार्ड किये जाते हैं. श्रेष्ठ कार्पोरेट गवर्नेंस सिद्धान्तों के आधार पर सभी कार्यसूची मदों पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाता है. बैठकों की कार्यवाहियां कार्यवृत्त बही में प्रविष्टि की जाती है.

3.4 अनुवर्ती कार्रवाई प्रक्रिया

बैंक के पास, बैठक के बाद की अनुवर्ती कार्रवाई, बोर्ड और समितियों द्वारा लिये गये निर्णयों की समीक्षा और रिपोर्टिंग प्रक्रिया हेतु प्रभावी प्रणाली मौजूद है. पिछली बैठक(कों) में लिए गए निर्णयों पर कृत कार्रवाई की रिपोर्ट/पिछली बैठक के कार्यवृत्त बोर्ड / समिति की अगली बैठक में प्रस्तुत किए जाते हैं.

3.5 अनुपालन

बोर्ड द्वारा अनुपालन रिपोर्टों की आवधिक रूप से समीक्षा की जाती है ताकि सभी लागू होने वाले विधिक प्रावधानों, नियमों और दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जा सके.

3.6 कार्पोरेट गवर्नेंस संहिता

उत्तम पद्धतियों को ध्यान में रखते हुए बैंक ने कार्पोरेट गवर्नेंस की स्वैच्छिक संहिता तैयार की है. यह संहिता शीर्ष से ही अच्छी कार्पोरेट गवर्नेंस की भावना का विकास करती है. इसमें मूलतः सभी हितधारकों के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वाह में बैंक में प्रचलित कार्यप्रणालियां सम्मिलित एवं प्रलेखित हैं, यथा :

- निदेशक मंडल एवं उसकी विभिन्न समितियों की कार्यप्रणालियां
- अनुपालन एवं अनुश्रवण कार्यप्रणाली
- शेयरधारकों एवं ग्राहकों के साथ संबंध
- व्यापक स्तर पर सार्वजनिक प्रकटन
- कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और ;
- अन्य विधिक मामले जैसे आचार संहिता, इनसाइडर ट्रेडिंग, कार्मिक मामले, सतर्कता आदि.

3.7 बोर्ड बैठकें

आलोच्य वर्ष में निम्नलिखित तिथियों को 12 बोर्ड बैठकें संपन्न हुईं :

7 मई, 2009	8 अक्तूबर, 2009
8 मई, 2009	26 अक्तूबर, 2009
15 जून, 2009	12 दिसंबर, 2009
22 जून, 2009	27 जनवरी, 2010
23 जुलाई, 2009	4 मार्च, 2010
5 सितंबर, 2009	20 मार्च, 2010

वर्ष के दौरान हुई बोर्ड बैठकों में प्रत्येक निदेशक की उपस्थिति, बोर्ड समितियों की संख्या, जिनके कि वे सदस्य या अध्यक्ष हैं और अन्य कंपनियों / निगमों, जिनमें वे शेयरधारक एवं निदेशक हैं, का ब्यौरा निम्नानुसार है :

निदेशकों एवं वर्ष 2009-10 के दौरान आयोजित बैठकों के ब्यौरे

निदेशक का नाम एवं श्रेणी	जन्म-दिवस/ आयु (वर्ष)	अर्हता	उनकी कार्यावधि के दौरान आयोजित बैठकें	बैठकों में उपस्थिति	निदेशक मंडल की समितियों की सदस्यता	शेयर धारिता	अन्य कंपनियों में निदेशक
श्री एम वी नायर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (कार्यपालक)	03.03.52 58 वर्ष	बीएससी	12	12	एमसीएम, एससीआर एवं एएलएम, डीपीसी, डी पी सी (वी), एसटीसीबी, एससीएमएफ, सीएससीबी	शून्य	2
श्री टी वाय प्रभु कार्यपालक निदेशक (कार्यपालक)	30.12.50 59 वर्ष	बीकॉम, एलएलबी, सीएआईआईबी	5	5	एमसीएम, एसीबी, एससीआर एवं एएलएम, एसआईजीसी, एसटीसीबी, सीएससीबी, एससीएमएफ,	100	1
श्री एस. रामन कार्यपालक निदेशक (कार्यपालक)	07.09.52 57 वर्ष	उस्मानिया विश्वविद्यालय से वाणिज्य स्नातक (बी. कॉम)(द्वितीय रेंक)नागपुर विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर (प्रथम रेंक एवं स्वर्ण पदक) बिजनेस मैनेजमेंट में डिप्लोमा / जर्मन में सीनियर डिप्लोमा, भारतीय बैंकर्स संस्थान, मुंबई से सीएआईआईबी एवं चार्टर्ड इंस्टीच्यूट ऑफ बैंकर्स, लंदन से एसीआईबी	12	12	एमसीएम, एसीबी, एससीआर एवं एएलएम, एसआईजीसी, एसटीसीबी, सीएससीबी, एससीएमएफ,	शून्य	2
श्री एस. सी. कालिया कार्यपालक निदेशक (कार्यपालक)	06.08.51 58 वर्ष	एम.ए. (राजनीति), स्वर्ण पदक विजेता, सीएआईआईबी	4	4	एमसीएम, एसीबी, एससीआर, एएलएम, एसआईजीसी, एसटीसीबी,सीएससीबी, एससीएमएफ	शून्य	1
श्री के वी ईप्पन भारत सरकार द्वारा नामित (गैर कार्यपालक)	09.09.59 50 वर्ष	1984 के असम- मेघालय संवर्ग के आईएएस अधिकारी और वर्तमान में संयुक्त सचिव (बैंकिंग प्रशासन) वित्तीय सेवाएं विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली. सेंट स्टीफन कालेज दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र, कला स्नातक एवं अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर, एमडीआई, गुड़गांव से मैनेजमेंट में स्नातकोत्तर डिप्लोमा एवं यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रॅाडफोर्ड, यू के से मैक्रो इकोनॉमिक्स एवं प्लानिंग में एमएससी	12	7	एसीबी, डीपीसी, डीपीसी (वी), एससीआर एवं एएलएम, एससीएमएफ, आरसीबी, एनसीबी	शून्य	1
श्री के शिवरामन भारिबैं नामिती (गैर-कार्यपालक)	19.05.42 68 वर्ष	एमएससी (सांख्यिकी), सीएआईआईबी	12	12	एमसीएम, एसीबी, डीपीसी, डीपीसी (वी), एससीआर एवं एएलएम, आरसीबी, एनसीबी, सीएससीबी	शून्य	शून्य
श्री के एस श्रीनिवासन # चार्टर्ड एकाउन्टेंट (गैर कार्यपालक) @	26.07.55 54 वर्ष	बी कॉम, एफसीए, कंम्प्यूटर एप्लीकेशन में डिप्लोमा और डिप्लोमा इन इन्फार्मेशन सिस्टम (डीसा)	6	6	एमसीएम, एसीबी, एससीआर एवं एएलएम, एससीएमएफ.	शून्य	शून्य
श्री देवाशीष घोष # अधिकारी संवर्ग (गैर कार्यपालक)	25.12.59 50 वर्ष	बीएससी (ऑनर्स), एमबीए, कंप्यूटर साइंस में डिप्लोमा, मार्केटिंग मैनेजमेंट में पी जी डिप्लोमा, सीएआईआईबी, ग्रामीण विकास में डिप्लोमा	6	6	एमसीएम, सीएससीबी,	शून्य	शून्य

निदेशक का नाम एवं श्रेणी	जन्म-दिवस/ आयु (वर्ष)	अर्हता	उनकी कार्यावधि के दौरान आयोजित बैठकें	बैठकों में उपस्थिति	निदेशक मंडल की समितियों की सदस्यता	शेयर धारिता	अन्य कंपनियों में निदेशक
श्री आर आर नायर शेयरधारक (गैर कार्यपालक)	02.07.39 70 वर्ष	एमए, आईआईटी से पर्सनल मैनेजमेंट में मास्टर्स डिप्लोमा, एडवांस पर्सनल मैनेजमेंट में डिप्लोमा (यूके)	3	1	एमसीएम,एसीबी, एससीएमएफ, सीएससीबी, आरसीबी, एसआईजीसी	677	5
प्रो. एन एल सारडा शेयरधारक (गैर कार्यपालक)	02.05.48 61 वर्ष	बी ई, एम टेक, पीएचडी	3	2	एमसीएम, एसीबी, एसआईजीसी, एसटीसीबी	550	2
प्रो. एम एस श्रीराम शेयरधारक (गैर कार्यपालक)	16.05.62 47 वर्ष	बी. कॉम., ग्रामीण प्रबंधन में पी.जी. डिप्लोमा, फेलो (आईआईएमबी)	11	9	एमसीएम, एससीआर एवं एएलएम, सीएससीबी, आरसीबी, एससीएमएफ, एसटीसीबी.	100	4
श्रीमती रानी सतीश # अंशकालिक गैर-सरकारी (गैर कार्यपालक)	31.10.48 61 वर्ष	राजनीति शास्त्र में स्नातकोत्तर	9	7	एमसीएम, एसटीसीबी, एनसीबी	शून्य	शून्य
श्री अशोक सिंह अंशकालिक गैर-सरकारी	02.07.53 56 वर्ष	विज्ञान स्नातक एवं लखनऊ विश्वविद्यालय से विधि में स्नातकोत्तर	12	10	एमसीएम, एसआईजीसी, एससीआर एवं एएलएम, सीएससीबी	शून्य	शून्य
श्री एन. शंकर वर्कमैन कर्मचारी निदेशक	20.05.58 51 वर्ष	बीएससी, आईसीडब्ल्यूए	12	12	एमसीएम, सीएससीबी, एसटीसीबी	शून्य	शून्य
डा. गुलफ़ाम मुज़िबी अंशकालिक गैरसरकारी (गैर-कार्यपालक)	27.04.45 64 वर्ष	रांची विश्वविद्यालय से स्वर्ण पदक के साथ एमए, पीएचडी, एलएलबी	12	12	एमसीएम, सीएससीबी	शून्य	शून्य
श्री अरुण कुमार नंदा $ शेयरधारक (गैर-कार्यपालक)	13.03.49 61 वर्ष	बी कॉम (ऑनर्स), विधि में स्नातक (एलएलबी), इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउण्टेंस ऑफ इंडिया और इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज़ ऑफ इंडिया के फेलो मेंबर.	8	5	एसआईजीसी, आरसीबी	200	18
श्री एस. रवि @ $ शेयरधारक (गैर-कार्यपालक)	12.07.59 50 वर्ष	बीएससी, एम. कॉम एवं एफसीए, सेंटर ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज़, जेएमआई से पीएचडी कर रहे हैं.	8	8	एसीबी, एमसीएम	600	9

$ श्री अरुण कुमार नंदा 22.06.2009 को आयोजित ईजीएम में चुने गए.
श्री एस रवि 22.06.2009 को आयोजित ईजीएम में चुने गए.
श्री एस सी कालिया 21.11.2009 से बोर्ड में नामांकित किए गए.

@ एसीबी के अध्यक्ष

निदेशक के रूप में श्री देबाशीष घोष का कार्यकाल 25.09.2009 को समाप्त हुआ.
निदेशक के रूप में श्री के.एस. श्रीनिवासन का कार्यकाल 10.10.2009 को समाप्त हुआ
निदेशक के रूप में श्रीमती रानी सतीश का कार्यकाल 01.01.2010 को समाप्त हुआ

एमसीएम	- निदेशक मंडल की प्रबंध समिति
एसीबी	- निदेशक मंडल की लेखापरीक्षा समिति
एससीआर एवं एएलएम	- जोखिम और आस्ति-देयता प्रबंधन पर निदेशकों की पर्यवेक्षी समिति
एसआईजीसी	- निदेशक मंडल की शेयरधारकों/निवेशकों की शिकायत समिति
डीपीसी	- निदेशकों की पदोन्नति समिति
डीपीसी(वी)	- निदेशकों की पदोन्नति समिति - सतर्कता / गैर-सतर्कता
एसटीसीबी	- निदेशक मंडल की शेयर अंतरण समिति
एससीएमएफ	- रु.1.00 करोड़ एवं अधिक के धोखाधड़ी मामलों के अनुश्रवण हेतु निदेशक मंडल की विशेष समिति
सीएससीबी	- बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति
आरसीबी	- बोर्ड की पारिश्रमिक समिति
एनसीबी	- बोर्ड की नामांकन समिति

3.8 निदेशकों की समिति सदस्यता

श्री अरुण कुमार नंदा, निदेशक बैंक के बाहर निम्नलिखित लेखापरीक्षा समिति या निवेशक शिकायत समितियों की सदस्यता रखते हैं / के अध्यक्ष हैं :

1. महिन्द्रा & महिन्द्रा लि. - सदस्य - शेयर अंतरण एवं शेयरधारक निवेशक शिकायत समिति.
2. महिन्द्रा होलीडेज़ एवं रिसोर्ट्स (इंडिया) लि. - अध्यक्ष - शेयर आबंटन अंतरण - सह - निवेशक शिकायत समिति.
3. ओवंस कार्निंग (इंडिया) लि. - अध्यक्ष , लेखापरीक्षा समिति
4. महिन्द्रा लाइफस्पेस डवलपर्स लि. - अध्यक्ष - निवेशक शिकायत एवं शेयरधारक समिति.
5. महिन्द्रा इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलपर्स लि. - सदस्य, लेखापरीक्षा समिति.
6. महिन्द्रा वर्ल्ड सिटी (जयपुर) लि. - सदस्य, लेखापरीक्षा समिति.
7. महिन्द्रा होल्डिंग्स लि. - सदस्य, लेखापरीक्षा समिति.

3.9 निदेशकों का आपसी संबंध

कोई भी निदेशक आपस में रिश्तेदार नहीं हैं.

3.10 वित्तीय वर्ष 2009-10 के दौरान निदेशक मंडल में शामिल किए गए नए निदेशकों का संक्षिप्त परिचय निम्नानुसार हैः

नाम	आयु	अनुभव	नियुक्ति की तारीख	वर्तमान कार्यकाल की समाप्ति की तिथि	अन्य कं. में निदेशक पद
श्री अरुण कुमार नंदा	60 वर्ष	श्री अरुण नंदा एक अर्हताप्राप्त चार्टर्ड एकाउन्टेंट, कंपनी सेक्रेटरी और विधि स्नातक हैं जिन्हें 35 वर्ष से अधिक अनुभव है. वे महिन्द्रा & महिन्द्रा लि. में कार्यपालक निदेशक एवं अध्यक्ष, इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट रहे हैं और महिन्द्रा ग्रुप की अन्य कंपनियों के बोर्ड में गैर कार्यपालक निदेशक भी हैं. उन्हें अनुपालन, कार्पोरेट गवर्नेंस, निवेश, रणनीतिक योजना, नयी कारोबारी संभावनाओं की पहचान और कार्पोरेट सम्प्रेषण का व्यापक अनुभव है. वे इंडो-फ्रेंच चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष हैं, वे भारत में कौंसिल ऑफ ईयू चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के गवर्निंग बोर्ड के सदस्य, सीआईआई के पश्चिम क्षेत्र के उपाध्यक्ष, सीआईआई नेशनल कमेटी ऑन वॉटर के अध्यक्ष और गवर्निंग बोर्ड ऑफ बॉम्बे फर्स्ट के सदस्य हैं. उन्हें फ्रांस के राष्ट्रपति द्वारा "Chavalier de la Legion d Honneur" (Knight of National Order of the Legion of Honour) पुरस्कार और जीआईआरईएम लीडरशिप अवार्ड्स द्वारा "Real Estate Person of the Year" पुरस्कार प्रदान किया गया है. उन्हें दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउण्टेंट्स ऑफ इंडिया अवार्ड 2009 के अंतर्गत ''सीए बिजनेस अचीवर अवार्ड - कार्पोरेट'' तथा गोल्डन स्टार अवार्ड्स 2010 द्वारा होस्पीटैलिटी एवं सेवा क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए ''लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड'' भी प्रदान किए गए हैं.	22.06.2009 की ईजीएम में चुने गए	21.06.2012	18

नाम	आयु	अनुभव	नियुक्ति की तारीख	वर्तमान कार्यकाल की समाप्ति की तिथि	अन्य कं. में निदेशक पद
श्री एस रवि	49 वर्ष	श्री रवि विज्ञान स्नातक एवं कॉमर्स में स्नातकोत्तर होने के अलावा एक पेशेवर सनदी लेखाकार हैं. आप अन्य सार्वजनिक बैंकों के निदेशक मंडल में शेयरधारक और सनदी लेखाकार वर्ग के अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा नियुक्त, दोनों ही हैसियतों से निदेशक रहे हैं. आप अन्य अनेक कंपनियों के निदेशक मंडल में भी हैं, जिनमें प्रमुख हैं - महिन्द्रा उजाइन स्टील लि., भारत हैवी इलैक्ट्रिकल्स लि., आईडीबीआई कैपिटल मार्केट्स लि., आईडीबीआई होम फायनांस लि.,यूटीआई ट्रस्टी कंपनी प्राइवेट लि., एलआईसी हाउसिंग फायनांस कार्पोरेशन लि., महर्षि हाउसिंग डेवेल्पमेंट कार्पोरेशन लि., एस रवि फायनांशियल मैनेजमेंट सर्विसेज़ प्रा. लि., मेसर्ज़ रवि राजन कं. प्रा. लि. आपको चुनिंदा क्षेत्र में निरंतर प्रेरक उपलब्धियों के लिए इंदिरा गांधी सोलीडेरिटी अवार्ड प्राप्त हुआ था.	22.06.2009 की ईजीएम में चुने गए	21.06.2012	9
श्री एस.सी कालिया	58 वर्ष	श्री कालिया ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक के रूप में 21 नवंबर 2009 को कार्यभार ग्रहण किया. इससे पहले वे 08 अक्तूबर 2008 से विजया बैंक के कार्यपालक निदेशक थे. श्री कालिया बैंक ऑफ बड़ौदा के केन्द्रीय कार्यालय, मुम्बई में होलसेल बैंकिंग पोर्टफोलियो के प्रभारी महा प्रबंधक रह चुके हैं. राजनीति शास्त्र में स्नातकोत्तर स्वर्णपदक विजेता श्री कालिया एक व्यावसायिक बैंकर के रूप में देश और विदेश में विभिन्न पदों पर 35 वर्ष से अधिक अवधि से कार्य कर रहे हैं. बैंक ऑफ बड़ौदा में सेवा करते समय उन्होंने आगरा एवं बरेली क्षेत्र के प्रमुख के रूप में सफलतापूर्वक कार्य किया है. देश एवं विदेश में व्यापक रूप से कार्य कर चुके श्री कालिया विशेषकर ऋण संबंधी एवं अन्तर्राष्ट्रीय बैंकिंग के मामलों में अपनी विशेषज्ञता के लिए जाने जाते हैं. वर्ष 1990 में वरिष्ठ प्रबंधक के रूप में अपनी पदोन्नति पर उन्हें लंदन में बैंक के ग्रुप कंट्रोल ऑफिस में नियुक्त किया गया था. वे बैंक के अंचल कार्यालय-उत्तर प्रदेश में पश्चिमांचल के ऋण एवं अन्तर्राष्ट्रीय बैंकिंग कारोबार के प्रभारी भी थे. श्री कालिया बैंक ऑफ बड़ौदा के संयुक्त उद्यमों-बड़ौदा पायनियर एसेट मैनेजमेंट कं. लि. और बड़ौदा एल एंड जी लाइफ इंश्योरेंस कं. के शिल्पकार थे. वे मॉरिशस में बैंक के परिचालनों के मुख्य कार्यपालक और आईसीआईसीआई वेंचर फंड द्वारा प्रायोजित एडवांटेज फंड के सुपरवाइजरी बोर्ड के सदस्य थे. वे बैंक ऑफ बड़ौदा (बोत्सवाना) लि. के बोर्ड में निदेशक, पूर्व बरेली कार्पोरेशन बैंक लि.के बोर्ड में निदेशक एवं बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति के सदस्य, नैनीताल बैंक लि., एवं बैंक ऑफ बड़ौदा (हांगकांग) लि. के निदेशक मंडल में निदेशक भी थे. श्री कालिया प्रतापगढ़ क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष भी थे. श्री कालिया को अनेक पुरस्कार प्राप्त हुए हैं जिनमें बैंकर शिरोमणि पुरस्कार और उत्तरकाशी पुरस्कार शामिल हैं. इस समय श्री कालिया यूनियन बैंक ऑफ इंडिया एवं केबीसी बेल्जियम की एक संयुक्त उद्यम कंपनी यूबीआई केबीसी एसेट मैनेजमेंट कंपनी लि., के निदेशक मंडल में निदेशक हैं.	21.11.2009	31.08.2011	1
31 मार्च, 2010 के बाद निदेशक मंडल में शामिल निदेशक का परिचय					
श्री बी. एम. शर्मा	53 वर्ष	श्री बी. एम. शर्मा बैंक के निदेशक मंडल में बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970/1980 के चार्टर्ड एकाउंटेंट श्रेणी खंड (3)(जी) के अंतर्गत दिनांक 16 अप्रैल, 2010 की अधिसूचना के जरिये नियुक्त किए गए हैं. श्री शर्मा अर्हता प्राप्त चार्टर्ड एकाउंटेंट हैं जो 26 से अधिक वर्ष से प्रैक्टिस कर रहे हैं. इसके अतिरिक्त, वे अर्हताप्राप्त सूचना प्रणाली लेखारीक्षक भी हैं. उन्होंने अपने दो दशकों से अधिक के अनुभव के दौरान समवर्ती लेखापरीक्षा तथा बैंकों के कई अन्य कार्यों का संचालन भी किया है तथा उन्हें वित्त, बैंकिंग एवं कराधान में विशेषज्ञता प्राप्त है. यूनियन बैंक में अपने नामांकन से पहले श्री शर्मा चार्टर्ड एकाउंटेंट श्रेणी के अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा नियुक्त विजया बैंक के निदेशक मंडल में थे. श्री शर्मा वर्ष 2009 के दौरान इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउण्टेंट्स ऑफ इंडिया की व्यावसायिक विकास समिति में विशेष आमंत्रित थे. व्यावसायिक विकास समिति से जुड़े होने के कारण उन्हें सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, निजी इक्विटी वित्तपोषण और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के क्षेत्रों में गहन अनुभव है.	16.04.2010	15.04.2013	शून्य

3.11 वार्षिक साधारण बैठकः

शेयर धारकों की सातवीं वार्षिक साधारण बैठक दि. 22 जून,2009 को आयोजित की गयी, जिसमें निम्नलिखित निदेशक उपस्थित थे :

1.	श्री एम.वी.नायर	-	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
2.	श्री टी.वाय.प्रभु	-	कार्यपालक निदेशक
3.	श्री एस रामन	-	कार्यपालक निदेशक
4.	श्री के.शिवरामन		निदेशक
5.	श्री के.एस.श्रीनिवासन	-	निदेशक तथा अध्यक्ष लेखापरीक्षा समिति
6.	श्री देबाशीष घोष	-	निदेशक
7.	श्री एन शंकर	-	निदेशक
8.	श्री अशोक सिंह	-	निदेशक एवं शेयरधारक / निवेशक शिकायत समिति के अध्यक्ष
9.	डॉ. गुलफ़ाम मुज़िबी	-	निदेशक

*श्री आर आर नायर, प्रो. एन. एल. सारडा और प्रो. एम. एस. श्रीराम वार्षिक सामान्य बैठक में भाग लेने के लिए पात्र नहीं थे क्योंकि उनका कार्यकाल दिनांक 18.06.2009 को पूरा हो गया था.

श्री के. वी. ईप्पन और श्रीमती रानी सतीश अपनी अन्य व्यस्तताओं के कारण वार्षिक सामान्य बैठक में भाग नहीं ले सके.

4. निदेशक मंडल की समितियां

4.1 निदेशक मंडल की लेखापरीक्षा समिति (एसीबी)

4.1.1 संघटन :

निदेशक मंडल की लेखा परीक्षा समिति (एसीबी) का गठन भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशों के अनुसार किया गया है, जिसमें 6 निदेशक यथा - कार्यपालक निदेशक, भारत सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक के नामिती और 2 गैर सरकारी गैर कार्यपालक निदेशक जिनमें से एक चार्टर्ड एकाउटेंट शामिल हैं. बैठकों की अध्यक्षता स्वतंत्र, गैर सरकारी निदेशक और चार्टर्ड एकाउटेंट श्री एस.रवि द्वारा की जाती है.

4.1.2 कार्य

1. एसीबी बैंक के लेखापरीक्षा संबंधी समग्र कार्य का पर्यवेक्षण और मार्गदर्शन करती है. समग्र लेखा परीक्षा कार्य में बैंक की आंतरिक लेखापरीक्षा और निरीक्षण का संगठन, परिचालन तथा गुणवत्ता नियंत्रण और बैंक की सांविधिक/ बाह्य लेखापरीक्षा और भारतीय रिज़र्व बैंक के निरीक्षणों पर अनुवर्ती कार्रवाई करना शामिल है.

2. एसीबी बैंक की आंतरिक निरीक्षण/लेखापरीक्षा कार्यों अर्थात् उसकी प्रणाली,गुणवत्ता और अनुवर्ती कार्रवाई की प्रभावकारिता की समीक्षा करती है. यह विशेषीकृत शाखाओं और बहुत बड़ी शाखाओं तथा असंतोषजनक रेटिंगवाली सभी शाखाओं की निरीक्षण रिपोर्टों की समीक्षा करती है. इसके द्वारा विशेष रूप से निम्नलिखित कार्यों पर भी ध्यान केन्द्रित किया जाता हैः

- अंतर शाखा समायोजन खाते
- अंतर बैंक खातों और नोस्ट्रो खातों में बहुत समय से बकाया प्रविष्टियां जिनका मिलान न हुआ हो.
- विभिन्न शाखाओं में बहियों के तुलन की बकाया स्थिति.
- धोखाधड़ी.
- हाऊसकीपिंग से संबंधित सभी प्रमुख क्षेत्र.

3. एसीबी भारिबैं. के अन्य दिशानिर्देशों के अनुसार बैंकों में नियुक्त अनुपालना अधिकारी से छमाही रिपोर्ट प्राप्त करती है एवं उसकी समीक्षा करती है.

4. सांविधिक लेखापरीक्षा के मामले में यह समिति लांग फॉर्म ऑडिट रिपोर्ट में उठाए गए सभी मुद्दों पर अनुवर्ती कार्रवाई करती है. बैंक के छमाही/ वार्षिक वित्तीय लेखों और रिपोर्टों को अंतिम रूप प्रदान करने के पहले यह बाह्य लेखापरीक्षकों से चर्चा करती है.

5. लेखापरीक्षा समिति, बैंक की लेखा नीतियां, संबंधित पार्टी लेनदेन, प्रबंधन चर्चा एवं विश्लेषण तथा बैंक के तिमाही और वार्षिक वित्तीय परिणामों की भी समीक्षा करती है.

6. इसके साथ ही साथ, एसीबी प्रत्येक वर्ष गुप्त सूचना (व्हिसिल ब्लोअर) हेतु अपनायी गई नीति की भी समीक्षा करती है.

4.1.3 एसीबी बैठकों में उपस्थिति

निदेशक का नाम	कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री टी.वाय. प्रभु, का.नि.	4	4
श्री एस. रामन, का.नि.	12	12
श्री एस. सी. कालिया, का.नि.	6	6
श्री के. वी. ईप्पन, सरकार द्वारा नामित	12	8
श्री के. शिवरामन, भारिबैं द्वारा नामित	12	11
श्री के. एस. श्रीनिवासन, गैर-सरकारी निदेशक, चार्टर्ड एकाउटेंट संवर्ग. (अध्यक्ष एसीबी)	5	5
श्री आर. आर. नायर, शेयरधारक निदेशक	1	1
श्री एस. रवि (अध्यक्ष एसीबी)	9	9
प्रो. एम. एस. श्रीराम	7	7

4.2 बोर्ड की प्रबंधन समिति (एमसीबी)

4.2.1 संघटन

वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग) बैंकिंग प्रभाग द्वारा राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान योजना) 1970 के अंतर्गत जारी अधिसूचना दिनांक 19 फरवरी, 2007 और उसके बाद 29 जून, 2007 तक किए गए संशोधनों द्वारा अब प्रबंधन समिति में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, कार्यपालक निदेशक/निदेशकों, केन्द्र सरकार द्वारा धारा 9(3)(जी) के अंतर्गत नामित एक चार्टर्ड एकाउटेंट जो समिति के नियमित सदस्य के रूप में कार्य करते हैं, शामिल हैं और निदेशक मंडल द्वारा धारा 9(3)(ई),(एफ),(एच)एवं(आई) के अंतर्गत रोटेशन के आधार पर प्रत्येक छःमाह के लिए बोर्ड द्वारा नामित तीन अन्य गैर-कार्यपालक निदेशक होते हैं. अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक बैठक की अध्यक्षता करते हैं.

4.2.2 कार्य

निदेशक मंडल ने प्रबधंन समिति का गठन वित्त मंत्रालय,भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार कारोबार संबंधी विभिन्न मामलों यथा ऋण प्रस्तावों की मंजूरी,ऋण समझौता/बट्टे खाते डालने संबंधी प्रस्तावों,राजस्व एवं पूंजीगत व्ययों का अनुमोदन, परिसर अधिग्रहण और किराये पर लेना, निवेश और दान आदि पर विचार करने के लिए किया है.

4.2.3 एम सी बी बैठक में उपस्थिति

वर्ष के दौरान प्रबंधन समिति की 20 बैठकें हुईं, जिनमें उपस्थिति इस प्रकार रही : -

निदेशक का नाम	उनके कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री एम. वी. नायर, अ.एवं प्र.नि.	20	20
श्री टी. वाय. प्रभु, का.नि.	8	8
श्री एस. रामन, का. नि.	20	20
श्री एस. सी. कालिया, का. नि.	7	7
श्री के. शिवरामन, भारिबैं के नामिती	20	19
श्री के. एस. श्रीनिवासन, गैर-सरकारी निदेशक, चार्टर्ड एकाउटेंट संवर्ग	11	11
श्री आर. आर. नायर, शेयरधारक निदेशक	4	1
प्रो. एन. एल. सारडा, शेयरधारक निदेशक	3	2
प्रो. एम. एस. श्रीराम, शेयरधारक निदेशक	10	9
डॉ. गुलफाम मुजिबी, गैर-सरकारी निदेशक	10	8
श्री देबाशीष घोष, अधिकारी कर्मचारी निदेशक	6	5
श्री अशोक सिंह, अंशकालिक, गैर-सरकारी निदेशक	10	9
श्रीमती रानी सतीश, अंशकालिक, गैर-सरकारी निदेशक	4	4
श्री एन. शंकर, वर्कमैन कर्मचारी निदेशक	7	7
श्री एस. रवि, शेयरधारक निदेशक	5	4

4.3 जोखिम और आस्ति देयता प्रबंधन पर निदेशकों की पर्यवेक्षी समिति (एससीआर एण्ड एएलएम) :

4.3.1. संघटन

इस समिति में निदेशक मंडल के निम्नलिखित सदस्य यथा : अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, कार्यपालक निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक और भारत सरकार के नामित सदस्य तथा दो अन्य गैर-कार्यपालक निदेशक शामिल हैं. अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक इस समिति के अध्यक्ष हैं.

4.3.2. कार्य

बैंक ने जोखिम और आस्ति देयता प्रबंधन के कार्यकलापों के पर्यवेक्षण के लिए निदेशक मंडल की जोखिम और आस्ति देयता प्रबंधन पर्यवेक्षी समिति गठित की है, यह बैंक के सभी जोखिमों की पहचान, मूल्यांकन और निगरानी करती है.

4.3.3. एससीआर एवं एएलएम बैठकों में उपस्थिति

वर्ष में समिति की 5 बैठकें हुईं, जिनमें उपस्थिति निम्नानुसार रही :-

निदेशक का नाम	उनके कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री एम. वी. नायर, अ.एवं प्र.नि.	5	5
श्री टी. वाय. प्रभु, का.नि.	2	2
श्री एस. रामन, का. नि.	5	5
श्री एस. सी. कालिया, का. नि.	2	2
श्री के. वी. ईप्पन, भारत सरकार नामिती	5	3
श्री के. शिवरामन, भारिबैं के नामिती	5	5
श्री के. एस. श्रीनिवासन, गैर-सरकारी निदेशक, चार्टर्ड एकाउटेंट संवर्ग	3	3
प्रो. एम. एस. श्रीराम, शेयरधारक निदेशक	5	5
श्री अशोक सिंह, अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	5	4

4.4 बोर्ड की शेयरधारकों/निवेशकों की शिकायत संबंधी समिति (एसआईजीसी):

4.4.1 संघटन

शेयरधारकों / निवेशकों की शिकायत संबंधी समिति में कार्यपालक निदेशक और दो गैर-कार्यपालक निदेशक हैं. समिति के अध्यक्ष श्री अशोक सिंह, स्वतंत्र गैर-कार्यपालक निदेशक हैं.

4.4.2 कार्य

सूचीबद्धता करार के खंड 49 के अनुसार बोर्ड द्वारा बोर्ड की शेयरधारकों / निवेशकों की शिकायत समिति (एसआईजीसी) का गठन किया गया है. यह समिति शेयरों के अंतरण, वापसी आदेश, शेयर प्रमाणपत्र, लाभांश आदि प्राप्त न होने संबंधी शेयरधारकों / निवेशकों की शिकायतों का निवारण करती है.

4.4.3 एसआईजीसीमें उपस्थिति

वर्ष के दौरान समिति की 4 बैठकें हुईं, जिनमें उपस्थिति निम्न प्रकार है :-

निदेशक का नाम	उनके कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री टी. वाय. प्रभु, का.नि.	1	1
श्री एस. रामन, का. नि.	4	4
श्री एस. सी. कालिया	2	2
प्रो. एन. एल. सारडा, शेयरधारक निदेशक	1	1
श्री आर. आर. नायर, शेयरधारक निदेशक	1	-
श्री अशोक सिंह, अंशकालिक, गैर-सरकारी निदेशक (एसआईजीसी के अध्यक्ष)	4	3
श्री अरुण कुमार नंदा, शेयरधारक निदेशक	3	3

वित्तीय वर्ष दिनांक 01.04.2009 से 31.03.2010 तक प्राप्त, उत्तरित और लंबित शिकायतों की तुलनात्मक सारणी निम्न प्रकार है :

		31.03.2010 को समाप्त वि.वर्ष के लिए	31.03.2009 को समाप्त वि.वर्ष के लिए
ए	वर्ष के प्रारंभ में शेयरधारकों की लंबित शिकायतों की संख्या	शून्य	शून्य
बी	वर्ष के दौरान प्राप्त शेयरधारकों की शिकायतों की संख्या	1,646	1950
सी	वर्ष के दौरान शेयरधारकों की निपटाई गई शिकायतों की संख्या	1,646	1950
डी	वर्ष की समाप्ति पर शेयरधारकों की लंबित शिकायतों की संख्या	शून्य	शून्य

श्रीमती मोनिका कालिया, कंपनी सचिव को निवेशकों की शिकायतों के लिए अनुपालन अधिकारी के रूप में पदनामित किया है.

4.5 बोर्ड की शेयर अंतरण समिति (एसटीसीबी)

4.5.1 संघटन

इस समिति में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एवं / अथवा कार्यपालक निदेशक तथा कोई दो निदेशक शामिल हैं.

4.5.2 कार्य

बैंक ने शेयरों के शीघ्रतापूर्वक अंतरण के लिए निदेशक मंडल की शेयर अंतरण समिति गठित की है, जिसे शेयरों के अंतरण, प्रेषण, रीमैट एवं डुप्लीकेट शेयर जारी करने आदि की पुष्टि के अधिकार दिये गये हैं.

4.5.3 एसटीसीबी में उपस्थिति

वर्ष के दौरान, समिति की अंतरण, प्रेषण, रीमैट एवं डुप्लीकेट शेयर जारी करने इत्यादि पर कार्रवाई करने के लिए 21 बैठकें आयोजित की गयीं.

4.6 रु.1.00 करोड़ एवं अधिक के धोखाधड़ी वाले मामलों के अनुश्रवण हेतु निदेशक मंडल की विशेष समिति (एससीएमएफ)

भारतीय रिज़र्व बैंक के पत्रांक आरबीआई / 2004.15.डीबीएस.एफजीवी (एफ) नं.1004/23.04.01 ए/2003-04, दिनांक 14.01.2004 द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुरूप रु.1.00 करोड़ एवं अधिक के धोखाधड़ी के मामलों के अनुश्रवण हेतु निदेशक मंडल की विशेष समिति का गठन किया गया है. वर्तमान में निदेशक मंडल की लेखापरीक्षा समिति (एसीबी) से आंतरिक निरीक्षण, सांविधिक लेखापरीक्षा, अंतर शाखा / अंतर बैंक खातों, हाऊसकीपिंग के प्रमुख क्षेत्रों इत्यादि का पर्यवेक्षण अपेक्षित है. समिति से यह भी अपेक्षित है कि वह बैंक में धोखाधड़ी के संबंध में निवारक पहलुओं तथा की जा रही अनुवर्ती कार्रवाई पर भी ध्यान दे. यह विशेष समिति रु.1.00 करोड़ एवं अधिक के धोखाधड़ी के मामलों का विशेष रूप से अनुश्रवण और उन पर अनुवर्ती कार्रवाई करती है. तथापि निदेशक मंडल की लेखापरीक्षा समिति सामान्य रूप से धोखाधड़ी के सभी मामलों का भी अनुश्रवण करना जारी रखेगी.

मंडल की विशेष समिति की कार्यप्रणाली की समीक्षा छमाही आधार पर की जाती है और निदेशक मंडल के समक्ष प्रस्तुत की जाती है.

4.6.1 संघटन

यह विशेष समिति, निदेशक मंडल के निम्नलिखित सदस्यों को शामिल कर गठित की गई है.

- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
- निदेशक मंडल की लेखापरीक्षा समिति के दो सदस्य
- भारतीय रिज़र्व बैंक नामिती को छोड़कर निदेशक मंडल के दो अन्य सदस्य.

4.6.2 कार्य

इस विशेष समिति का प्रमुख कार्य रु.1.00 करोड़ एवं अधिक के धोखाधड़ी के सभी मामलों की समीक्षा एवं उनका अनुश्रवण करना होगा ताकि :

- धोखाधड़ी की संभावनाओं वाली कार्यप्रणालीगत कमियों को दूर किया जा सके और उन पर रोक लगाने हेतु आवश्यक उपाय किये जा सकें.
- धोखाधड़ी का पता लगाने और / या उच्च प्रबंधन या भारतीय रिज़र्व बैंक को सूचित करने में यदि कोई देरी हुई हो, तो उनके कारणों का पता लगाया जा सके,
- सीबीआई / पुलिस जांच एवं वसूली स्थिति की प्रगति का अनुश्रवण किया जा सके,
- सुनिश्चित किया जा सके कि धोखाधड़ी के सभी मामलों में प्रत्येक स्तर पर स्टाफ उत्तरदायित्व का निर्धारण किया जाता है तथा स्टाफ संबंधी कार्रवाई यदि कोई है तो उसे तत्काल निपटाया जाता है.
- धोखाधड़ी की पुनरावृत्ति रोकने हेतु आंतरिक नियंत्रणों को सुदृढ़ करने जैसी रक्षात्मक कार्रवाई के प्रभाव की समीक्षा की जा सके,
- धोखाधड़ी निरोधक उपायों को सुदृढ़ बनाने हेतु यथावश्यक अन्य उपाय लागू किये जा सकें.

4.6.3 एससीएमएफ में उपस्थिति

वर्ष 2009-10 के दौरान समिति की 5 बैठकें आयोजित की गईं, जिनमें उपस्थिति निम्नानुसार रही :

निदेशक का नाम	उनके कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री एम. वी. नायर, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	5	5
श्री टी. वाय. प्रभु, का.नि.	1	1
श्री एस. रामन, का. नि.	5	5
श्री एस. सी. कालिया, का. नि.	3	3
श्री के. वी. ईप्पन, भारत सरकार नामिती	5	4
श्री के. एस. श्रीनिवासन, चार्टर्ड एकाउटेंट संवर्ग में गैर-सरकारी निदेशक	2	2
प्रो. एम. एस. श्रीराम, शेयरधारक निदेशक	5	4

4.7 निदेशक मंडल की बैंक की ग्राहक सेवा समिति (सीएससीबी)

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार निदेशक मंडल की

ग्राहक सेवा समिति का गठन किया गया है. समिति का गठन भारतीय रिज़र्व बैंक, डीबीओडी के दिनांक 14 अगस्त 2004 के परिपत्र के संदर्भ में किया गया है.

4.7.1 संघटन

समिति में आठ सदस्य निम्नानुसार हैं :

- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक / कार्यपालक निदेशक
- शेयरधारकों के हितों का प्रतिनिधित्व करने वाले दो निदेशक
- भारत सरकार द्वारा नामित एक निदेशक
- भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नामित एक निदेशक
- एक अतिरिक्त निदेशक
- विशेष आमंत्रित के रूप में ग्राहकों के दो प्रतिनिधि

4.7.2 कार्य

यह समिति निम्नलिखित कार्य करती है :

- सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने हेतु सुझाव देना.
- मौजूदा नीतियों एवं कार्यपद्धतियों को युक्तियुक्त बनाने तथा सरलीकरण की दृष्टि से उनके कार्यान्वयन की समीक्षा करना तथा निरंतर आधार पर परिवर्तनों को लागू करने हेतु समुचित प्रोत्साहनों का सुझाव देना.
- भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा गठित सार्वजनिक सेवा पर प्रक्रिया और कार्यनिष्पादन लेखापरीक्षा समिति (सीपीपीएपीएस) की सिफ़ारिशों के अनुपालन सहित बैंक की तदर्थ समिति के कार्यों का पर्यवेक्षण.

4.7.3 सीएससीबी में उपस्थिति

वर्ष 2009-10 के दौरान इस समिति की 3 बैठकें आयोजित की गईं, जिनमें उपस्थिति के ब्यौरे निम्नानुसार हैं :

निदेशक का नाम	उनके कार्यकाल के दौरान सम्पन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री एम वी नायर , अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	3	3
श्री एस. रामन, का. नि.	3	3
श्री एस. सी. कालिया, का. नि.	2	2
श्री के शिवरामन, भारिबैं नामिती निदेशक	3	3
प्रो.एम एस श्रीराम, शेयरधारक निदेशक	3	3
श्री देवाशीष घोष, अधिकारी संवर्ग निदेशक	1	1
श्री एन. शंकर, वर्कमैन कर्मचारी निदेशक	3	3
श्रीमती रानी सतीश, गैर सरकारी निदेशक	1	1
डॉ गुलफ़ाम मुज़िबी, गैर सरकारी निदेशक	2	1
श्री अशोक सिंह, गैर सरकारी निदेशक	1	1

4.8 निदेशकों की पारिश्रमिक निर्धारण समिति (आरसीबी) :

भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, आर्थिक मामलों के विभाग (बैंकिंग प्रभाग) ने अपने संप्रेषण एफ नं. 20/1/2005-बीओ.I दिनांक 09 मार्च, 2007 द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के पूर्णकालिक निदेशकों को कार्य निष्पादन से संबद्ध प्रोत्साहन की एक योजना की घोषणा की है. भारत सरकार के संप्रेषण के अनुसार बोर्ड की एक उप-समिति बनाई गई है जिसे ''पारिश्रमिक समिति'' कहा गया है.

4.8.1 संघटन :

- सरकार द्वारा नामित निदेशक
- भारिबैं द्वारा नामित निदेशक
- दो अन्य निदेशक

4.8.2 कार्य :

भारत सरकार के उपरोक्त दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक के पूर्णकालिक निदेशकों को दिए जाने वाले कार्यनिष्पादन सम्बद्ध प्रोत्साहनों का निर्धारण करना.

4.8.3 आरसीबी में उपस्थिति

वर्ष 2009-10 के दौरान इस समिति की 1 बैठक आयोजित की गई, जिसमें उपस्थिति का ब्यौरा निम्नानुसार हैं :

निदेशक का नाम	उनके कार्यकाल के दौरान सम्पन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री के. वी. ईप्पन, भारत सरकार नामित	1	1
श्री के शिवरामन, भारिबै. नामित	1	1
प्रो.एम एस श्रीराम, शेयरधारक निदेशक	1	1
श्री अरुण कुमार नंदा, शेयरधारक निदेशक	1	1

4.9 बोर्ड की नामांकन समिति (एनसीबी):

बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970/1980 (वर्ष 2006 में संशोधित किए अनुसार) की धारा 9 की उप-धाराएं (3एए) एवं (3एबी) द्वारा प्रदान की गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक ने राष्ट्रीयकृत बैंकों के बोर्ड के निदेशकों के रूप में चयनित किए गए व्यक्तियों द्वारा पूरे किए जाने के लिए विशिष्ट ''योग्य एवं उपयुक्त'' मानदंड निर्धारित किए हैं. भारिबैं ने राष्ट्रीयकृत बैंकों के बोर्ड में चयनित निदेशकों के लिए ''योग्य एवं उपयुक्त'' मानदंडों पर परिपत्र डीबीओडी सं.बीसी नं.47/29.39.001/2007-08 दिनांक 01 नवंबर, 2007 जारी किया है.

बैंकों से अपेक्षा है कि वे अधिनियम की धारा 9 (3) (i) के अंतर्गत वर्तमान चयनित निदेशकों की योग्य एवं उपयुक्त स्थिति के निर्धारण के लिए ड्यू डिलिजेंस की प्रक्रिया करने के लिए नामांकन समिति का गठन करें. तदनुसार, बैंक ने निदेशकों की नामांकन समिति का गठन किया गया है.

4.9.1 संघटन :

- भारत सरकार द्वारा नामित निदेशक
- भारिबैं द्वारा नामित निदेशक
- गैर-कार्यपालक स्वतंत्र निदेशक

4.9.2 कार्य :

- ड्यू डिलीजेंस के कार्य की जिम्मेदारी लेना और चयनित निदेशक की ''योग्य एवं उपयुक्त'' स्थिति की जांच करना.
- यह देखना कि क्या किसी मानदंड यथा (i) शैक्षिक योग्यता (ii) विशेषज्ञता का अनुभव एवं क्षेत्र (iii) ट्रेक रिकॉर्ड एवं ईमानदारी का गैर-अनुपालन वर्तमान चयनित निदेशक / प्रस्तावित उम्मीदवार को बैंक के बोर्ड में निदेशक के रूप में अपने कर्त्तव्यों को निभाने में रुकावट तो पैदा नहीं करता है. इसके अतिरिक्त, किसी प्राधिकार / नियामक एजेंसी से उम्मीदवार के बारे में प्रतिकूल सूचना या दिवालियापन अथवा किसी बैंक या किसी वित्तीय संस्था से किसी ऋण में चूक की सूचना उम्मीदवार को बैंक के बोर्ड में निदेशक होने के लिए अयोग्य एवं अनुपयुक्त कर देगी.
- हस्ताक्षरित घोषणा के आधार पर, नामांकन समिति उम्मीदवार को स्वीकार करने या अन्यथा का निर्णय करे और आवश्यक समझे जाने पर उपयुक्त प्राधिकारी / व्यक्तियों से संदर्भ (हवाले) प्राप्त करें ताकि इन अपेक्षाओं का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके.

4.9.3 एनसीबी में उपस्थिति :

समिति की वर्ष 2009-10 के दौरान दो बैठकें संपन्न हुईं, जिसमें उपस्थिति निम्नानुसार रही :

निदेशक का नाम	उनके कार्यकाल के दौरान सम्पन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री के. वी. ईप्पन, सरकारी नामिती	2	2
श्री के. शिवरामन, भारिबैं नामिती	2	2
श्रीमती रानी सतीश	2	2

4.10 निदेशकों की पदोन्नति समिति (डीपीसी)

4.10.1 संघटन :

- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
- भारत सरकार द्वारा नामित निदेशक
- भारिबैं. नामित निदेशक

4.10.2 कार्य

यह समिति उच्च कार्यपालक ग्रेड स्केल VII में पदोन्नति के लिए अभ्यर्थियों का चयन करने के साथ-साथ उच्च प्रबंधन ग्रेड स्केल VII में चयन / अनुमोदन न होने पर अधिकारियों द्वारा दिए गए अभ्यावेदनों पर विचार करती है और उच्च कार्यपालक ग्रेड में अधिकारियों की सेवाएं जारी रखने संबंधी मामलों पर निर्णय लेती है.

4.10.3 डीपीसी में उपस्थिति

निदेशक का नाम	उनके कार्यकाल के दौरान सम्पन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री एम. वी. नायर, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	1	1
श्री के. वी. ईपन, भारत सरकार नामिती	1	1
श्री के. शिवरामन, भारिबैं. नामिती	1	1

4.11 निदेशकों की पदोन्नति समिति - सतर्कता / गैर-सतर्कता

4.11.1 संघटन

- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
- भारत सरकार द्वारा नामित निदेशक
- भारिबैं. नामित निदेशक

इसके अतिरिक्त, कार्यपालक निदेशक भी इन बैठकों में विशेष आमंत्रित के रूप में उपस्थित रहते हैं.

4.11.2 कार्य

यह समिति तिमाही आधार पर सतर्कता, गैर-सतर्कता संबंधी अनुशासनात्मक मामलों और विभागीय जांचों की समीक्षा करती है.

4.11.3 डीपीसी - सतर्कता/गैर-सतर्कता में उपस्थिति

समिति की वर्ष 2009-10 के दौरान 4 बैठकें संपन्न हुईं, जिनमें उपस्थिति निम्नानुसार रही

निदेशक का नाम	उनके कार्यकाल के दौरान सम्पन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री एम. वी. नायर, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	4	4
श्री के. वी. ईप्पन, भारत सरकार नामिती	4	3
श्री के. शिवरामन, भारिबैं. नामिती	4	4

5. साधारण सभा की बैठकें :

पिछले 3 वर्षों के दौरान आयोजित शेयरधारकों की साधारण बैठकों के ब्यौरे निम्नानुसार हैं :

बैठक का स्वरूप	दिनांक एवं समय	स्थान
पांचवीं वार्षिक सामान्य बैठक	22 जून, 2007 शाम 4.00 बजे	रामा वाटुमल ऑडिटोरियम, के सी कॉलेज, दिनशा वाच्छा रोड, चर्चगेट, मुम्बई-400 020.
छठी वार्षिक सामान्य बैठक	25 जून, 2008 शाम 4.00 बजे	रामा वाटुमल ऑडिटोरियम, के सी कॉलेज, दिनशा वाच्छा रोड, चर्चगेट, मुम्बई-400 020.
शेयरधारक निदेशकों के चुनाव के लिए असाधारण सामान्य बैठक	22 जून, 2009 प्रातः 10.30 बजे	रामा वाटुमल ऑडिटोरियम, के सी कॉलेज, दिनशा वाच्छा रोड, चर्चगेट, मुम्बई-400 020.
सातवीं वार्षिक सामान्य बैठक	22 जून, 2009 शाम 4.00 बजे	रामा वाटुमल ऑडिटोरियम, के सी कॉलेज, दिनशा वाच्छा रोड, चर्चगेट, मुम्बई-400 020.

उपर्युक्त साधारण बैठकों में कोई विशेष संकल्प नहीं पारित किया गया.

6. प्रकटन :

बैंक, बैंककारी विनियमन अधिनियम 1949, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का

अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970 और राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना 1970 द्वारा नियंत्रित है. सेबी ने स्पष्ट किया है कि उन सूचीबद्ध प्रतिष्ठानों पर, जो कंपनी नहीं हैं परंतु अन्य अधिनियमों के अंतर्गत निगमित कार्पोरेट निकाय (अर्थात् प्राइवेट और सरकारी क्षेत्र के बैंक, वित्तीय संस्थान, बीमा कंपनियां आदि) हैं, सूची समझौते का खंड 49 उस सीमा तक ही लागू होगा कि वह उनके संबंधित अधिनियमों और संबंधित नियामक प्राधिकारियों द्वारा जारी दिशानिर्देशों का उल्लंघन न करता हो. उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए यह घोषणा की जाती है कि बैंक सूचीकरण समझौते के खंड 49 की सभी प्रयोज्य अनिवार्य अपेक्षाओं का पालन करता है. उक्त खंड के अंतर्गत गैर-अनिवार्य अपेक्षाओं से संबंधित अनुपालन की जानकारी भी इस रिपोर्ट में दी गई है. खंड द्वारा निर्धारित अन्य प्रकटन अपेक्षाएं निम्नानुसार हैं :

i. **निदेशकों का पारिश्रमिक :**

गैर-कार्यपालक निदेशकों को यात्रा व्यय और विराम व्ययों सहित पारिश्रमिक का निर्धारण भारिबैं की सलाह पर केन्द्र सरकार द्वारा समय-समय पर राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना 1970 के खंड 17 की शर्तों के अनुसार किया जाता है.

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा कार्यपालक निदेशकों को भारत सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के अनुसार पारिश्रमिक का भुगतान और यात्रा व्ययों एवं विराम व्ययों की प्रतिपूर्ति की जाती है. पूर्णकालिक कार्यपालकों की नियुक्ति के अन्य नियम एवं शर्तें राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना 1970 के खंड 8 के अनुसार हैं, जिनके विस्तृत विवरण लेखों की टिप्पणियों में दिए गए हैं

ii **महत्वपूर्ण लेनदेन एवं आर्थिक सम्बन्धों का प्रकटन :**

बैंकिंग कारोबार की सामान्य प्रक्रिया के अतिरिक्त, बैंक ने बड़े स्तर पर बैंक के हितों की संभाव्य प्रतिकूलता को ध्यान में रखते हुए अपने प्रवर्तकों, निदेशकों अथवा प्रबंधन, अपनी सहायक कंपनियों या रिश्तेदारों आदि के साथ ऐसा कोई महत्वपूर्ण लेनदेन नहीं किया है, जिसका टकराव बैंक के हितों से होता हो. वर्ष के दौरान गैर-कार्यपालक निदेशक और बैंक के बीच कोई आर्थिक संबंध या लेनदेन नहीं हुआ.

बैंक में यह प्रथा रही है कि जब मामला निदेशकों या उनके रिश्तेदारों/फर्मों/कम्पनियों से संबंधित चर्चा का हो, तब संबंधित निदेशक बोर्ड के विचार-विमर्श और बोर्ड की अन्य उप समितियों में भाग नहीं लेते हैं.

iii **सार्वजनिक निर्गमों, राइट निर्गमों, अधिमानी निर्गमों आदि के आगम :**

आलोच्य वर्ष के दौरान बैंक ने इक्विटी शेयरों के सार्वजनिक निर्गमों, राइट निर्गमों, अधिमानी निर्गमों आदि से अपनी इक्विटी पूंजी को नहीं बढ़ाया है. तथापि, बैंक ने समय-समय पर प्रॉमीसरी नोट्स (टियर I एवं टियर II) के स्वरूप में अपरिवर्तनीय बांड जारी किए हैं. संबंधित विवरण रिपोर्ट के पैरा 8.2 में दिए गए हैं. इन निधियों को प्राप्त करने का मूल उद्देश्य पूंजी पर्याप्तता अनुपात को मजबूत करने के लिए टियर-II पूंजी को बढ़ाना और बैंक के दीर्घकालीन स्रोतों को उन्नत करना तथा उनका उपयोग उक्त प्रयोजन के लिए किया गया.

iv **दंड एवं आक्षेप :**

आलोच्य वर्ष के दौरान बैंक पर किसी भी स्टॉक एक्सचेज, सेबी या अन्य सांविधिक प्राधिकरण द्वारा पूंजी बाजार से संबंधित किसी भी मामले पर कोई अर्थदंड या आक्षेप नहीं लगाया गया है.

v) **गुप्त सूचना नीति**

बैंक ने गुप्त सूचना नीति लागू की है. लेखापरीक्षा समिति उक्त नीति के कार्य की आवधिक रूप से समीक्षा करती है. इसके अतिरिक्त, यह निर्दिष्ट किया जाता है कि कोई भी कर्मचारी लेखापरीक्षा समिति से संपर्क कर सकता है.

vi) **प्रबंधन चर्चा एवं विश्लेषण**

इसे वार्षिक रिपोर्ट में अलग से दिया गया है.

7. संप्रेषण के साधन

बैंक के तिमाही, छमाही और वार्षिक वित्तीय परिणाम फायनांशियल एक्सप्रेस (अंग्रेजी), फ्री प्रेस जर्नल (अंग्रेजी), नवभारत (हिंदी), नवशक्ति (मराठी) सहित अग्रणी समाचार पत्रों में प्रकाशित किए गए हैं. ये परिणाम बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in पर भी दर्शाये जाते हैं. इसी प्रकार बैंक द्वारा जारी प्रेस वि%ाप्ति, संबंधित प्रस्तुति, शेयरधारकों का पैटर्न, तिमाही एवं वार्षिक रिपोर्ट आदि भी बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध है.

इसके साथ ही, बैंक के सूचना विवरण एवं रिपोर्ट corpfiling@irisindia.net पर भी उपलब्ध हैं.

8. शेयरधारकों की सूचना

8.1 बैंक एक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक है, जिसका प्रधान कार्यालय मुंबई में है. 31 मार्च 2010 को देश के विभिन्न भागों में बैंक के पास 2805 (एक ओवरसीज़ शाखा सहित) शाखाओं का नेटवर्क था.

8.2 बैंक का शेयर मुम्बई शेयर बाजार और राष्ट्रीय शेयर बाज़ार में सूचीबद्ध हैं तथा उनके स्टॉक स्क्रिप कोड निम्न प्रकार हैं :-

शेयर बाजार, मुम्बई (बीएसई)	532477
राष्ट्रीय शेयर बाजार (एनएसई)	UNIONBANK-EQ

वित्तीय वर्ष 2010-11 के लिए वार्षिक सूचीबद्धता शुल्क का भुगतान शेयर बाजारों को 30.4.2010 के पूर्व कर दिया गया है.

बैंक ने समय-समय पर प्रोमीसरी नोट (टियर I एवं II पूंजी) के रूप में गैर परिवर्तनीय-बांड जारी किए हैं. 31 मार्च 2010 को तत्संबंधित ब्यौरा निम्नानुसार है:

श्रृंखला	मात्रा (रु.करोड़ में)	आबंटन की तारीख	परिपक्वता तिथि	कूपन दर % (प्र.व.)	आईएसआईएन नं.
V	400	07.03.2003	07.04.2010	6.90	आईएनई 692A09050
VI	250	03.09.2003	03.05.2013	5.95	आईएनई 692A09068
VII	450	08.02.2005	08.05.2015	7.15	आईएनई 692A09076
VIII- फ्लोटिंग्स	200	23.09.2005	23.04.2012	बेंच+ 55 बीपीएस	आईएनई 692A09092
VIII- नियत	600	23.09.2005	23.04.2015	7.45	आईएनई 692A09084
IX	200	19.05.2006	19.05.2016	8.33	आईएनई 692A09100
X- प्रथम खंड	300	10.10.2006	स्थाई	10 वर्ष तक 9.45 10 वर्ष के उपरांत 9.95	आईएनई 692A09118
X- द्वितीय खंड अपर टियर -II	750	16.10.2006	10 वर्ष पर मांग सहित 15 वर्ष	8.95 10 वर्ष के उपरांत 9.45	आईएनई 692A09126
XI लोअर टियर -II प्रथम खंड	400	12.12.2007	12 .04.2018	9.35	आईएनई 692A09134
XI अपर टियर -I प्रथम खंड	200	12.12.2007	स्थाई	10 वर्ष तक 9.90 10 वर्ष के उपरांत 10.40	आईएनई 692A09142
XII स्थाई	200	09.09.2008	स्थाई	10 वर्ष तक 11.15 10 वर्ष के उपरांत 11.65, यदि मांग विकल्प का उपयोग न किया गया हो	आईएनई 692A09159
XII लोअर टियर II	400	17.09.2008	17.09.2018	10.95	आईएनई 692A09167
XII लोअर टियर II	200	23.12.2008	23.12.2018	9.50	आईएनई 692A09175
XII लोअर टियर II	200	30.12.2008	30.12.2018	8.60	आईएनई 692A09183
XII स्थाई	140	30.03.2009	स्थाई	10 वर्ष तक 9.10, 10 वर्ष के उपरांत 9.60, यदि मांग विकल्प का उपयोग न किया गया हो	आईएनई 692A09191
XIV- ए अपर टियर II	200	16.06.2009	स्थाई	10 वर्ष तक 8.85% 10 वर्ष के उपरांत 9.35%, यदि मांग विकल्प का उपयोग न किया गया हो	आईएनई 692A09209
XIV-बी अपर टियर II	500	25.06.2009	15 वर्ष 25.06.2024	10 वर्ष तक 8.65% 10 वर्ष के उपरांत 9.15%, यदि मांग विकल्प का उपयोग न किया गया हो	आईएनई 692A09217
XIV-सी अपर टियरII	500	27.01.2010	15 वर्ष 27.01.2025	10 वर्ष तक 8.55% 10 वर्ष के उपरांत 9.05%, यदि मांग विकल्प का उपयोग न किया गया हो	आईएनई 692A09225
कुल	**6090**				

ये सभी बांड राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध हैं और बैंक ने स्टॉक एक्सचेंज को 2010-11 के लिए वार्षिक सूचीबद्धता शुल्क का भुगतान कर दिया है.

8.3 लाभांश

बैंक के निदेशक मंडल ने 06.05.2010 को आयोजित बैठक में वित्तीय वर्ष के लिए 55% अर्थात् रु. 5.50 प्रति शेयर लाभांश की संस्तुति की है.

8.4 वार्षिक साधारण बैठक और वित्तीय कैलेंडर के ब्यौरे

8.4.1 वार्षिक साधारण बैठक के विवरण

लेखों और लाभांश पर विचार विमर्श के लिए बोर्ड की बैठक	6 मई, 2010
वार्षिक साधारण बैठक की तिथि, समय और स्थान	दि.02 जुलाई, 2010 को अपराह्न 4.00 बजे रामा वाटुमल ऑडिटोरियम, के.सी.कॉलेज, दिनशा वाच्छा रोड, चर्चगेट, मुंबई-400 020.
वार्षिक रिपोर्ट एवं वार्षिक साधारण बैठक के नोटिस का प्रेषण	05 जून, 2010 को या उसके पूर्व
बहियों के बंद रहने की तिथि	अंतिम लाभांश का भुगतान करने के लिए 26 जून, 2010 से 02 जुलाई, 2010 (दोनों दिनों को मिलाकर)
लाभांश के भुगतान की तिथि	9 जुलाई, 2010 को या उससे पूर्व

8.4.2 वित्तीय कैलेंडर

वित्तीय वर्ष 2010-11 के वित्तीय परिणामों की घोषणा की संभावित तिथियां निम्नलिखित हैं :

वित्तीय परिणाम	घोषणा की संभावित तिथि
30 जून, 2010 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणाम	22 जुलाई, 2010
30 सितंबर, 2010 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणाम	22 अक्तूबर, 2010
31 दिसंबर, 2010 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणाम	22 जनवरी, 2011
31 मार्च, 2011 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणाम	06 मई, 2011

8.5 शेयर अंतरण प्रणाली और निवेशकों की शिकायतों का निवारण

बैंक यह सुनिश्चित करता है कि सभी शेयरों का अंतरण उनको प्रस्तुत करने की तिथि से 1 माह के अंदर कर दिया जाए. बैंक ने शेयरों के अंतरण और उनसे संबंधित मामलों पर विचार के लिए बोर्ड की शेयर अंतरण समिति बनाई है.

शेयर अंतरण और निवेशकों संबंधी अन्य समस्त गतिविधियों पर कार्रवाई रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण एजेंट डाटामेटिक्स फायनांशियल सर्विसेज लि. मुंबई के कार्यालय में संपादित की जाती हैं. शेयरधारक अपने अंतरण विलेख और अन्य दस्तावेज तथा शिकायतें रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण एजेंट को निम्नलिखित पते पर भेज सकते हैं. बैंक ने अपने प्रधान कार्यालय, मुंबई में भी निवेशक सेवाएं प्रभाग स्थापित किया है. शेयरधारक अपनी शिकायतों के लिए निवेशक सेवाएं प्रभाग से संपर्क कर सकते हैं. सूचीबद्धता करार के खण्ड 47 (एफ) के अनुसार नामित ई-मेल आई डी investorservices@unionbankofindia.com है.

रजिस्ट्रार एवं अंतरण एजेंट
डाटामैटिक्स फायनांशियल सर्विसेस लि.
प्लॉट नं ए - 16 एवं 17 पार्ट बी,
क्रॉस लेन, एमआईडीसी,
अंधेरी पूर्व,
मुंबई - 400 093.
फोन -(022) 66712151-60
फैक्स -(022) 66712230
ई-मेलः ubiinvestors@dfssl.com

निवेशक सेवाएं प्रभाग
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
बारहवीं मंजिल, केंद्रीय कार्यालय,
239 विधान भवन मार्ग,
नरीमन पॉइंट,
मुंबई - 400 021.
फोन -(022) 2289 6643/36
फैक्स -(022) 22025238
ई-मेलः investorservices@unionbankofindia.com

बैंक ने अपने वेबसाइट पर निवेशक सेवाएं जैसे ब्यौरे के परिवर्तन, डुप्लीकेट शेयर/लाभांश वारंट के अंतरण/प्रेषण/जारी करने के संबंध में अक्सर पूछे गए प्रश्नों की सूची दी है. इस कार्यप्रणाली और प्रलेखीकरण को आसानी से समझने के लिए इसको देखा जा सकता है.

8.5.1 अन्य सूचनाएं

शेयरधारकों की समस्याओं का समय से जवाब देने के अलावा, बैंक अपनी तरफ से पत्राचार और अन्य उपायों के माध्यम से निवेशकों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखता है.

इस साल भेजे गए पत्रों में निम्नलिखित मुद्दों पर जोर दिया गया :

i. छमाही कार्यनिष्पादन

ii. अदत्त लाभांशों का दावा करने और बैंक विवरण / लाभांश मेंडेट फॉर्म को अद्यतन करने पर.

1.2 शेयरों का अमूर्तीकरण

बैंक के शेयरों का क्रय-विक्रय अनिवार्यतः डीमैट रूप में ही होता है. बैंक ने दोनों डिपोजिटरियों यथा नैशनल सिक्यूरिटीज डिपोजिटरीज लि.(एनएसडीएल) और सेंट्रल डिपोजिटरी सर्विसेस (इंडिया) लि. (सीडीएसएल) से बैंक के शेयरों को डीमैट करने का करार किया है. बैंक के इक्विटी शेयरों के लिए आबंटित ISIN कोड, INE 692 A01016 है. अतः यह अनुरोध है कि भौतिक रूप में धारित शेयर धारक अपने हित में अपने शेयरों को डीमैट कराएं, इससे वे शेयर प्रमाणपत्र की अभिरक्षा और शेयर प्रमाणपत्र के खो जाने / खराब हो जाने सरीखी समस्याओं से बच जाएंगे. इसके अलावा यह उन्हें तुरंत तरलता (नकदीकरण) भी प्रदान करेगा, क्योंकि बैंक के शेयर का व्यापार केवल डीमैट के रूप में ही किया जा सकता है. इससे लाभांश भुगतान भी तेजी और आसानी से हो सकेगा. 31.03.2010 को शेयरधारकों द्वारा डीमैट एवं भौतिक रूप में रखे गए शेयरों का विवरण निम्नानुसार है :

:

	शेयर धारकों की संख्या	शेयरों की संख्या	शेयरधारिता का %
भौतिक	73,837	1,67,76,795	3.32
डीमैट			
एनएसडीएल	79,909	19,47,12,323	38.55
सीडीएसएल *	53,786	29,36,28,782	58.13
कुल	**2,07,532**	**50,51,17,900**	**100.00**

* भारत सरकार द्वारा धारित 28,00,00,000 शेयर शामिल हैं.

इसके अतिरिक्त, सेबी द्वारा जारी परिपत्र के अनुसरण में व्यवसायरत चार्टर्ड एकाउन्टेंट/कंपनी सेक्रेटरी ने भी तिमाही आधार पर सेक्रेटरियल ऑडिट किया. सेक्रेटरियल ऑडिट के दौरान सदस्यों की बही के अद्यतनीकरण / रखरखाव में अथवा डीमैट अनुरोध की प्रासेसिंग में कोई विसंगति नहीं पायी गयी और भौतिक प्रणाली तथा डीमैट प्रणाली में रखी गई पूंजी का निर्गमित पूंजी से मिलान होता है.

8.7 इलेक्ट्रॉनिक क्लियरिंग सेवा / यूनियन बैंक के खाते में सीधे जमा

सेबी ने सभी सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा निवेशकों को उन स्थानों पर नेशनल इलैक्ट्रॉनिक क्लीयरिंग सर्विस (एनईसीएस) के जरिये लाभांश के वितरण के लिए डिपोजिटरी द्वारा प्रस्तुत बैंक खातों के ब्यौरों का प्रयोग करना अनिवार्य कर दिया है, जहां ईसीएस सेवा उपलब्ध हो. नेशनल इलैक्ट्रॉनिक क्लीयरिंग सर्विस न होने पर बैंक निवेशकों को लाभांश वितरण का भुगतान लिखतों के माध्यम से करेगा एवं उपलब्ध होने पर बैंक खाते का विवरण भी मुद्रित करेगा.

उपरोक्त के अलावा, बैंक ने लाभांश की रकम जमा करने के लिए निम्नलिखित तरीका अपनाया है :

ऐसे शेयरधारकों के खाते में सीधे जमा के द्वारा लाभांश का भुगतान करना, जिनके खाते यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में हैं.

लाभांश मैन्डेट फार्म हमारी वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in पर भी उपलब्ध है और इस वार्षिक रिपोर्ट में भी संलग्न किया गया है.

8.8 बाजार मूल्य, शेयर बाजार में क्रय-विक्रय किए गये शेयरों की मात्रा

माह	**बीएसई**			**एनएसई**			**बीएसई सेंसेक्स**	
	उच्चतम (रु.)	**न्यूनतम (रु.)**	**मात्रा (संख्या)**	**उच्चतम (रु.)**	**न्यूनतम (रु.)**	**मात्रा (संख्या)**	**उच्चतम**	**न्यूनतम**
अप्रैल 09	175.70	142.90	3521013	175.80	140.90	18370571	11492.10	9546.29
मई 09	222.00	156.70	9576664	222.00	151.00	43267104	14930.54	11621.30
जून 09	248.50	204.00	4190576	249.30	190.55	29518267	15600.30	14016.95
जुलाई 09	264.90	218.00	5088411	265.70	217.65	25394570	15732.81	13219.99
अगस्त 09	237.00	201.10	3210535	237.00	200.10	14900477	16002.46	14684.45
सितम्बर 09	252.70	211.30	4513336	252.45	210.65	15365198	17142.52	15356.72
अक्तुबर 09	281.75	232.50	4825379	281.90	232.30	22380243	17493.17	15805.20
नवम्बर 09	291.40	240.00	2622572	291.50	239.50	14059129	17290.48	15330.56
दिसम्बर 09	289.25	255.00	2193741	289.50	255.00	13148806	17530.94	16577.78
जनवरी 10	275.90	247.95	1900857	276.00	247.80	12063697	17790.33	15982.08
फरवरी 10	264.50	237.00	1697603	264.85	236.80	10425348	16669.25	15651.99
मार्च 10	299.70	252.35	2343987	300.00	253.70	16073698	17793.01	16438.45
31/3/2010 को अन्तिम मूल्य	292.95			292.30				
बाजार पूंजीकरण	14797.43 crore			14764.60 crore				



8.9 शेयरधारिता का वितरण

सरकार की शेयरधारिता 28 करोड़ शेयरों की है, जो रु. 505.12 करोड़ की कुल जारी पूंजी में रू. 280.00 करोड़ है. दिनांक 31.3.2009 तथा 31.3.2010 **को शेयरधारिता का वितरण निम्न प्रकार है :-**

	यथा 31/03/2009				यथा 31/3/2010			
शेयरधारिता	**शेयरधारकों की संख्या**	**कुल का %**	**शेयरों की संख्या**	**कुल का %**	**शेयरधारकों की संख्या**	**कुल का %**	**शेयरों की संख्या**	**कुल का %**
500 तक	202332	89.22	31273184	6.19	185331	89.30	28611927	5.66
501 से 1000	19513	8.60	12654580	2.51	17733	8.54	11497917	2.28
1001 से 2000	3324	1.47	4528241	0.90	2992	1.44	4065467	0.81
2001 से 3000	632	0.28	1570262	0.31	556	0.27	1370111	0.27
3001 से 4000	232	0.10	819838	0.16	182	0.09	642871	0.13
4001 से 5000	104	0.05	484583	0.09	99	0.05	456295	0.09
5001 से 10000	223	0.10	1595969	0.32	206	0.10	1485166	0.29
10001 एवं ऊपर	408	0.18	452191243	89.52	433	0.21	456988146	90.47
कुल	226768	100.00	505117900	100.00	207532	100.00	505117900	100.00

बैंक के शेयर का अंकित मूल्य रू.10/- है. बैंक ने किसी अन्य प्रकार के शेयर यथा अधिमान शेयर, परिवर्तनीय डिबेंचर आदि जारी नहीं किए हैं.

8.10 शेयरधारिता का पैटर्न

दिनांक 31.3.2009 तथा 31.03.2010 को बैंक की शेयरधारिता का पैटर्न निम्नानुसार रहा :-

	यथा 31/3/2009		यथा 31/3/2010	
शेयरधारक की श्रेणी	**धारित शेयरों की संख्या**	**कुल का %**	**धारित शेयरों की संख्या**	**कुल का %**
भारत सरकार	28,00,00,000	55.43	28,00,00,000	55.43
अनिवासी (एफआईआई/ओसीबी/ एनआरआई)	7,13,52,568	14.13	8,81,69,325	17.46
बैंक/वित्तीय संस्थान/बीमा कं.	1,70,02,526	3.37	1,98,10,523	3.92
म्युच्युअल फंड / यूटीआई	6,33,65,363	12.54	4,42,74,751	8.76
देशी कंपनियां/निजी निगमित निकाय/ट्रस्ट	1,81,68,356	3.60	2,32,58,361	4.61
निवासी भारतीय	5,52,29,087	10.93	4,96,04,940	9.82
कुल	**50,51,17,900**	**100.00**	**50,51,17,900**	**100.00**

बैंक के 10 शीर्ष शेयरधारकों की सूची

31.03.2010 को शीर्ष 10 शेयरधारकों के नाम इसप्रकार हैं :

क्र.	नाम	शेयरों की संख्या	पूंजी का %
1.	भारत के राष्ट्रपति	28,00,00,000	55.43
2.	भारतीय जीवन बीमा निगम	1,64,31,866	3.25
3.	एचडीएफसी स्टैंडर्ड लाइफ इंश्योरेंस कं. लि.	1,18,97,624	2.36
4.	भारतीय जीवन बीमा निगम मनी प्लस	1,01,21,458	2.00
5.	वैरिएबल इंश्योरेंस प्रोडक्ट्स फंडIII- मिड कैप पोर्टफोलियो	76,99,690	1.52
6.	मेरिन लिंच कैपिटल मार्केट्स एस्पाना एस.ए.एस.वी.	76,63,929	1.52
7.	एफआईडी फंड्स (मारीशस) लि.	54,29,026	1.08
8.	भारतीय जीवन बीमा निगम - प्रॉफिटप्लस	41,29,038	0.82
9.	आईसीआईसीआई प्रूडेन्शियल लाइफ इंश्योरेंस कं. लि.	39,11,643	0.77
10.	सलोने रोबिन्सन एलएलपी खाता एसआर ग्लोबल (मॉरिशस) लि.(क्लास बी - एशिया)	38,00,000	0.75
	कुल	**35,10,84,274**	**69.50**

8.11 अदावाकृत/ अदत्त लाभांश

अदत्त लाभांश खाते में लाभांश अंतरित किये जाने की तिथि से 7 वर्ष तक लाभांश की रकम का दावा न किये जाने पर वह रकम निवेशक शिक्षण एवं संरक्षण निधि में अंतरित कर दी जायेगी. इसके बाद खाते में अंतरित उस रकम के लिये बैंक अथवा उक्त निधि के सापेक्ष कोई दावा नहीं किया जा सकेगा. अब तक घोषित लाभांशों तथा विभिन्न लाभांश खातों के सापेक्ष दावा करने की अंतिम तिथि की सूची निम्नानुसार दी गई हैः

लाभांश की अवधि	घोषित लाभांश का प्रतिशत	दावा करने की अंतिम तिथि
लाभांश - 2002-03 के लिए	21%	15.10.2013
अंतरिम लाभांश - 2003-04	20%	15.10.2013
अंतिम लाभांश - 2003-04	15%	15.10.2013
अंतरिम लाभांश - 2004-05	20%	15.10.2013
अंतिम लाभांश - 2004-05	15%	15.10.2013
लाभांश - 2005-06 के लिए	35%	15.10.2013
अंतरिम लाभांश - 2006-07	15%	01.02.2014
अंतिम लाभांश - 2006-07	20%	27.07.2014
लाभांश 2007-08 के लिए	40%	08.08.2015
लाभांश 2008-09 के लिए	50%	02.08.2016

जिन शेयरधारकों ने अभी तक उपर्युक्त लाभांश प्राप्त नहीं किये हों अथवा उनके दावे न किये हों, उनसे अनुरोध है कि यथाशीघ्र अपना दावा बैंक के निवेशक सेवाएं प्रभाग या रजिस्ट्रार को शीघ्रातिशीघ्र प्रस्तुत करें. इससे संबंधित क्षतिपूर्ति बांड का प्रारूप बैंक की वेबसाइट (www.unionbankofindia.co.in) पर भी उपलब्ध है.

8.12 अदावाकृत शेयर

सूचीकरण करार में हाल ही में हुए संशोधनों अर्थात् खंड 5 ए जुड़ने अर्थात् अदावाकृत शेयरों के लिए एकसमान पद्धति, के अंतर्गत बैंक ने सेबी द्वारा अनुदेशित पद्धति का कार्य पूर्ण करने के बाद मार्च 2010 में एक डीमैट उचंत (सस्पेंस) खाता खोला है. बैंक द्वारा आवेदकों को वर्ष 2006 में बैंक के एफपीओ के समय आवंटित शेयर, जो किन्हीं तकनीकी कारणों से उनके संबंधित डीमैट खातों में जमा न किए गए हों, इस खाते में नियंत्रित किए गए हैं. इससे पहले ये शेयर बैंक तथा बैंक के रजिस्ट्रार व अंतरण एजेंट मेसर्ज़ डाटामैटिक्स फायनांशियल सर्विसेज़ लि के साथ संयुक्त रूप से बैंक के नाम से खोले गए एसक्रो खाते में नियंत्रित किए जाते थे. इस खाते में पड़े शेयरों के विस्तृत विवरण इस प्रकार हैं :

	शेयरधारकों की संख्या	शेयरों की संख्या
एस्क्रो खाते में 01.04.2009 को शेष	275	35,956
वित्तीय वर्ष 2009-10 के दौरान अंतरण हेतु संपर्क करने वाले शेयरधारक	14	2,923
वित्तीय वर्ष 2009-10 के दौरान जिन शेयरधारकों को शेयर अंतरित किए गए	14	2,923
31.03.2010 को डीमैट सस्पेंस खाते में शेष	261	33,033

ऊपर बताए गए 33,033 शेयरों पर वोटिंग अधिकार तब तक अवरुद्ध किए गए हैं जब तक इन शेयरों के सही मालिक इनका दावा नहीं करते हैं.

9. सूचीबद्ध करार की गैर-अधिदेशात्मक अपेक्षाओं के अनुपालन की स्थितिः

क्रमांक	गैर-अधिदेशात्मक अपेक्षाएं	अनुपालन की स्थिति
1[ए]	एक गैर-कार्यपालक अध्यक्ष कंपनी के व्यय पर अध्यक्ष कार्यालय के रखरखाव और अपने कर्तव्यपालन के संबंध में किए गए व्ययों की प्रतिपूर्ति का अधिकारी होगा.	निदेशक मंडल के अध्यक्ष भारत सरकार द्वारा नियुक्त एक कार्यपालक निदेशक हैं. अतः यह वाक्य खंड लागू नहीं होता है; क्योंकि यह एक गैर-कार्यपालक अध्यक्ष द्वारा कार्यालय के रखरखाव से संबंधित है.
1[बी]	कंपनी के निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशकों का कार्यकाल कुल मिलाकर 9 वर्ष से अधिक नहीं हो सकता.	राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना 1970 के खंड 9 के अंतर्गत चुने गये निदेशकों का कार्यकाल 3 वर्ष है और उनको 3 वर्ष के एक और कार्यकाल के लिए चुना जा सकता है. किंतु ऐसा कोई निदेशक 6 वर्ष से अधिक अवधि तक निदेशक नहीं रहेगा जबकि इस खंड में अनुमत अवधि 9 वर्ष है. अतः इसका अनुपालन हुआ है.
2	पारिश्रमिक समिति	भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (बैंकिंग प्रभाग) के पत्र क्र. एफ सं.20/1/2005-बीओ.1 दिनांक 09 मार्च, 2007 के अनुसार बैंक द्वारा एक पारिश्रमिक समिति का गठन किया गया है; जो बैंक के पूर्णकालिक निदेशकों को देय कार्यनिष्पादन संबद्ध प्रोत्साहन राशि का निर्धारण करती है. इस समिति में सभी चारों गैर-कार्यपालक निदेशक हैं. अतः इसका अनुपालन हुआ है.
3	शेयरधारकों के अधिकार; विगत छः माह की प्रमुख घटनाओं के सारांश सहित वित्तीय कार्यनिष्पादन की अर्धवार्षिक घोषणा प्रत्येक शेयर धारक को भेजी जाए.	अनुपालन किया गया है.
4	लेखापरीक्षा में कमियां; कंपनी बिना कमियों वाले वित्तीय विवरणों की दिशा में अग्रसर होना चाहिए.	समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कोई लेखापरीक्षा कमी (आपत्ति) नहीं रही. अतः इसका अनुपालन हुआ है.
5	बोर्ड के सदस्यों को प्रशिक्षण	बैंक बोर्ड के सदस्यों को नवीनतम प्रगति से अवगत कराने हेतु विभिन्न आंतरिक प्रस्तुतियों के जरिये नवीनतम जानकारी दे रहा है. उनके बेहतर कार्य-निष्पादन हेतु बैंक द्वारा इस प्रकार की प्रतिष्ठित संस्थाओं की पहचान की जा रही है, जहां बोर्ड के सदस्य संबंधित मामलों पर वरिष्ठ संकाय सदस्यों तथा उद्योग जगत के व्यक्तियों के साथ विचार-विमर्श कर सकें. अतः इस अपेक्षा को पूरा किया गया है.
6	बोर्ड के गैर-कार्यपालक सदस्यों के मूल्यांकन की पद्धति	निदेशक मंडल का गठन बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970 के प्रावधानों के अनुसार किया गया है. अतः यह वाक्यखंड लागू नहीं होता है.
7	गुप्त सूचना नीति (Whistle Blower Policy)	बैंक में जानकारी गुप्त रूप से दिये जाने की नीति लागू है तथा लेखा परीक्षा समिति द्वारा वार्षिक आधार पर इसकी कार्यप्रणाली की समीक्षा की जाती है. अतः इसका अनुपालन हुआ है.

10. आचार संहिता की घोषणा

बोर्ड द्वारा निदेशक मंडल के सभी सदस्यों तथा बैंक के वरिष्ठ प्रबंधन के लिए आचार संहिता का निर्धारण किया गया है तथा बैंक की वेबसाइट पर इसे प्रदर्शित भी किया गया है. निदेशक मंडल के सदस्यों तथा वरिष्ठ प्रबंधन द्वारा वर्ष 2009-10 के लिए संहिता के अनुपालन की पुष्टि की गई है.

कृते यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

[एम.वी. नायर]
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थान : मुंबई
दिनांक : 31 मई 2010.

प्रति

निदेशक मंडल
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
मुंबई.

संदर्भ :- लिस्टिंग- करार के खण्ड 49 के तहत प्रमाणपत्र

यह प्रमाणित किया जाता है कि

[ए] हमने वर्ष (2009-10) के वित्तीय विवरणों एवं नकदी प्रवाह विवरण की समीक्षा की है और हमारी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार :

(i) इन विवरणों में कोई गलत बयानी या कोई भूल-चूक या ऐसा कोई विवरण नही है; जिससे भ्रामक स्थिति पैदा हो.

(ii) ये विवरण बैंक के कार्यों का एक वास्तविक और उचित चित्र प्रस्तुत करते हैं और इनमें मौजूदा लेखांकन मानकों, लागू कानूनों एवं विनियमों का अनुपालन किया गया हैं.

[बी] हमारी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार बैंक द्वारा वर्ष के दौरान ऐसे किसी लेन-देन की प्रविष्टि नहीं की गई है, जो धोखाधड़ीपूर्ण या अवैध हों या जिससे बैंक की आचार संहिता का उल्लंघन होता हो.

[सी] हम वित्तीय रिपोर्टिंग हेतु आंतरिक नियंत्रण स्थापित करने और उसके अनुपालन का दायित्व स्वीकार करते हैं और हमने वित्तीय रिपोर्टिंग संबंधी बैंक की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की प्रामाणिकता का मूल्यांकन किया है तथा हमने लेखापरीक्षकों एवं लेखापरीक्षा समिति को आंतरिक नियंत्रण को तैयार करने अथवा उसे व्यवहार में लाने में आने वाली हमें ज्ञात कमियों, जो कोई हों, और उन कमियों को सुधारने के लिए किये गये या प्रस्तावित उपायों की जानकारी दी है.

[डी] हमने लेखापरीक्षकों एवं लेखापरीक्षा समिति को निम्नलिखित की सूचना दी हैः

(i) वर्ष के दौरान वित्तीय रिपोर्टिंग के आंतरिक नियंत्रण में हुए मुख्य परिवर्तन.

(ii) वर्ष के दौरान लेखांकन नीतियों में हुए व्यापक परिवर्तन और उनका वित्तीय विवरणों की टिप्पणियों में उल्लेख किया गया है, और

(iii) हमें ज्ञात धोखाधड़ी के सभी प्रमुख मामले, जिनमें यदि प्रबंधन या ऐसा कोई कर्मचारी जुड़ा है; जिसकी वित्तीय रिपोर्टिंग संबंधी बैंक की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका है.

कृते यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

[एन.एस. महेता]	**[एम.वी. नायर]**
महाप्रबंधक एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थान : मुंबई.
दिनांक : 6 मई 2010

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के सदस्यों के लिए

हमने स्टॉक एक्सचेंज के साथ उक्त बैंक के सूचीकरण करार के वाक्यखंड 49 में निर्धारित किए अनुसार 31 मार्च 2010 को समाप्त वर्ष के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा कार्पोरेट गवर्नेंस की शर्तों के अनुपालन की स्थिति की जांच की है..

कॉर्पोरेट नियंत्रण संबंधी शर्तों का अनुपालन करना प्रबंधन का दायित्व है. हमारी जांच कार्पोरेट गवर्नेंस की शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु बैंक द्वारा अपनायी गयी पद्धतियों और उनके कार्यान्वयन तक सीमित है. यह न तो लेखापरीक्षा है और न ही बैंक के वित्तीय विवरणों के बारे में हमारा अभिमत है.

हम अपनी राय एवं सर्वोत्तम जानकारी तथा हमें दिए स्पष्टीकरणों के आधार पर प्रमाणित करते हैं कि बैंक ने उपर्युक्त सूचीकरण करार में निर्धारित कॉर्पोरेट गवर्नेंस संबंधी शर्तों का अनुपालन किया है.

हमारा कथन है कि शेयरधारक/ निवेशक शिकायत समिति द्वारा रखे गये रिकॉर्ड के अनुसार बैंक के विरुद्ध किसी भी निवेशक की शिकायत एक माह से अधिक अवधि के लिए लम्बित नहीं है.

हमारा यह भी कथन है कि उक्त अनुपालन का अभिप्राय बैंक की भविष्य की व्यवहार्यता के प्रति कोई आश्वासन नहीं है और न ही यह बैंक के कार्यकलापों के संचालन में प्रबंधन की कुशलता या प्रभावशीलता के विषय में कोई आश्वासन है.

कृते चंदाभाई एंड जसुभाई
चार्टर्ड अकाउंटेंट

(अंबेश ए.दवे)
भागीदार (सदस्य क्र.49289)
फर्म पंजीयन क्र.101647 डब्ल्यू

कृते जी.डी.आपटे एंड कं.
चार्टर्ड अकाउंटेंट

(चेतन आर.सप्रे)
भागीदार(सदस्य क्र.116952)
फर्म पंजीयन क्र.100515 डब्ल्यू

कृते जगन्नाथन एंड सर्वेश्वरन
चार्टर्ड अकाउंटेंट

(पी एस नरसिंहन)
भागीदार(सदस्य क्र.20936)
फर्म पंजीयन क्र.001204 एस

कृते अरुण कुमार अग्रवाल एंड एसोसिएट्स
चार्टर्ड अकाउंटेंट

(अरुण अग्रवाल)
भागीदार (सदस्य क्र.082899)
फर्म पंजीयन क्र.003917 एन

कृते जे.एल.सेनगुप्ता एंड कं.
चार्टर्ड अकाउंटेंट

(एस.आर.अनंतकृष्णन)
भागीदार(सदस्य क्र.18073)
फर्म पंजीयन क्र.307092 ई

कृते ओमप्रकाश एस.चपलोत एंड कं.
चार्टर्ड अकाउंटेंट

(महावीर चपलोत)
भागीदार (सदस्य क्र.403633)
फर्म पंजीयन क्र.000127सी

स्थान : मुंबई.
दिनांक : 06 मई, 2010.

लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

सदस्यगण,

1. हमने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के 31 मार्च, 2010 तक के संलग्न तुलन-पत्र तथा उसी तारीख को समाप्त अवधि के संलग्न लाभ-हानि खाते एवं नकदी प्रवाह विवरण का लेखा परीक्षण किया है, जिसमें हमारे द्वारा लेखापरीक्षित 19 शाखाएं, 1 ट्रेजरी शाखा, 18 क्षेत्रीय कार्यालय तथा अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षित 2176 शाखाएं एवं 34 सेवा शाखाएं तथा 1 विदेशी शाखा सम्मिलित है, 609 अलेखापरीक्षित शाखाएं और 84 कार्यालय/ केन्द्र, जिनकी विवरणियां शाखा प्रबंधक द्वारा प्रमाणित की गई हैं. हमारे द्वारा तथा अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षित शाखाओं का चयन भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा बैंक को दिए गए निर्देशों के अनुसार किया गया है. इन अलेखापरीक्षित शाखाओं का अग्रिम कुल अग्रिम का 1.09%, जमाराशि का 4.61%, ब्याज आय का 0.55% और ब्याज व्यय का 3.15% है. इन वित्तीय विवरणों के लिए बैंक प्रबंधन जिम्मेदार है. हमारा दायित्व अपनी लेखापरीक्षा के आधार पर अपना मत प्रकट करना है.

2. हमने अपनी लेखापरीक्षा भारत में सामान्यतया स्वीकृत लेखापरीक्षा मानदंडों के अनुसार की है. इन मानकों की अपेक्षा है कि हम लेखापरीक्षा यह युक्तियुक्त आश्वासन प्राप्त करने के लिए करते हैं कि ये वित्तीय विवरण किसी सारवान सूचना से रहित नहीं हैं. लेखापरीक्षा में नमूना आधार पर धनराशियों और वित्तीय विवरणों के प्रकटन के समर्थन में साक्ष्यों का परीक्षण और लेखापरीक्षा में प्रयुक्त किए गए लेखांकन सिद्धांतों का आकलन और प्रबंधन द्वारा लगाए गए मुख्य अनुमान तथा वित्तीय विवरणों का समग्र मूल्यांकन भी शामिल है. हमें विश्वास है कि हमारी लेखापरीक्षा हमारे मत का युक्तियुक्त आधार है.

3. ऊपर पैराग्राफ (1) में निर्दिष्ट लेखापरीक्षा की सीमाओं के अधीन और बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 द्वारा अपेक्षित तथा उसमें प्रकटन की सीमाओं की अपेक्षा के अधीन और निम्नलिखित के अधीन हम रिपोर्ट करते हैं किः

   (ए) तुलन पत्र और लाभ हानि खाता बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की तीसरी अनुसूची के 'ए' और 'बी' फार्मों में तैयार किए गए हैं.

   (बी) हमारे मत से और हमें दी गई और भारत में सामान्यतया स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुसार रखी गईं बैंक की बहियों में दर्शाई गई सूचना और स्पष्टीकरणों के आधार पर :

      (i) तुलन पत्र और उसके साथ पठित उसके नोट और प्रमुख लेखा नीतियां आवश्यक विवरणों के आधार पर सही और पूर्ण तुलन पत्र हैं और इसे उचित ढ़ंग से तैयार किया गया है ताकि यथा 31 मार्च 2010 बैंक के कार्यकलापों का सही और उचित चित्र सामने आ सके.

      (ii) लाभ व हानि लेखा और उसके साथ पठित उसके नोट और प्रमुख लेखा नीतियां 31 मार्च, 2010 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ का सही शेष दर्शाती हैं.

      (iii) नकदी प्रवाह विवरण, 31 मार्च 2010 को समाप्त वर्ष के लिए नकदी प्रवाह की सही और उचित स्थिति दर्शाता है.

   (सी) हमने सभी जानकारियां और स्पष्टीकरण प्राप्त किए हैं, जो हमारी जानकारी और विश्वास के अनुसार हमारे लेखापरीक्षा के उद्देश्य से आवश्यक थे और हमने उन्हें संतोषजनक पाया.

   (डी) बैंक के लेनदेन जो हमारी जानकारी में आए हैं वे बैंक के अधिकारों के अंतर्गत किए गए हैं.

   (ई) बैंक के कार्यालय और शाखाओं से प्राप्त प्रविवरण कुछ शाखाओं के मामले में अग्रिमों के वर्गीकरणों सहित कुछ ब्यौरे अपूर्ण पाने के अपवाद के साथ हमारे लेखापरीक्षा के उद्देश्य से सामान्यतया पर्याप्त पाए गए और ऐसे मामलों में नियंत्रक कार्यालयों में उपलब्ध सूचना विश्वसनीय मानी गई है.

कृते चंदाभाई एंड जसुभाई
चार्टर्ड अकाउंटेंट

(अंबेश ए.दवे)
भागीदार (सदस्य क्र.49289)
फर्म पंजीयन क्र.101647 डब्ल्यू

कृते जी.डी.आपटे एंड कं.
चार्टर्ड अकाउंटेंट

(चेतन आर.सप्रे)
भागीदार(सदस्य क्र.116952)
फर्म पंजीयन क्र.100515 डब्ल्यू

कृते जगन्नाथन एंड सर्वेश्वरन
चार्टर्ड अकाउंटेंट

(पी एस नरसिम्हन)
भागीदार(सदस्य क्र.20936)
फर्म पंजीयन क्र.001204 एस

कृते अरुण कुमार अग्रवाल एंड एसोसिएट्स
चार्टर्ड अकाउंटेंट

(अरुण अग्रवाल)
भागीदार (सदस्य क्र.082899)
फर्म पंजीयन क्र.003917 एन

कृते जे.एल.सेनगुप्ता एंड कं.
चार्टर्ड अकाउंटेंट

(एस.आर.अनंतकृष्णन)
भागीदार(सदस्य क्र.18073)
फर्म पंजीयन क्र.307092 ई

कृते ओमप्रकाश एस.चपलोत एंड कं.
चार्टर्ड अकाउंटेंट

(महावीर चपलोत)
भागीदार (सदस्य क्र.403633)
फर्म पंजीयन क्र.000127सी

31 मार्च, 2010 का तुलन पत्र

राशि हजार रुपयों में

	अनुसूची	31.03.2010 को	31.03.2009 को
पूंजी और दायित्व			
पूंजी	01	**5,05,11,79**	5,05,11,79
आरक्षित निधियां	02	**99,18,66,29**	82,35,23,66
जमाराशियां	03	**17,00,39,74,14**	13,87,02,83,25
उधार	04	**92,15,30,64**	38,84,89,53
अन्य देनदारियां और प्रावधान	05	**54,83,01,44**	96,47,42,92
जोड़		**19,51,61,84,30**	16,09,75,51,15
आस्तियां			
नकदी और भारतीय रिजर्व बैंक में जमाशेष	06	**1,24,68,24,43**	89,92,04,83
बैंकों में जमाशेष और मांग एवं अल्प सूचना पर प्राप्य धन	07	**33,08,44,96**	69,92,88,12
निवेश	08	**5,44,03,52,71**	4,29,96,96,37
अग्रिम	09	**11,93,15,29,86**	9,65,34,23,21
अचल आस्तियां	10	**23,05,43,82**	23,35,15,97
अन्य आस्तियां	11	**33,60,88,52**	31,24,22,65
जोड़		**19,51,61,84,30**	16,09,75,51,15
अनुषंगी दायित्व	12	**7,23,38,05,14**	8,11,47,09,92
संग्रहण के लिए बिल		**45,65,80,31**	32,31,72,07
उल्लेखनीय लेखा नीतियां	17		
खातों से संबंधित नोट	18		

उक्त अनुसूचियां तुलनपत्र का एक अभिन्न अंग हैं

एस. के. गुप्ता
उप महा प्रबंधक

एन. एस. महेता
महा प्रबंधक

एस. रामन
कार्यपालक निदेशक

एस. सी. कालिया
कार्यपालक निदेशक

एम.वी. नायर
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

के. वी. ईप्पन
निदेशक

के. शिवरामन
निदेशक

बी. एम. शर्मा
निदेशक

एन. शंकर
निदेशक

अशोक सिंह
निदेशक

डॉ. गुलफ़ाम मुज़िबी
निदेशक

प्रो. एम. एस. श्रीराम
निदेशक

अरुण कुमार नंदा
निदेशक

एस. रवि
निदेशक

इसी तारीख की हमारी संलग्न रिपोर्ट के अनुसार

कृते चंदाभाई एंड जसुभाई
चार्टर्ड अकाउंटेंट
(अंबेश ए. दवे)
भागीदार (49289)

कृते जी. डी. आपटे एंड कं.
चार्टर्ड अकाउंटेंट
(चेतन आर. सप्रे)
भागीदार (116952)

कृते जगन्नाथ एंड सर्वेश्वरन
चार्टर्ड अकाउंटेंट
(पी. एस. नरसिम्हन)
भागीदार (20936)

कृते अरुण के. अग्रवाल एंड एसोसिएट्स
चार्टर्ड अकाउंटेंट
(अरुण अग्रवाल)
भागीदार (082899)

कृते जे. एल. सेनगुप्ता एंड कं.
चार्टर्ड अकाउंटेंट
(एस. आर. अनंतकृष्णन)
भागीदार (18073)

कृते ओम प्रकाश एस. चपलोत एंड कं.
चार्टर्ड अकाउंटेंट
(महावीर चपलोत)
भागीदार (403633)

स्थान : मुंबई
दिनांक : 6 मई, 2010

31 मार्च, 2010 को समाप्त वर्ष का लाभ व हानि लेखा

राशि हजार रुपयों में

	अनुसूची	31.03.2010 को समाप्त वर्ष	31.03.2009 को समाप्त वर्ष
i **आय**			
अर्जित ब्याज	13	**1,33,02,67,91**	1,18,89,37,87
अन्य आय	14	**19,74,74,01**	14,82,55,14
		1,52,77,41,92	1,33,71,93,01
ii. **व्यय**			
व्यय किया गया ब्याज	15	**91,10,26,74**	80,75,81,31
परिचालन व्यय	16	**25,07,84,75**	22,14,11,46
प्रावधान और आकस्मिक व्यय		**15,84,38,56**	13,55,44,96
जोड़		**1,32,02,50,05**	1,16,45,37,73
iii. **वर्ष का शुद्ध लाभ**		**20,74,91,87**	17,26,55,28
जोड़ें : आगे लाया गया लाभ		**83,40**	64,95
जोड़		**20,75,75,27**	17,27,20,23
iv. **विनियोजन**			
कानूनी आरक्षित को अंतरण		**6,25,00,00**	5,18,00,00
पूंजी आरक्षित को अंतरण		**1,00,09,05**	2,17,08,28
राजस्व और अन्य			
आरक्षित निधियों को अंतरण		**5,72,00,00**	2,59,00,00
प्रस्तावित लाभांश		**2,77,81,49**	2,52,55,89
लाभांश कर		**47,21,46**	42,92,24
विदेशी मुद्रा परिवर्तन आरक्षित में अंतरण		**0**	80,42
विशेष आरक्षित में अंतरण {धारा 36 (1) (viii)}		**4,52,00,00**	4,36,00,00
लाभ व हानि लेखे में शेष		**1,63,27**	83,40
जोड़		**20,75,75,27**	17,27,20,23
प्रति शेयर अर्जन (बेसिक एंड डायल्यूटेड)		**41.08**	34,18

उक्त अनुसूचियां तुलनपत्र का एक अभिन्न अंग हैं

एस. के. गुप्ता उप महा प्रबंधक	**एन. एस. महेता** महा प्रबंधक	**एस. रामन** कार्यपालक निदेशक	**एस. सी. कालिया** कार्यपालक निदेशक	**एम.वी. नायर** अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
के. वी. ईप्पन निदेशक	**के. शिवरामन** निदेशक	**बी. एम. शर्मा** निदेशक	**एन. शंकर** निदेशक	**अशोक सिंह** निदेशक
डॉ. गुलफ़ाम मुज़िबी निदेशक	**प्रो. एम. एस. श्रीराम** निदेशक	**अरुण कुमार नंदा** निदेशक	**एस. रवि** निदेशक	

इसी तारीख की हमारी संलग्न रिपोर्ट के अनुसार

कृते चंदाभाई एंड जसुभाई चार्टर्ड अकाउंटेंट **(अंबेश ए. दवे)** भागीदार (49289)	**कृते जी. डी. आपटे एंड कं.** चार्टर्ड अकाउंटेंट **(चेतन आर. सप्रे)** भागीदार (116952)	**कृते जगन्नाथ एंड सर्वेश्वरन** चार्टर्ड अकाउंटेंट **(पी. एस. नरसिम्हन)** भागीदार (20936)
कृते अरुण के. अग्रवाल एंड एसोसिएट्स चार्टर्ड अकाउंटेंट **(अरुण अग्रवाल)** भागीदार (082899)	**कृते जे. एल. सेनगुप्ता एंड कं.** चार्टर्ड अकाउंटेंट **(एस. आर. अनंतकृष्णन)** भागीदार (18073)	**कृते ओम प्रकाश एस. चपलोत एंड कं.** चार्टर्ड अकाउंटेंट **(महावीर चपलोत)** भागीदार (403633)

स्थान : मुंबई
दिनांक : 6 मई, 2010

31 मार्च , 2010 के तुलन पत्र के भाग के रूप में अनुसूचियां

(राशि हजार रुपयों में)

		31. 03. 2010 के अनुसार		31. 03. 2009 के अनुसार
अनुसूची 1 - पूंजी :				
I. प्राधिकृत पूंजी प्रति रू.10 के 300,00,00,000 के ईक्विटी पिछले वर्ष 150,00,00,000 के ईक्विटी शेयर		**30,00,00,00**		15,00,00,00
II. निर्गमित, अभिदत्त व प्रदत्त :				
i. 28,00,00,000 ईक्विटी शेयर प्रत्येक 10 रूपये, केन्द्रीय सरकार द्वारा धारित		**280,00,00**		2,80,00,00
ii. 22,51,17,900 ईक्विटी शेयर प्रत्येक 10 रूपये, जनता द्वारा धारित		**2,25,11,79**		2,25,11,79
जोड़		**5,05,11,79**		5,05,11,79
अनुसूची 2 - आरक्षित निधिया और अधिशेष :				
I. **कानूनी आरक्षित :**				
पिछले तुलन - पत्र के अनुसार	**26,48,00,00**		21,30,00,00	
वर्ष के दौरान वृद्धि	**6,25,00,00**	**32,73,00,00**	5,18,00,00	26,48,00,00
II. **पूंजी आरक्षित :**				
पिछले तुलन - पत्र के अनुसार	**5,04,22,93**		2,87,14,65	
वर्ष के दौरान वृद्धि	**1,00,09,05**	**6,04,31,98**	2,17,08,28	5,04,22,93
III. **शेयर प्रीमियम :**				
पिछले तुलन - पत्र के अनुसार	**5,32,35,57**		5,32,35,57	
वर्ष के दौरान वृद्धि	**0**	**5,32,35,57**	0	5,32,35,57
IV. **पुनर्मूल्यांकन आरक्षित :**				
पिछले तुलन - पत्र के अनुसार	**16,85,97,86**		17,24,39,50	
वर्ष के दौरान कमी	**70,00,99**	**16,15,96,87**	38,41,64	16,85,97,86
VI. **राजस्व और अन्य आरक्षित निधियां :**				
i. राजस्व और अन्य आरक्षित				
पिछले तुलन - पत्र के अनुसार	**18,43,00,00**		15,84,00,00	
वर्ष के दौरान वृद्धि	**5,72,00,00**		2,59,00,00	
	24,15,00,00		18,43,00,00	
ii. विशेष आरक्षित (धारा 36(1) (VIII.)				
पिछले तुलनपत्र के अनुसार	**10,20,00,00**		5,84,00,00	
वर्ष के दौरान वृद्धि	**4,52,00,00**		4,36,00,00	
जोड़	**14,72,00,00**		10,20,00,00	
iii. विदेशी मुद्रा परिवर्तन आरक्षित निधियां				
पिछले तुलन - पत्र के अनुसार	**83,90**		3,48	
वर्ष के दौरान वृद्धि	**3,54,69**		80,42	
वर्ष के दौरान कमी	**4,38,59**	**38,91,38,59**	83,90	28,63,83,90
VI. **लाभ एवं हानि लेखा में शेष**				
लाभ एवं हानि लेखा में शेष		**1,63,27**		83,40
जोड़		**99,18,66,29**		82,35,23,66

31 मार्च, 2010 के तुलन पत्र के भाग के रूप में अनुसूचियां

(राशि हजार रुपयों में)

		31. 03. 2010 के अनुसार		31. 03. 2009 के अनुसार
अनुसूची - 3 जमाराशियां :				
I. मांग जमा :				
i. बैंकों से	10,71,32,85		7,82,96,69	
ii. अन्य से	1,51,57,89,33	1,62,29,22,18	1,23,83,45,08	1,31,66,41,77
II. बचत बैंक जमाराशियां :		3,77,27,75,32		2,85,44,75,51
III. मीयादी जमाराशियां :				
i. बैंकों से	44,72,78,02		37,17,03,66	
ii. अन्य से	11,16,09,98,62	11,60,82,76,64	9,32,74,62,31	9,69,91,65,97
जोड़		17,00,39,74,14		13,87,02,83,25
भारत में स्थित शाखाओं में जमाराशियां		16,96,69,95,94		13,84,16,00,91
भारत से बाहर स्थित शाखाओं में जमाराशियां		3,69,78,20		2,86,82,34
जोड़		17,00,39,74,14		13,87,02,83,25
अनुसूची - 4 - उधार :				
ए- उधार-पूंजी लिखत				
i. शाश्वत बांड	10,40,00,00		8,40,00,00	
ii. अपर टियर II बांड	17,50,00,00		7,50,00,00	
iii टियर II बांड	33,00,00,00		33,00,00,00	
बी- भारत में उधार :				
i. अन्य संस्थाओं एवं अभिकरणों से	1,83,89,12	62,73,89,12	6,51,84,65	55,41,84,65
सी- भारत से बाहर उधार		29,41,41,52		32,33,04,88
जोड़		92,15,30,64		87,74,89,53
उक्त ए, बी और सी में शामिल प्रतिभूत उधार		2,82,10		3,03,89,73
अनुसूची 5 - अन्य देयताएं और प्रावधान :				
I. देय बिल		17,96,90,08		17,26,63,79
II. उपचित ब्याज		5,25,68,56		5,36,76,79
III. अन्य (प्रावधानों और नोस्ट्रो खातों में लंबित मदों सहित)		31,60,42,80		24,94,02,34
जोड़		54,83,01,44		47,57,42,92
अनुसूची 6 - नकदी और भारतीय रिज़र्व बैंक में जमाशेष				
I. धारित नकदी (इसमें विदेशी करेंसी नोट सम्मिलित हैं)		3,92,61,47		4,21,01,69
II. भारतीय रिजर्व बैंक के साथ जमाशेष चालू खाते में		1,20,75,62,96		85,71,03,14
जोड़		1,24,68,24,43		89,92,04,83
अनुसूची 7 - बैंकों में जमाशेष और मांग एवं अल्प सूचना पर प्राप्य धन				
I. भारत में बैंकों के पास जमाशेष				
ए) चालू खातों में	3,85,63,10		4,49,34,76	
बी) अन्य जमा खातों में	7,07,50,00		5,42,50,00	
II. मांग और अल्प सूचना पर प्राप्य धन				
- बैंकों के साथ	5,75,00,00		9,36,00,00	
I. - अन्य संस्थाओं के साथ	75,00,00		6,13,15,59	
	8,99,43,55	26,42,56,65	0	25,41,00,35
II. भारत के बाहर				
i. चालू खातों में	82,91,77		1,17,65,84	
ii. अन्य जमा खातों में	5,82,96,54	6,65,88,31	43,34,21,93	44,51,87,77
जोड़		33,08,44,96		69,92,88,12

31 मार्च, 2010 के तुलन पत्र के भाग के रूप में अनुसूचियां

(राशि हज़ार रुपयों में)

		31. 03. 2010 के अनुसार		31. 03. 2009 के अनुसार
अनुसूची 8 - निवेश :				
I. **भारत में निवेश :**				
i. सरकारी प्रतिभूतियों में		**4,26,52,85,46**		3,48,57,41,89
ii. अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में		**1,76,30,99**		2,87,63,54
iii. शेयर		**6,82,25,67**		3,89,59,35
iv. डिबेंचर और बांड		**34,95,01,08**		36,51,17,12
v. सहायक एवं संयुक्त उद्यम		**67,63,19**		19,15,64
vi. अन्य				
- वाणिज्यिक पत्र	**4,15,54,97**		2,42,34,00	
- जमाराशि प्रमाणपत्र	**45,93,20,39**		20,29,99,52	
- पारस्परिक निधि	**4,05,22,66**		3,89.58,11	
- आर आई डी एफ	**19,04,77,69**		11,20,57,47	
- आर्सिल की प्रतिभूति रसीद	**5,88,55**	**73,24,64,26**	9,29,84	37,91,78,94
जोड़		**5,43,98,70,65**		4,29,96,76,48
II. **भारत के बाहर निवेश :**				
i. संयुक्त उपक्रम		**4,62,17**		0
ii शेयर		**19,89**		19,89
जोड़		**4,82,06**		19,89
योग		**5,44,03,52,71**		4,29,96,96,37
III. i. **भारत में निवेश :**				
सकल मूल्य		**5,44,78,19,52**		4,31,93,59,70
मूल्यह्रास के लिए प्रावधान		**79,48,87**		1,96,83,22
शुद्ध मूल्य		**5,43,98,70,65**		4,29,96,76,48
ii. **भारत के बाहर निवेश :**				
सकल मूल्य / शुद्ध मूल्य		**4,82,06**		19,89
जोड़		**5,44,03,52,71**		4,29,96,96,37
अनुसूची 9 - अग्रिम :				
I. i. खरीदे और भुनाए गए बिल		**47,61,93,40**		44,56,49,98
ii. नकद साख, ओवरड्राफ्ट और मांग पर प्रतिदेय ऋण		**6,23,71,18,00**		5,28,40,08,76
iii. मीयादी ऋण		**5,21,82,18,46**		3,92,37,64,47
जोड़		**11,93,15,29,86**		9,65,34,23,21
II. i. मूर्त आस्तियों द्वारा प्रतिभूत (बही ऋण के पेटे अग्रिमों सहित)		**8,84,39,17,52**		7,37,62,35,13
ii. बैंक / सरकारी प्रत्याभूतियों द्वारा संरक्षित		**41,05,41,85**		27,97,32,79
iii. अप्रतिभूत		**2,67,70,70,49**		1,99,74,55,29
जोड़		**11,93,15,29,86**		9,65,34,23,21
ए. **भारत में अग्रिम :**				
i. प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र		**4,18,09,72,10**		3,19,80,40,57
ii. सार्वजनिक क्षेत्र		**70,79,63,28**		1,32,58,68,17
iii. बैंक		**26,12,18,72**		11,31,80,31
iv. अन्य		**6,48,37,14,82**		4,88,57,98,32
जोड़ - ए		**11,63,38,68,92**		9,52,28,87,37

31 मार्च, 2010 के तुलन पत्र के भाग के रूप में अनुसूचियां

(राशि हजार रुपयों में)

		31. 03. 2010 के अनुसार		31. 03. 2009 के अनुसार
बी. भारत से बाहर अग्रिम				
i. बैंकों से देय		0		6,47,76,96
ii. अन्य से देय				
ए) खरीदे एवं भुनाए गए बिल		1,42,45,53		47,24,29
बी) सिंडिकेट ऋण		28,23,77,64		1,57,24,36
सी) अन्य		10,37,77		4,53,10,23
जोड़ बी		29,76,60,94		13,05,35,84
जोड़ (ए+बी)		11,93,15,29,86		9,65,34,23,21
अनुसूची 10 - अचल आस्तियां :				
ए. मूर्त आस्तियां				
i. परिसर :				
पिछले तुलनपत्र के अनुसार लागत/मूल्यांकन पर	21,12,18,30		20,34,35,41	
वर्ष के दौरान वृद्धि	2,72,54		77,82,89	
	21,14,90,84		21,12,18,30	
घटाएं : आज की तारीख तक मूल्यह्रास	3,34,81,30	17,80,09,54	2,55,86,44	18,56,31,86
ii. प्रक्रियाधीन पूंजीगत कार्य				
पिछले तुलनपत्र के अनुसार लागत पर	7,85,65		4,57,13	
वर्ष के दौरान वृद्धि	3,31,51		80,20,91	
वर्ष के दौरान कमी	1,20,93	9,96,23	76,92,39	7,85,65
iii. भूमि				
पिछले तुलनपत्र के अनुसार लागत पर	13,52,04		13,52,04	
	13,52,04		13,52,04	
घटाएं : आज की तारीख तक मूल्यह्रास	2,15,09	11,36,95	2,07,58	11,44,46
iv. अन्य अचल आस्तियां : (फर्नीचर फिक्सचर सहित)				
ए) पट्टे पर दी गई आस्तियां :				
पिछले तुलनपत्र के अनुसार लागत पर	31,04,77		33,01,72	
वर्ष के दौरान कमी	0		1,96,95	
	31,04,77		31,04,77	
घटाएं : आज की तारीख तक मूल्यह्रास	31,04,77		31,04,77	
बी) अन्य :				
पिछले तुलनपत्र के अनुसार लागत/मूल्यांकन पर	10,37,70,97		8,82,53,67	
वर्ष के दौरान वृद्धि	1,95,34,16		2,10,83,24	
	12,33,05,13		10,93,36,91	
वर्ष के दौरान कमी	13,04,98		55,65,94	
	12,20,00,15		10,37,70,97	
घटाएं : आज की तारीख तक मूल्यह्रास	7,33,49,15		6,04,36,33	
	4,86,51,00	4,86,51,00	4,33,34,64	4,33,34,64
बी) अमूर्त आस्तियां				
कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर				
पिछले तुलनपत्र के अनुसार लागत पर	72,12,65		43,97,72	
वर्ष के दौरान वृद्धि	4,32,99		28,14,93	
	76,45,64		72,12,65	
आज की तारीख तक परिशोधन जोड़	58,95,54	17,50,10	45,93,29	26,19,36
जोड़		23,05,43,82		23,35,15,97

31 मार्च, 2010 के तुलन पत्र के भाग के रूप में अनुसूचियां

(राशि हजार रुपयों में)

			31. 03. 2010 के अनुसार		31. 03. 2009 के अनुसार
अनुसूची 11 - अन्य आस्तियां :					
I.	अन्तर कार्यालयीन समायोजन (निवल)		**7,63,80,26**		4,34,49,15
II.	उपचित ब्याज		**10,36,88,12**		9,10,24,48
III.	संदत्त / स्त्रोत पर काटा गया कर (प्रावधानों के समायोजन के बाद)		**4,26,14,36**		2,72,98,09
IV.	लेखन सामग्री और स्टैंप		**10,04,33**		13,33,55
V.	दावों के समाधान से अर्जित गैर बैंककारी आस्तियां		**3,90**		3,90
VI.	आस्थगित कर आस्तियां		**32,38,48**		64,10,49
V.	अन्य		**10,91,59,07**		14,29,02,99
	जोड़		**33,60,88,52**		31,24,22,65
अनुसूची 12 -- अनुषंगी दायित्व :					
I.	बैंक के विरुद्ध दावे, जिन्हें ऋण के रूप में स्वीकार नहीं किया गया है.		**8,40,16,54**		4,49,34,68
II.	अंशतः संदत्त निवेशों के लिए देयताएं		**59,20**		59,20
III.	बकाया वायदा विनिमय संविदाओं के कारण देयताएं		**5,14,14,08,52**		5,41,36,63,10
IV.	संघटकों की ओर से दी गयी गारंटियां				
	i. भारत में	**1,10,21,30,40**		81,70,01,51	
	ii. भारत के बाहर	**1,95,25,42**	**1,12,16,55,82**	1,79,73,03	83,49,74,54
V.	स्वीकृतियां, पृष्ठांकन और अन्य बाध्यताएं		**86,61,54,85**		1,78,98,50,98
VI.	अन्य मदें, जिनके लिए बैंक आकस्मिक रूप से उत्तरदायी है				
	i. अपील के अधीन विवादास्पद कर मांग	**1,98,00,00**		3,11,00,00	
	ii. अन्य	**7,10,21**	**2,05,10,21**	1,27,42	3,12,27,42
	जोड़		**7,23,38,05,14**		8,11,47,09,92

लाभ व हानि लेखा की अनुसूचियां

(राशि हजार रुपयों में)

		31. 03. 2010 के अनुसार	31. 03. 2010 के अनुसार
अनुसूची 13 - अर्जित ब्याज :			
I.	अग्रिमों / बिलों पर ब्याज / बट्टा	**96,96,35,35**	88,93,36,32
II.	निवेशों पर आय	**34,82,30,36**	28,30,85,82
III.	भारतीय रिजर्व बैंक के जमाशेषों और अन्य अंतर बैंक निधियों पर ब्याज	**55,33,26**	68,00,81
IV.	अन्य	**68,68,94**	97,14,92
	जोड़	**1,33,02,67,91**	1,18,89,37,87

लाभ व हानि लेखा की अनुसूचियां

(राशि हजार रुपयों में)

		31. 03. 2010 के अनुसार	31. 03. 2010 के अनुसार
अनुसूची 14 - अन्य आय :			
I.	कमीशन, विनिमय और दलाली	**3,51,76,46**	3,13,27,44
II.	निवेशों के विक्रय पर लाभ - निवल	**5,72,78,31**	3,21,47,05
III.	भूमि, भवनों और अन्य आस्तियों के विक्रय पर लाभ - निवल	**-64,12**	9,23,83
IV.	विनिमय संव्यवहारों पर लाभ - निवल	**3,22,67,58**	3,38,58,11
V.	विविध आय	**7,28,15,78**	4,99,98,71
	जोड़	**19,74,74,01**	14,82,55,14
अनुसूची 15 - व्यय किया गया ब्याज :			
I.	जमाराशियों पर ब्याज	**85,27,76,59**	73,89,51,99
II.	भारतीय रिजर्व बैंक/अंतर बैंक उधारों पर ब्याज	**1,01,02,48**	3,29,80,73
III.	अन्य	**4,81,47,66**	3,56,48,59
	जोड़	**91,10,26,73**	80,75,81,31
अनुसूची 16 - परिचालन व्यय :			
I.	कर्मचारियों को भुगतान और उनके लिए प्रावधान	**13,54,49,88**	11,51,88,22
II.	किराया, कर और रोशनी	**2,05,48,82**	1,74,04,76
III.	मुद्रण और लेखन सामग्री	**32,14,07**	27,42,52
IV.	विज्ञापन और प्रचार	**38,98,42**	1,32,62,98
V.	बैंक की सम्पत्ति पर मूल्यह्रास	**1,60,14,28**	1,36,58,13
VI.	निदेशकों की फीस, भत्ते और व्यय	**90,69**	1,04,46
VII.	प्रबंध / कार्यपालक निदेशक को पारिश्रमिक	**48,94**	48,01
VIII.	लेखा परीक्षकों की फीस और व्यय (शाखा लेखा परीक्षकों सहित)	**27,45,38**	21,49,66
IX.	विधि प्रभार	**11,19,71**	11,47,11
X.	डाक खर्च, तार और टेलीफान आदि	**58,23,03**	39,38,97
XI	मरम्मत और अनुरक्षण	**50,12,53**	38,76,16
XII	बीमा	**1,61,26,13**	1,30,23,25
XIII.	अन्य व्यय	**4,06,92,87**	3,48,67,23
	जोड़	**25,07,84,75**	22,14,11,46

वर्ष 2009-2010 के लेखा की अनुसूचियां

अनुसूची 17-प्रमुख लेखा नीतियांः

1. परंपरागत लेखा प्रणालीः

संलग्न वित्तीय विवरण, जब तक कुछ अन्यथा न कहा गया हो, लाभ अर्जन करने वाले कारोबार सिद्धांत और परंपरागत लागत के आधार पर तथा सांविधिक प्रावधानों तथा भारत में प्रचलित सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन पद्धतियों के अनुरुप तैयार किए गए हैं.

2. राजस्व की पहचानः

i) अन्यथा उल्लेखित न हो तब तक, आय और व्यय की गणना सामान्यतः उपचय आधार पर की गई है.

ii) गैर निष्पादित अग्रिमों(एनपीए) पर आय की पहचान भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित विवेकपूर्ण मानदंडों के अनुसार वसूली की गई सीमा तक की गई है. वर्ष के दौरान एनपीए के रुप में वर्गीकृत अग्रिमों के मामलों में विगत वर्ष लेखों में शामिल की गई तथा वसूली के लिए शेष रही आय को अमान्य किया गया है.

iii) अर्जित कमीशन, विनिमय एवं ब्रोकरेज, सुरक्षित जमा लॉकरों का किराया और बॉयोमैट्रिक्स कार्ड पर कमीशन वसूली आधार पर ही लेखांकित किए गए हैं.

3. निवेश :

i) बैंक का निवेश पोर्ट फोलियो भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के अनुरुप तीन श्रेणियों :

ए) परिपक्वता तक धारित (एचटीएम),

बी) बिक्री के लिए उपलब्ध (एएफएस) और

सी) व्यापार के लिए धारित (एचएफटी) में वर्गीकृत किया गया है.

ii) मूल्यांकन के लिए, भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के अनुसार निम्नलिखित सिद्धांत अपनाए गए हैं :-

ए) i) 'परिपक्वता तक धारित' में निवेश की गई प्रतिभूतियां - अधिग्रहण लागत पर. अंकित मूल्य से अधिक अधिग्रहण लागत, परिपक्वता की शेष अवधि पर परिशोधित है.

ii) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में निवेश संवहन लागत के आधार पर मूल्यांकित किया गया है.

बी) 'बिक्री के लिए उपलब्ध' एवं 'व्यापार के लिए धारित' श्रेणी में धारित प्रतिभूतियांः

क्र.	लिखत	मूल्यांकन मानदंड
i)	भारत सरकार की प्रतिभूतियां	फिक्स्ड इनकम मनी मार्केट एंड डेरिवेटिव एसोसिएशन द्वारा प्रसारित भावों के अनुसार बाजार मूल्य पर .
ii)	राज्य विकास ऋण केन्द्र / राज्य सरकार द्वारा गारटीकृत प्रतिभूतियां, पी एस यू बांड.	फिक्स्ड इनकम मनी मार्केट एवं डेरिवेटिव एसोसिएशन (एफ आई एम एम डी ए) के अनुसार आय वक्र के ऊपर उचित अतिरिक्त स्प्रेड पर .
iii)	इक्विटी शेयर	यदि उपलब्ध हो तो बाज़ार मूल्य पर अन्यथा अद्यतन तुलन पत्र के अनुसार बही मूल्य पर, (बशर्ते कि अद्यतन तुलन-पत्र एक वर्ष से अधिक पुराना हों). दोनों नहीं होने पर रू.1/- प्रति कपनी के अनुसार.
iv)	अधिमानी शेयर	यदि उल्लिखित हो तो, बाजार मूल्य पर या एफआईएमएमडीए के दिशानिर्देशानुसार समुचित परिपक्वता आधार के लाभ पर लेकिन शोधन मूल्य से अधिक नहीं.
v)	डिबेंचर	एफआईएमएमडीए के दिशानिर्देशानुसार, यदि उल्लिखित हो तो बाजार मूल्य पर या समुचित परिपक्वता आधार के लाभ पर.
vi)	म्युचुअल फंड	यदि उल्लिखित हो तो, बाज़ार मूल्य पर या अन्यथा पुनर्खरीद मूल्य या शुद्ध आस्ति मूल्य पर.
vii)	राजकोषीय बिल/ वाणिज्यिक पत्र/जमा प्रमाणपत्र	संवहन लागत पर.
viii)	जोखिम पूंजी निधियां	घोषित एनएवी पर अथवा लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार विश्लेषित एनएवी पर जो कि 18 माह से अधिक पुरानी न हो यदि एनएवी/ लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण लगातार 18 माह से अधिक के उपलब्ध न हो तो रू.1/-प्रति वीसीएफ पर.
ix)	प्रतिभूति रसीदें	प्रतिभूतिकरण कंपनियों द्वारा घोषित एनएवी पर.
x)	विदेशी शाखा	निवेश स्थानीय कानून के अनुसार श्रेणीबद्ध एवं मूल्यांकित किए गए हैं.

सी) i) 'व्यापार के लिए धारित' श्रेणी में धारित की गई प्रतिभूतियां एफ आई एम एम डी ए द्वारा प्रसारित सरकारी प्रतिभूतियों के बाज़ार भाव पर आधारित बाज़ार मूल्य पर

ii) भारतीय रिज़र्व बैंक के विद्यमान दिशानिर्देश के अनुसार अंतर बैंक रेपो / रिवर्स रेपो लेनदेन की गणना की गई है.

iii) बिक्री के लिए उपलब्ध / व्यापार के लिए धारित श्रेणी का मूल्यांकन श्रेणीवार और शेयरवार किया गया है और शुद्ध मूल्यह्रास, यदि कोई है, लाभ हानि खाते में प्रभारित किया गया है जब कि निवल मूल्य वृद्धि का छोड़ दिया गया है.

iv) प्रतिभूतियों का एक श्रेणी से दूसरी श्रेणी में परिवर्तन अधिग्रहण लागत/बहीमूल्य / अंतरण की तारीख को बाजार मूल्य के न्यूनतम स्तर पर किया गया है. ऐसे अंतरण पर मूल्यह्रास, यदि कोई है, तो उसका पूर्ण रूप से प्रावधान किया जाता है.

v) गैर निष्पादक निवेश की पहचान की गयी है और भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुरूप मूल्यह्रास / प्रावधान किया गया है.

vi) किसी भी श्रेणी में निवेशों की बिक्री पर लाभ / हानि को लाभ व हानि खाते में लेखांकित किया गया है. हालांकि, 'परिपक्वता तक धारित' श्रेणी के निवेश की बिक्री से लाभ होने की दशा में, बराबर राशि (यदि कोई कर है तो उसकी राशि सांविधिक आरक्षित को अंतरित राशि घटाकर) पूंजी आरक्षित खाते में विनियोजित की गई है.

vii) प्रतिभूतियों पर कमीशन दलाली, खंडित अवधि का ब्याज आदि लाभ एवं हानि लेखे में नामे/जमा लिखा गया है.

डी डेरिवेटिव संविदा

i) वित्तीय विवरण में जिन आस्तियों या देयताओं को बाज़ार मूल्य या लागत या बाज़ार मूल्य से कम पर दिखाया गया हो, के नामित स्वैप के सिवाय ब्याज वाली आस्ति या देयताओं को संरक्षित करनेवाले ब्याज दर स्वैप उपचित आधार पर लेखांकित किए गए है. स्वैप की समाप्ति पर लाभ या हानि को स्वैप की शेष संविदा अवधि अथवा आस्ति या देयता की शेष अवधि, जो भी कम हो, के अनुसार निधारित किया गया है.

ii) ट्रेडिंग स्वैप संव्यवहार वित्तीय विवरण में दर्ज परिवर्तनों के साथ मार्क-टू-मार्केट आधार पर संपन्न किए जाते हैं :

iii) विकल्प संविदाओं के मामले में फेडाई द्वारा समय समय पर आय की पहचान, प्रीमियम और बट्टे के बारे में जारी दिशानिर्देशों का पालन किया गया है.

4. अग्रिम :

i) सभी अग्रिमों को 4 श्रेणियों (ए) मानक, (बी) अवमानक, (सी) संदिग्ध तथा (डी) हानिकारक आस्तियों के रूप में वर्गीकृत किया गया है तथा ऐसे अग्रिमों पर हानि के लिए आवश्यक प्रावधान भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी विद्यमान विवेकपूर्ण मानदंडों के अनुसार सुनिश्चित किया गया है मानक अग्रिमों के कुछ संवर्ग यथा उपभोक्ता वस्तुओं के लिए ऋण, शैक्षिक ऋण, क्रेडिट कार्ड के जरिए ऋण और अन्य वैयक्तिक ऋणों के लिए की सांविधिक अपेक्षा से 2% अधिक राशि का प्रावधान किया गया है. .

ii) अग्रिम की राशि प्रावधानों तथा विविध खातों में रखे गए अप्राप्त ब्याज और गैर-निष्पादित आस्तियों से संबंधित सीजीटीएफ / ईसीजीसी से प्राप्त दावे की राशि कम करके बताई गई है. मानक अग्रिमों पर प्रावधान ' अन्य देयताएं एवं प्रावधान ' में किया गया है.

5. अस्थिर(फ्लोटिंग) प्रावधान :

भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक में विद्यमान फ्लोटिंग प्रावधान के अलावा अग्रिमों के फ्लोटिंग प्रावधानों के रूप में प्रतिवर्ष कुल एनपीए का न्यूनतम 1% उस समय तक अलग रखने की अनुमोदित नीति है, जब तक कि कुल एनपीए का कवरेज 100% तक नहीं हो जाता.

6. अचल आस्तियां :

i) अचल आस्तियां परंपरागत लागत पर उल्लिखित की गई हैं, जब कि भूमि और भवन पुनर्मूल्यांकित रकम पर उल्लिखित है.

ii) सॉफ्टवेयर सिस्टम को अमूर्त आस्तियों के रूप में पूंजीकृत किया गया है.

iii) अचल आस्तियों के मूल्यह्रास का प्रावधान ह्रासित शेष प्रणाली के अनुसार प्रबंधन द्वारा उचित समझी गयी निम्नांकित दर पर किया गया :-

आस्तियों का प्रकार		मूल्य ह्रास की दर
i)	परिसर	5%
ii)	अन्य अचल आस्तियां	
	- फर्नीचर और फिटिंग्स	10%
	- इलेक्ट्रिक फिटिंग और उपस्कर, कार्यालय उपकरण, एसडीवी/लॉकर्स/स्ट्रांग रूम आदि	15%
	- परिवहन वाहन	20%
	- यू. पी. एस.	33.33%
iii)	आस्तियों के पुनर्मूल्याकन के परिणामस्वरूप जोड़ी गयी राशि पर	संबंधित आस्ति के आर्थिक अवशिष्ट जीवन के आधार पर

iv) कम्प्यूटरों एवं सॉफ्टवेयर सिस्टम पर मूल्यह्रास 33.33% की दर से सीधी रेखा प्रणाली के आधार पर लगाया गया है.

v) 30 सितंबर तक आस्तियों के वृद्धि पर मूल्यह्रास पूर्ण दर से और उसके बाद हुए वृद्धि पर आधे दर से लगाया गया है.

vi) भूमि और भवन का मूल्य अलग-अलग पता न लगा पाने पर परिसर पर मूल्यह्रास संमिश्र लागत पर लगाया गया है.

vii) वर्ष के दौरान बेची/निपटान की गईं आस्तियों पर मूल्यह्रास का प्रावधान नहीं किया गया है.

viii) पट्टे पर ली गयी भूमि का पट्टे की अवधि पर परिशोधन किया गया है.

7. विदेशी विनिमय वाले लेनदेन :

विदेशी मुद्रा स्थिति का पुनर्मूल्यांकन तथा इनसे हुई लाभ - हानियों का लेखांकन

i) वर्ष की समाप्ति पर फेडाई द्वारा अधिसूचित विनिमय दरों पर मौद्रिक आस्तियों एवं देयताओं का पुनर्मूल्यन किया गया है और परिणामी लाभ/हानि को लाभ और हानि खाते में लिया गया है.

ii) आय एवं व्यय मदों को लेनदेन की तारीख पर विद्यमान विनिमय दरों पर अभिलिखित किया गया है.

iii) वायदा विदेशी मुद्रा संविदाओं को वायदा की तारीख पर विद्यमान विनिमय दर पर अभिलिखित किया गया है. फेडाई द्वारा विनिर्दिष्ट परिपक्वताओं और मध्यवर्ती परिपक्वताओं के संविदा के लिए इंटरपोलेटेड दर के अनुसार बकाया वायदा विनिमय संविदाओं का पुनर्मूल्यांकन किया गया है और परिणामी लाभ-हानि को लाभ एवं हानि खाते में दर्शाया गया है.

iv) गारंटी, स्वीकरण, परांकन एवं अन्य बाध्यताओं के कारण आकस्मिक देयताएं वर्ष के अंत में फेडाई द्वारा अधिसूचित विनिमय दर के आधार पर दर्शायी गयी हैं.

v) भारत से बाहर बैंक के प्रतिनिधि कार्यालयों को भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार एकीकृत परिचालन इकाई माना गया है.

8. गैर-एकीकृत विदेशी परिचालन के संबंध में लेखांकन :

अपतटीय बैंकिंग इकाइयों (ओबीयू) एवं विदेशी शाखा का वर्गीकरण गैर--

एकीकृत विदेशी परिचालन के रूप में किया गया है.

ए) अपतटीय बैंकिंग इकाई (ओबीयू)

i) आस्तियों एवं देयताओं (मौद्रिक एवं गैर - मौद्रिक तथा आकस्मिक देयताओं सहित) को फेडाई द्वारा वर्ष की समाप्ति पर अधिसूचित बंद दरों पर दर्शाया गया है.

ii) आय एवं व्ययों को संबंधित तिमाही की समाप्ति पर फेडाई द्वारा संबंधित तिमाही औसत बंद दर पर परिवर्तित किया गया है.

iii) सभी परिणामी विनिमय अंतरों को एक अलग खाते 'विदेशी मुद्रा परिवर्तन आरक्षित'में संचित रखा गया है.

बी) विदेशी शाखा

i) आय पहचान : आय एवं व्यय की पहचान / लेखांकन संबंधित देशों के स्थानीय कानूनों के अनुसार की गयी है.

ii) आस्ति वर्गीकरण और ऋण हानि का प्रावधान : आस्ति वर्गीकरण और ऋण हानि के प्रावधान स्थानीय अपेक्षाओं या भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों, जो सुसंगत हों, के अनुसार किया गया है.

iii) अचल आस्तियां और मूल्यह्रास

ए) अचल आस्तियों का लेखांकन परंपरागत लागत पर किया गया है.

बी) विदेशी शाखा की अचल आस्तियों पर मूल्यह्रास का प्रावधान संबंधित देशों में लागू कानूनों के अनुसार किया गया है.

iv) विदेशी शाखाओं के लिए आस्ति और देयताओं तथा आय एवं व्ययों का परिवर्तन ऊपर उल्लेखित अनुच्छेद 8(ए) (i,ii,iii) के अनुसार किया गया है.

9. कर्मचारी लाभ :

ग्रेच्युटी निधि एवं पेंशन निधि को वार्षिक अंशदान तथा अवकाश नकदीकरण का प्रावधान बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर किया गया है और भविष्य निधि में अंशदान को लाभ एवं हानि खाते में प्रभारित किया गया है. वर्ष के दौरान शुद्ध बीमांकिक लाभों एवं हानियों की पहचान की गयी है.

10. कर निर्धारण

चालू एवं आस्थगित दोनों करों के लिए करों का प्रावधान किया जाता है. कर योग्य आय पर वर्तमान कर दर एवं कर नियमों के अनुसार प्रावधान किया जाता है. समय अंतराल के कारण उत्पन्न आस्तियों एवं आस्थगित कर देयताओं जिन्हें आगामी अवधियों में रिवर्स किया जाना है, की पहचान तुलन पत्र की तारीख तक लागू की गयी कर दरों एवं बनाए जा चुके कर नियमों के अनुसार की गयी है. आस्थगित कर आस्तियों का निर्धारण तब तक नहीं किया जाता है जब तक कि यह 'समुचित निश्चितता' न हो कि ऐसी पर्याप्त भावी कर योग्य आय उपलब्ध होगी जिसके पेटे ऐसे आस्थगित कर आस्तियों की उगाही की जाएगी. अनवशोषित मूल्यह्रास और कर-हानियों को अग्रेषित करने की स्थिति में 'वास्तविक निश्चितता' उपलब्ध होने पर ही आस्थगित कर आस्तियों का अभिनिर्धारण किया जाता है.

11. प्रावधान, आकस्मिक देयताएं और आकस्मिक आस्तियां :

पिछली घटनाओं के परिणामस्वरूप सृजित वर्तमान देयताओं के लिए परिमाणन के प्राक्कलन के ठोस स्तर वाले प्रावधानों का अभिनिर्धारण किया जाता है. यह संभव है कि संसाधनों का बहिर्वाह होगा तथा देयता की रकम का वास्तविक अनुमान किया जा सकेगा. वित्तीय विवरणों में आकस्मिक आस्तियों की न तो पहचान की गयी है न ही उन्हें उद्घाटित किया गया है. आकस्मिक देयताओं का प्रावधान नहीं किया गया है तथा टिप्पणियों के माध्यम से उन्हें उद्घाटित किया गया है.

<u>अनुसूची 18 - लेखों पर नोट्स</u>

1. बहियों का मिलान, अंतर शाखा/बैंक लेनदेनों का समाधान :

i) कुछ मामलों को छोड़कर विदेशी और अन्य बैंकों के साथ शेष की पुष्टि /समाधान सामान्यतया प्राप्त किया गया है/जाता है.

ii) उचंत खाता, विविध जमा, समाशोधन समायोजन, बैंक समाधान विवरण और विभिन्न अंतर-शाखा /कार्यालय खातों में बकाया प्रविष्टियों के समायोजन का काम जारी है. शाखाओं द्वारा रखे जाने वाले केन्द्रीय कार्यालय लेखा का समाधान 31 मार्च 2010 तक पूरा कर लिया गया है.

iii) उपर्युक्त 1 और 2 में यदि कोई अंतिम समाधान लंबित है तो प्रबंधन के विचार से उसका लेखों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा.

2. निवेश :

I. भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, रु.100.09 करोड़ की राशि (पिछले वर्ष के लिए रु.217.08 करोड़) को ''परिपक्वता के लिए धारित'' श्रेणी की प्रतिभूतियों की बिक्री पर लाभ के बराबर राशि ''पूंजी आरक्षित निधि खाता'' में अंतरित की गई है.

II. ''परिपक्वता के लिए धारित'' श्रेणी के संबंध में महत्वपूर्ण लेखा नीति क्र. 3(ii) (ए), में उल्लेख के अनुसार वर्ष के दौरान परिशोधित प्रतिभूतियों के अंकित मूल्य पर अर्जन लागत का आधिक्य रु.96.21 करोड़ (पिछले वर्ष रु.111.55 करोड़) रहा है.

III. शेयर, परिवर्तनीय डिबेंचर्स तथा इक्विटी संबद्ध म्युचुअल फंड / वेंचर्स कैपिटल फंड की यूनिटों में किया गया निवेश और शेयर के पेटे अग्रिम कुल रु.1289.39 करोड़ रहा (पिछले वर्ष रु.938.68 करोड़ था).

3. अचल आस्तियां :

बैंक द्वारा धारित रु.6.84 करोड़ (विगत वर्ष में रु.7.20 करोड़) ह्रासित मूल्य की 5 अचल संपत्तियों के विषय में दस्तावेजीकरण औपचारिकताएं पूरी की जानी हैं, जिनके विषय में कार्रवाई की गई है. भूमि और भवन का पुनर्मूल्यांकन उचित बाजार मूल्य पर एक अनुमोदित मूल्यांकक द्वारा दिनांक 31.03.1995 को किया गया था, जिसे 30 नवंबर 2007 को अनुमोदित मूल्यांककों द्वारा उचित बाजार मूल्य पर फिर से पुनर्मूल्यांकित किया गया था. इन पुनर्मूल्यांकनों से हुई मूल्य में वृद्धि अर्थात् दिनांक 31.03.1995 के अनुसार रु.456.59 करोड़ की रकम और 30.11.2007 के अनुसार रु1290.68 करोड़ की रकम को पुनर्मूल्यांकन आरक्षित में जमा किया गया है और उस पर आरोपित रु.69.94 करोड़ के मूल्यह्रास (पिछले वर्ष रु.38.42 करोड़) को उसमें से घटाया गया है.

4. आयकर :

बैंक मानता है कि इसके खातों में आयकर के लिए किया गया प्रावधान पर्याप्त है.

5. टियर I तथा टियर II पूंजी के रूप में अर्जित निधि :

वर्ष के दौरान बैंक ने टियर I एवं टियर II पूंजी के लिए रु.200 करोड़ के शाश्वत बांड और रु.1000 करोड़ के अपर टियर II बांड के माध्यम से अतिरिक्त फंड जुटाए (पिछले साल शाश्वत बांड रु.340 करोड़ और गौड़ बांड रु.800 करोड़ थे) और यह राशि तुलनपत्र की अनुसूची 4 में ''उधार'' के अंतर्गत दिखायी गयी है.

6. मानक अग्रिमों पर प्रावधान :

डेरीवेटिव्स पर ऋण जोखिम एक्सपोज़र 0.40% की दर से रु.516.06 करोड़ (पिछले वर्ष रु.495.11 करोड़) रहा. कुछ विशिष्ट संवर्ग के मानक अग्रिमों, जैसे उपभोक्ता वस्तुओं के लिए ऋण, शिक्षा ऋण, क्रेडिट कार्ड के ज़रिए ऋण तथा अन्य वैयक्तिक ऋणों के लिए सांविधिक अपेक्षाओं से अधिक 2% अतिरिक्त प्रावधान रु.52.38 करोड़ (पिछले वर्ष रु.39.61 करोड़) किया गया है.

7. भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार अतिरिक्त प्रकटन इस प्रकार है :

7.1 पूंजी (रु. करोड़ में)

		31.03.2010	31.03.2009
i)	सीआरएआर (%)	12.51	13.27
ii)	सीआरएआर - टियर I कैपिटल (%)	7.91	8.19
iii)	सीआरएआर - टियर II कैपिटल (%)	4.60	5.08
iv)	भारत सरकार के शेयर होल्डिंग का प्रतिशत	55.43	55.43
v)	आईपीडीआई निर्गम के द्वारा अर्जित राशि	200	340
vi)	अपर टियर II लिखतों के निर्गम द्वारा अर्जित राशि	1000	-

